kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-136 ❑ मंगलवार, 16 जून 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के संबंध में अमेरिका और ईरान के बीच हुई समझ का स्वागत करता हूँ, भारत को आशा है कि इस समझ के कार्यान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता की पुनर्स्थापना में सहायता मिलेगी। नरेन्द्र मोदी

जमीन से हमला करने वाली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण 11

सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब 12

## संक्षेप

### बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम आज

**लखनऊ।** यूपी में बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय राजधानी के राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में परिणाम जारी करेंगे। बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई को हुआ था। परीक्षा में दोनों पालियों में 400107 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। बीएड प्रवेश परीक्षा के आयोजन का जिम्मा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को सौंपा गया था।

### अभिषेक बनर्जी के करीबी सुमित रॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**कोलकाता।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले की एक अदालत ने सोमवार को जमीन घोटाले के मामले में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के करीबी सुमित रॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह वारंट तब जारी किया गया, जब जांचकर्ताओं ने अदालत को बताया कि कई कोशिशों के बावजूद रॉय का पता नहीं चल सका है। अधिकारी ने बताया कि हमने गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत का रुख किया था। अदालत ने हमारी याचिका स्वीकार कर ली है। उधर, रॉय ने अग्रिम जमानत के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनके वकील ने जस्टिस जॉय सेनगुप्ता की बेंच के सामने यह मामला रखा। तलाशी अभियान के तहत पुलिस टीम केंद्रीय बलों के साथ शनिवार को बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर पहुंची थी। जांचकर्ताओं ने उस इलाके से रॉय के मोबाइल फोन की आखिरी लोकेशन का पता लगाया और परिसर की तलाशी ली।

### चंदा गबन मामले में एसआईटी जांच शुरू

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दान पेटिका में कथित अनियमितता के मामले की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय एसआईटी सोमवार दोपहर करीब 2 बजकर 53 मिनट पर अयोध्या पहुंच गई। टीम ने मामले से जुड़े दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जांच की मांग किए जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी का गठन किया था। रविवार को अवकाश होने के कारण टीम सोमवार को अयोध्या पहुंची। शासन की ओर से एसआईटी को सात दिनों के भीतर प्रारंभिक आंतरिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जबकि 15 दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी। टीम मामले से जुड़े सभी तथ्यों, दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों की बारीकी से जांच करेगी। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस प्रकरण को लेकर अब सभी की निगाहें एसआईटी की जांच और उसकी अंतिम रिपोर्ट पर टिकी हैं। श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं के दान और चंदे की कथित हेराफ़ेरी को लेकर श्रद्धालुओं और आम जनता के बीच गुस्सा बढ़ गया है।

# अब 'कुबेर' भी आना चाहते हैं जेवर : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर का इलाका अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां 'कुबेर' भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कर्मशियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए इंडिगो के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों से संवाद कर रहे थे। यह किसान जेवर से लखनऊ के लिए संचालित पहली फ्लाइट से आज राजधानी पहुंचे। इन किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर स्वागत व सम्मान किया गया। यहां किसानों ने अपने उद्गार व्यक्त किए और मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया और उनके प्रति आभार भी प्रकट किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर का इलाका अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां 'कुबेर' भी आना चाहते हैं।

योगी ने कहा कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया तो मैंने नोएडा के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 दिन के भीतर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो जाए, लेकिन इस अवधि तक कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। मैंने वहां पहुंचकर समीक्षा बैठक ली तो पता चला कि कोई प्रगति नहीं हुई है। तब मैंने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में लगभग 100 किसानों के साथ बैठक की। मैंने कहा कि एयरपोर्ट बनाना है, लेकिन किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। असमंजस की स्थिति थी। मैंने कहा कि हम यहां विकास करना चाहते हैं, फिर भी लोगों ने मना कर दिया। मैंने अनुरोध किया कि एक घंटे का समय है, सोचिए। यह एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि विकास का मॉडल क्या होता है, यह दिखाने का समय है। वक्त सबका आता है, कुछ बन जाते हैं और कुछ बिखर जाते हैं। जो अवसर का लाभ लेता है, इतिहास उसी का बनता है। जो मौके को गंवा देता है, वह अवसर से बिखर जाता है। आपने मुझ पर विश्वास किया और विधायक धीरेंद्र सिंह ने सहयोग किया। इस कार्य को यीडा व उप्र के नागरिक उड्डयन विभाग ने युद्धस्तर पर बढ़ाया तो परिणाम यह रहा कि 13 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण पर कार्य शुरू हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि चार फ़ेज में एयरपोर्ट बनेगा, पहले फ़ेज की कार्रवाई पूरी हो गई है। उन्होंने ने कहा कि भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कर्मशियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी उप्र, प्रदेश व देश के एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की और योगदान किसानों का है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस कड़ी को जोड़ा है।




❑ मुख्यमंत्री ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निर्माण के लिए भूमि समर्पित करने वाले किसानों से किया संवाद

❑ जेवर से लखनऊ के लिए संचालित पहली फ्लाइट से राजधानी पहुंचे किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर अब पुराना जेवर नहीं रहा, इसने इतिहास रच दिया है। जेवर क्षेत्र नौ साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। शाम होते आवागमन बंद हो जाता था। बेटी असुरक्षित थीं, नौजवान के सामने भविष्य का संकट और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। किसानों का उत्पीड़न भी किसी से छिपा नहीं था। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, स्कूल, रोजगार, गरीबों के लिए कोई पहल नहीं होती थी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। अन्न, फल, मत्स्य, सब्जी आदि पैदा करने वाला उत्तर प्रदेश का किसान यहां कार्गो से अपने उत्पादों को दुनिया में पहुंचाएगा। स्थानीय बाजार में उसे दाम भले कम मिले, लेकिन दुनिया के बाजार में कई गुना दाम मिलेगा। आम का दाम यहां अधिकतम 50 रुपये पहुंचेगा, लेकिन दुनिया के बाजार में 800 से 1000 रुपये किलो बिकता है। 200 रुपये प्रति किलो कार्गो खर्च जोड़ लें, तब भी किसान को 600 रुपये का लाभ मिलेगा। जिस किसान को यहां 10 रुपये प्रति किलो का लाभ नहीं मिल पा रहा, उसे 600 रुपये का लाभ मिलेगा तो वह समृद्ध बनेगा। योगी ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट, सेमीकंडक्टर यूनिट, डेटा सेंटर, फिल्म सिटी, ट्वाय पार्क, अपरैल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स की विश्व स्तरीय सिटी भी जेवर क्षेत्र में स्थापित होगी। विश्व रैंकिंग वाले दुनिया ● शेष पेज 11 पर

### 28 महिलाओं समेत कुल 170 किसानों ने की हवाई यात्रा

मुख्यमंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार जितना बोलती है, उतना करती है। इससे आपको कभी निराश-हताश नहीं होना पड़ेगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास का अभियान निरंतर बढ़ता रहेगा। अपनी जमीन से पहली फ्लाइट में बैठकर मुख्यमंत्री आवास तक की यात्रा में आप भागीदार बने। 28 महिलाओं समेत कुल 170 किसान यहां आए, विश्वास है कि यहां से जेवर लौटकर आप सब इस शानदार यात्रा को स्मृतियों में बनाए रखेंगे।

# महंगे ईंधन और ऊर्ज़ा के कारण मई में थोक महंगाई बढ़ी



एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट का असर बीते महीने के थोक महंगाई सूचकांक पर देखने को मिला है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते मई में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर 9.68 प्रतिशत रही है, जो अप्रैल में 8.26 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर सीधे थोक महंगाई में 1.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। थोक महंगाई के आंकड़े बताते हैं कि मई में सबसे अधिक ईंधन एवं ऊर्जा श्रेणी में 30.33 प्रतिशत की महंगाई दर्ज की गई है, जिसका असर अन्य क्षेत्रों पर भी देखने को मिला है। जैसे विनिर्माण क्षेत्र की महंगाई दर 7.48 प्रतिशत रही है और प्राथमिक वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई दर 4.99 प्रतिशत दर्ज की गई। इससे साफ है कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का असर थोक महंगाई को बढ़ाने में सबसे अधिक रहा है क्योंकि पेट्रोलियम उत्पाद की महंगाई 49.82 फीसदी रही है जबकि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की महंगाई 61.51 फीसदी तक पहुंच गई। इन सब उत्पादों की कीमतों में तेजी का असर अन्य क्षेत्रों पर भी देखने को मिला है। रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, लोहा-इस्पात भी महंगा हुआ है।

❑ खाद्य महंगाई भी बढ़ी, नई शृंखला के तहत 957 वस्तुओं के लिए गए आंकड़े


खाद्य सूचकांक में बीते 4.49 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की गई जबकि अप्रैल में खाद्य सूचकांक की सालाना वृद्धि दर 3.11 रही थी। खाद्य सूचकांक में प्राथमिक खाद्य वस्तुएं और खाद्य प्रसंस्कृत उत्पाद शामिल होते हैं। पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने की वजह से उत्पादन लागत और परिवहन लागत बढ़ी है, जिसका असर खाद्य वस्तुओं की थोक महंगाई पर भी देखने को मिला है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आर्थिक सलाहकार कार्यालय ने थोक मूल्य सूचकांक की नई शृंखला जारी कर दी है। डब्ल्यूपीआई का आधार वर्ष 2011-12 की जगह 2022-23 हो गया। इसके साथ ही, सोमवार को पहली बार आउटपुट प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (ओपीपीआई), ट्रायल इनपुट प्रोड्यूसर ● शेष पेज 11 पर

# ट्रम्प का समझौता हमारे लिए बाध्यकारी नहीं : इजरायल

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान के बीच हुए बड़े राजनयिक समझौते का यूरोप तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वागत किया जा रहा है और इसे पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने वाला बड़ा मोड़ माना जा रहा है लेकिन इजरायल इस समझौते का विरोध कर रहा है। इजरायल के वरिष्ठ नेताओं का साफ कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता में हुआ कोई भी समझौता इजरायल को अपनी सुरक्षा के खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक नहीं सकता। यह नया मतभेद दिखाता है कि महीनों से चल रहे इस क्षेत्रीय संघर्ष को रोकना कितना जटिल और उलझा हुआ है। एक तरफ जहां यूरोप से लेकर एशिया-प्रशांत तक की सरकारें इस समझौते की तारीफ कर रही हैं, क्योंकि इससे तनाव कम होगा, जरूरी व्यापारिक रास्ते फिर से खुलेंगे और ईरान के परमाणु मुद्दे पर दोबारा बातचीत शुरू हो सकेगी, वहीं दूसरी तरफ, इजरायल के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अमेरिका-ईरान के बीच चाहे जो भी समझौता हुआ हो, इजरायल अपनी सुरक्षा के लिए कदम उठाने का पूरा अधिकार रखता है। कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पक्षों की मध्यस्थता के प्रयासों के बाद रविवार को घोषित इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम जारी रखने तथा ईरान ● शेष पेज 11 पर

❑ अमेरिका-ईरान समझौते को मिला वैश्विक समर्थन



### एनसीपीआई का दावा- वह बंगाल का सबसे बड़ा संसदीय गुट है

कोलकाता। तृणमूल के 20 बागी सांसदों के नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल होने के बाद पार्टी ने दावा किया है कि वह पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा संसदीय गुट है। पार्टी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 20 लोकसभा सांसदों के साथ एनसीपीआई पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी संसदीय ताकत बनकर उभरी है और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की आवाज को आकार दे रही है। आंकड़े खुद सब कुछ बयां करते हैं। नेतृत्व, प्रतिनिधित्व और जनता का जनादेश ही पश्चिम बंगाल और भारत के भविष्य को तय करते हैं। पार्टी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में टीएमसी के सभी 20 बागी सांसदों का अलग-अलग स्वागत किया और कहा कि उनका लंबे समय का राजनीतिक अनुभव, जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ाव और जनता के प्रति प्रतिबद्धता पार्टी को मजबूत और समृद्ध बनाएगी। उधर, त्रिपुरा में रजिस्टर्ड, लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त इस पार्टी का पता हावड़ा जिले के संकराइल इलाके में मिला। यह प्रॉपर्टी उत्तिया ● शेष पेज 11 पर

# ट्रांसजेंडर संशोधन कानून की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट में मंथन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार की उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किये, जिनमें विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कई मामलों को स्थानांतरित करने की मांग की गयी है। इन याचिकाओं में 'ट्रांसजेंडर (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026' की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहन की एक अवकाशकालीन पीठ ने निर्देश दिया कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित सभी संबंधित मामलों की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक रहेगी। पीठ ने उन याचिकाकर्ताओं को भी नोटिस जारी किये, जिन्होंने उच्च न्यायालयों में 'ट्रांसजेडर (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026' को चुनौती दी है और केंद्र की स्थानांतरण याचिकाओं पर उनसे जवाब मांगा है। पीठ ने टिप्पणी की कि वह या तो सभी याचिकाओं को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित कर सकती है या उन्हें एक साथ जोड़कर फैसले के लिए किसी एक विशेष उच्च न्यायालय को सौंप सकती है। केंद्र सरकार ने राजस्थान, कर्नाटक, केरल और दिल्ली उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को स्थानांतरित करने की मांग की है। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से आग्रह किया कि यदि मामलों को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित किया जाता है तो उनकी सुनवाई तीन जजों की पीठ को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 का नालसा फैसला, जो 'ट्रांसजेडर (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026' की चुनौतियों का आधार है, उसे दो जजों की पीठ ने सुनाया था।

❑ संशोधन अधिनियम-2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नोटिस, विभिन्न हाईकोर्टों की कार्यवाही फिलहाल स्थगित



### आधार के दुरुपयोग संबंध याचिका पर सुनवाई आज

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आधार के दुरुपयोग के आरोप संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में आरोप लगाया गया कि इसका इस्तेमाल नागरिकता, निवास स्थान और आवासीय पते के प्रमाण के रूप में किया जा रहा है, और इसके उपयोग को केवल पहचान सत्यापन तक सीमित करने के निर्देश देने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

# योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सोमवार को यह जानकारी दी।

जाधव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रखी गई है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र में सेहत को बनाए रखने में योग की भूमिका पर प्रकाश डालती है। उन्होंने कहा, इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। जाधव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है और दुनियाभर में लगभग 2,500 जगहों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग एक वैश्विक जन-आंदोलन बन गया है और दुनियाभर में लाखों लोगों ने इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया है। जाधव ने कहा कि इस साल की थीम हमारे समय की सबसे अहम जरूरतों में से एक पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि योग बढ़ती उम्र के साथ स्वस्थ, सक्रिय, आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से मजबूत जीवन जीने में ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री लेंगे हिस्सा





### भारत- स्लोवाकिया ने रक्षा, एआई और आतंकवाद-रोधी सहयोग समेत 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किये

# टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली/ ब्रातिस्लावा। भारत और स्लोवाकिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'समग्र साझेदारी' के स्तर तक उन्नत करते हुए रक्षा सहयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वास्थ्य क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में 11 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों को दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, हमारे आत्मीयता भरे स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको अनुभवी नेता होने के साथ भारत के सच्चे मित्र हैं। भारत स्लोवाकिया के संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में उनकी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता का विशेष महत्व रहा है। मुझे खुशी है कि आज उनसे मिलकर हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का शुभ अवसर मिला। मेरी ये यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है।



पीएम मोदी ने कहा कि, इंडिया-ईयू, एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। हम इसके जल्द से जल्द इम्प्लीमेंटेशन के लिए काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप्स और ट्रेडर्स इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आज किए गए समझौते इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग की नई संभावनाएं बनाएंगे। मुझे खुशी है कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर इंडिया चेयर स्थापित की जा रही है। एआई मानवता की सेवा और प्रगति का सशक्त माध्यम बने, यही हमारी साचा सोच है। हमारा मानना है कि एआई का भविष्य केवल इनोवेशन से नहीं बल्कि ट्रस्ट, रिस्पॉन्सिबिलिटी और ह्यूमन डिग्निटी पर आधारित होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी भी दोनों देशों के लिए मुख्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। हमने इस क्षेत्र में दोनों देशों की इंडस्ट्रीज और एक्सपर्ट्स के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। रक्षा सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और स्ट्रेटेजिक कन्वर्जेंस का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आज हमने 'लेटर ऑफ इंटेंट' साइन किया। इससे साझा विकास, साझा उत्पादन और डिफेंस इंडस्ट्रीज के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी। वैश्विक मंच पर भी भारत और स्लोवाकिया करीबी सामंजस्य से आगे बढ़ रहे हैं। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। पीएम ने कहा, दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक और लोगों के आपसी संबंध हमारे संबंधों को मज़बूत आधार प्रदान करते हैं। भारत के प्राचीन उपनिषदों का स्लोवाक भाषा में अनुवाद किया जाना हमारी सांस्कृतिक निकटता का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्लोवाकिया में रहने वाले भारतीय मूल के लोग यहां की अर्थव्यवस्था और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 2017 में स्लोवाकिया की पहली सैटेलाइट भारत द्वारा लांच की गई थी। आज भारत में स्पेस सेक्टर अभूतपूर्व गति से नई ऊंचाइयां छू रहा है। मैं स्लोवाकिया की कंपनियों को इस विकास-यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। इस मौके पर स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने कहा, मैं बहुत सम्मान के साथ भारत के स्वतंत्र नज़रिए और रुख का पालन करता हूं और स्लोवाक गणराज्य के प्रधानमंत्री के तौर पर मैं स्लोवाकिया की एक ऐसी स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता हूं जो चारों दिशाओं पर केंद्रित है। मैं बहुत सम्मान के साथ देखता हूं कि अंतरराष्ट्रीय कानून आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। रॉबर्ट फिको ने कहा, आज हमने ● शेष पेज 11 पर

# वरूण विहार और नैमिष नगर योजना एक साथ होगी लॉन्च

❒ वरूण विहार और नैमिष नगर योजना एक साथ होगी लॉन्च

❒ 3100 से अधिक भूखंडों के लिए खुलेगा पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी में आवासीय निवेश और नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी महत्वाकांक्षी वरूण विहार और नैमिष नगर योजनाओं को एक साथ लॉन्च करने जा रहा है। दोनों योजनाओं के चार सेक्टरों में करीब 3100 आवासीय भूखंडों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण खोला जाएगा। इन भूखंडों का आकार 72 वर्गमीटर से लेकर 450 वर्गमीटर तक होगा। सोमवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पारिजात सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों योजनाओं की लॉन्चिंग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं में 18 मीटर से 45 मीटर चौड़ी मास्टर प्लान सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश भी दिए। उपाध्यक्ष ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे के किनारे लगभग 6580 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही वरूण विहार योजना राजधानी के पूर्वी और दक्षिणी हिस्से के विकास की नई धुरी बनेगी। इस योजना के तहत करीब 3.5 लाख लोगों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। साथ ही उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और लॉजिस्टिक सेक्टर को भी नई गति मिलेगी वरूण विहार योजना के पहले चरण में कुल 1926 आवासीय भूखंड लॉन्च किए जाएंगे। इनमें कैलाश खंड के 1218 और काशी खंड के 708 भूखंड शामिल हैं। योजना में 800 एकड़ से अधिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट, पार्क और वॉटर बॉडी विकसित की जाएंगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स, सेंट्रल पार्क और 300 एकड़ में लॉजिस्टिक पार्क भी प्रस्तावित हैं। वहीं, आईआईएम रोड क्षेत्र में प्रस्तावित लगभग 3600 एकड़ की नैमिष नगर योजना को लखनऊ के उत्तरी क्षेत्र के विकास मॉडल के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस योजना के पहले चरण में 1179 आवासीय भूखंडों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। इनमें ब्रह्मा खंड के 669 और भूमि खंड के 510 भूखंड शामिल होंगे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में अयोजित हुई विभागीय समीक्षा बैठक

❒ मंत्री ने नगर निकायों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को समरूबद्ध पूरा करने का दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने आज सर्किट हाउस सभागार, वाराणसी में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने नगर निकायों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

नगर विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नालियों एवं जलनिकासी तंत्र की व्यापक सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी नगर निकाय पूर्व तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने सड़क किनारे एवं डिवाइडरों के आसपास फैली गंदगी को हटाने, वहां पौधरोपण कर सुंदरीकरण करने तथा नगरों को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, हरियाली और बेहतर शहरी आधारभूत सुविधाएं किसी भी शहर की पहचान होती हैं, इसलिए नगर निकाय नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्माणाधीन एवं संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर विकास से संबंधित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तेलीबाग वृंदावन योजना सेक्टर 6सी मेलरोज एवेन्यू एपार्टमेंट में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एपार्टमेंट के सैकड़ों लोगों ने निशुल्क कैम्प का लाभ उठाया ।डा अरुण यादव ने पत्रकारों को बताया कि इस शिविर में आये सैकड़ों लोगों का जांच कर उन्हें बीमारी के इलाज़ के साथ अपने जीवनचर्या को सही कर स्वस्थ स्वस्थ जीवन जीने की गुरु दिया गया। डॉ अरूण ने कहा हम एक अभियान के तहत डायबिटीज मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व जागरुकता अभियान इसी संकल्प का आहूत रहा है उन्होंने कहा जब हमारे देश के लोग स्वस्थ रहेंगे तभी हमारा देश तरक्की करेगा क्योंकि सबसे बड़ा धन स्वास्थय है जब व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तभी देश के लिए कुछ कर पाएगा। इस कैंप में निशुल्क जांच व दवाओं का वितरण किया गया। डॉ शालिनी मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर की आवश्यकता है क्योंकि आज भी समाज में महिलाएं कहीं न कहीं पीछे है अपनी कुछ समस्याओं पर खुलकर बात नहीं कर पा रही हैं। शिविर में डॉ एस आनंद व डॉ एपी मिश्रा न्यूरो सर्जरी, डॉ सिद्धान्त शुक्ला व डॉ लक्ष्मी कांत शुक्ला आदि ने मरीजों का इलाज किया।



## मण्डल रेल प्रबंधक ने संरक्षा कार्य के लिए 14 कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के 'संकल्प सभागार' में सोमवार को सतर्कता पूर्वक कार्य करने वाले 14 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने जिम्मेदारी से कार्य करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया, जिससे दुर्घटनाओं को रोक जा सका। आप लोगों द्वारा इसी तरह अच्छा कार्य करने से आपके साथी कर्मचारियों को अधिक अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। रेल का सुरक्षित और संरक्षित परिचालन हम सभी की जिम्मेदारी है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों ने हाट एक्सल, आग, फ़्लैट टायर, हैंगिंग पार्ट, हैवी ब्रेक बाइंडिंग, स्प्रिंग ब्रोकन असामान्य आवाज, यात्री का गाड़ी से गिरना जैसी घटनाओं पर तत्काल कार्यवाही की, जिससे दुर्घटनाओं को रोक जा सका। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल से पुरस्कार प्राप्त करने वाले 14 कर्मचारी मो. इमरान हबीब लोको पायलट टूण्डला; शोभित कुमार सहायक लोको पायलट टूण्डला; राजेश चन्द्र यादव लोको पायलट छिवकी; पवन कुमार पटेल सहायक लोको पायलट छिवकी; कृष्ण कुमार पटेल पॉइंट्समैन ङ्कएङ्क डगमगपुर; अमित कुमार मिश्रा ट्रेन मैनेजर गुड्स न्यू कानपुर; रोहित कुमार स्टेशन मास्टर कौरारा; श्रीमती माया देवी पॉइंट्समैन अलीगढ़; ओम प्रकाश भारतीया ट्रेन मैनेजर जीएमसी; राम कुमार मीना, तकनीशियन टूण्डला; चितरंजन कुमार तकनीशियन; दीप कुमार यादव तकनीशियन एवं सूरज दास भगत तकनीशियन कानपुर; देवेन्द्र आर्या तकनीशियन प्रयागराज हैं। पीआरओ ने बताया कि इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक परिचालन मो. मुबश्शिर वारिस; वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी यूसी शुक्ला; वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक समन्वय डॉ. शिवम शर्मा; वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक फ्रेट अतुल यादव; वरिष्ठ मण्डल मैकेनिकल इंजीनियर कोचिंग शिव सिंह; वरिष्ठ मंडल मैकेनिकल इंजीनियर ओ एफ़, विकास चौरसिया; वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय मो. जावेद अख्तर एवं अन्य अधिकारी व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड में आयोजित जन चौपाल में नागरिकों ने रखीं समस्याएं

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत सोमवार को जोन–7 के लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड में जन चौपाल का आयोजन महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में किया गया। जन चौपाल में क्षेत्रीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव महापौर के समक्ष रखे। जन चौपाल के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सीवर व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाइट, डोर–टू–डोर कूड़ा उठान एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। नागरिकों ने विशेष रूप से सीवर सफाई कार्यों में लापरवाही एवं गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें दर्ज कराईं। सीवर सफाई में स्वेज द्वारा बरती जा रही लापरवाही की शिकायत पर माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने मौके पर ही स्वेज के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जोन–7 में सीवर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु 15 दिनों के भीतर सभी आवश्यक कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। महापौर ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतों पर महापौर ने जलकल विभाग के संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) को भी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि पेयजल से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में ही सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री अभिनव रंजन श्रीवास्तव जी, मा0 पार्षद श्री सुरेंद्र वाल्मीकि जी, पूर्व पार्षद श्री राकेश सिंह जी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री विनय कुमार राय जी, जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद जी सहित नगर निगम एवं जलकल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन चौपाल में प्राप्त सभी शिकायतों पर निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और जन चौपाल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शंकरगढ़ में जनकल्याण शिविर का शुभारम्भ

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को शंकरगढ़ ब्लॉक परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं संगोष्ठी का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आमजन को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने कहा कि सरकार की मंशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ सहज रूप से मिल सके।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को पहले सात दिन तक मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को त्वरित और कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।



कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने कहा, ्रपीएम-राहत योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर और कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए अस्पतालों, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए समन्वित रूप से कार्य करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना के बाद उपचार के पहले सात दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना सड़क दुर्घटना के सभी पात्र पीड़ितों पर लागू होगी, चाहे दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग अथवा शहरी सड़कों पर हुई हो।

योजना के तहत अस्पतालों को उपचार पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति मोटर वाहन दुर्घटना कोष से की जाएगी तथा पूरी प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद स्वर्णिम समय में गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए पीएम-राहत योजना को प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी पीड़ित के पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध है, तब भी उसे प्राथमिकता के आधार पर पीएम-राहत योजना के अंतर्गत भर्ती कर उपचार प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ केवल उन्हीं पीड़ितों को मिलेगा, जिन्हें दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया गया हो। निर्धारित समय सीमा के बाद भर्ती होने वाले मरीज पीएम-राहत योजना के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करने के लिए पुलिस द्वारा ई-डीएआर प्रणाली पर समयबद्ध रूप से विक्टिम आईडी बनाना आवश्यक है। विक्टिम आईडी के अभाव में पीड़ित को योजना का लाभ मिलने में कठिनाई हो सकती है। इसी कारण पुलिस एवं अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय तथा समयबद्ध कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया।

# उप्र में पीएम आवास योजना में बड़ा घोटाला, गरीबों के हक पर डाका डाला : वंशराज दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश के 427 लाभार्थियों द्वारा अलग-अलग निवास और पहचान दिखाकर दो-दो आवास हासिल किये गये हैं। यह दावा करते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने घोटाला का आरोप लगाया है।

उन्होंने सोमवार को राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि यह सिर्फ योजना में गड़बड़ी नहीं बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के अधिकारों की खुली लूट है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में सामने आया यह मामला साबित करता है कि प्रदेश में सुशासन और पारदर्शिता के दावे केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित हैं जबकि जमीन पर भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन उत्तर प्रदेश में इसका लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंचने के बजाए फर्जीवाड़े और साठगांठ का शिकार हो गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में प्रदेश के 427 ऐसे लोगों की पहचान हुई है जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दोनों का लाभ उठाकर दो-दो आवास हासिल कर लिए। ललितपुर में 50, बांदा में 26, सीतापुर और प्रतापगढ़ में 21-21 मामलों का सामने आना बताता है कि यह कोई इक्का-दुक्का गलती नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है।




# मंडल रेल प्रबंधक ने मऊ जं. स्टेशन के आधुनिकीकरण कार्यो का किया निरीक्षण

❒ अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मऊ स्टेशन का हो रहा आधुनिकीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने अपने मंडलीय अधिकारियों के साथ आज दिनांक 15 जून 2026 को वाराणसी मंडल के औंड़िहार–भटनी रेल खंड पर स्थित मऊ जं. स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के विकास एवं आधुनिकीकरण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने स्टेशन परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया गया तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन भवन, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, दिव्यांगजन सुविधाएं, पार्किंग क्षेत्र, यात्री सूचना प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तथा समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यात्री सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुगम, सुरक्षित एवं यात्री–अनुकूल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। योजना के पूर्ण होने पर यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा स्टेशन क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय श्री विकास सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर श्री विनीत कुमार , वरिष्ठ मंडल सिंगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ए।ड) श्री अभिनव पाठक ,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री एस रामकृष्णन ,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(क्गक्ख्र) श्री अभिषेक राय वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर श्री सौरभ राठौर, मंडल परिचालान प्रबंधक श्री रमेश पाण्डेय, सहायक मंडल इंजीनियर मऊ श्री सुनील पाण्डेय, कोचिंग डिपो अधिकारी श्री सदाम हुसैन,सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक उपस्थित थे।

# कोरांव में बंद मकान में चोरी का प्रयास



❒ खिड़की तोड़कर घुसे चोर, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव के शास्त्री नगर मोहल्ले में एक बंद मकान में चोरी का प्रयास किया गया। अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में घुसने की कोशिश की, लेकिन वे सामान चुराने में सफल नहीं हो पाए। यह घटना पुलिस थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर हुई। चोरों ने पहले खिड़की की ईंटें हटाकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने दरवाजा, खिड़की और छत की ओर से कमरों में घुसने का पूरा प्रयास किया। चोरों ने कई कुंडी तोड़ने की कोशिश की, जिससे वे टेढ़ी हो गईं। वे बरामदे तक पहुंच गए थे, लेकिन घर के अंदर रखा कोई भी सामान नहीं ले जा सके। घटना की सूचना राधेश्याम तिवारी पुत्र स्वर्गीय बृज वासी, निवासी पटेहरी, थाना कोरांव ने 112 नंबर पुलिस को दी। 112 की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। उन्होंने थाना कोरांव को भी इसकी सूचना दी। पीड़ित ने दोपहर तक थाना कोरांव जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन थाना कोरांव से कोई पुलिसकर्मी मौके पर देखने तक नहीं पहुंचा। शास्त्री नगर मोहल्ले में पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। इस कारण चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने हासिल की कई अभूतपूर्व उपलब्धियां: सनी सरना

कनावज टाइम्स सवाददाता

लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल 2014 से 2026 के कार्यकाल में भारत ने आर्थिक सामाजिक और रणनीतिक क्षेत्र में कई ऐतिहासिक बदलाव देखे हैं इन वर्षों में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, डिजिटल इंडिया, कल्याणकारी योजनाएं और बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास की उपलब्धियां रही है। नरेंद्र मोदी सबसे अधिक कार्यकाल पूरा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं उन्होंने पंडित नेहरू के कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा कर रहे हैं वर्ष 2029 के आगामी लोकसभा के चुनाव में भाजपा एक बार प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी यह बात ह्यूमन राइट मिशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता सनी सरना ने कहीं। उन्होंने कहा कि देश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से देश का चौमुखी विकास हो रहा है पिछले 12 साल के प्रधानमंत्री के शासनकाल में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं जम्मू कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करना, धारा 35 को समाप्त करना, तीन तलाक के मुद्दे को समाप्त करना, आयुष्मान कार्ड के तहत गरीबों को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज, नक्सलवादी को समाप्त करना, 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास की सुविधा देना, 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त में राशन देना उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त में सिलेंडर देना सहित कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं जो कंग्रेस सरकार पिछले 70 साल में नहीं कर पाई उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी जब जनता से किसी चीज को पूरा करने की गारंटी देते हैं तो वह गारंटी अवश्य पूरी होती है। श्री सरना ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की ठोस नीति का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहे हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल में जिन क्षेत्रों में रैली को संबोधित किया था वहां पर 100% सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये है आज पूरे प्रदेश में गरीबों को मुफ्त में इलाज , ऑपरेशन दवाइयां आदि की सुविधा मिल रही है आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का मुक्त इलाज मिल रहा है सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज और कई एम्स अस्पताल खुलने की वजह से लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उनके जनपद में ही मिल रही है अब वह इलाज के लिए अन्य राज्यों में नहीं जा रहे हैं।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.–II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा दो पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के BDKN-SLN, SLN-PKX, MBDP-PHV, RBL-RUM और RBL-GANG सेक्शन के बीच 05 स्थानों पर IBS से संबंधित इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य का प्रावधान, सुल्तानपुर, पखरौली, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ पृथ्वीगंज, रायबरेली, रूपमाऊ और गंगागंज स्टेशनों पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में जोड़ और परिवर्तन और बंधुआकला स्टेशन पर इनडोर सिग्नलिंग कार्य। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 12 (बारह) महीने (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु.16,00,96,311.86 (रुपये सोलह करोड़ छियानवे हजार तीन सौ ग्यारह और पैसा छियासी केवल) |
| 4 | निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | ऑफर की वैधता | 90 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 07.07.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 07.07.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहॉ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 16.06.2026 से 07.07.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्याः– 287-सिग/सी.–I/लखनऊ/निविदा/01/26 दिनांकः 15.06.2026

2042/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नगराम के देवती में पटाखा फैक्ट्री में धमाका चीख-पुकार से गूंज उठा गांव, किशोरी की मौत

❐ लाइसेंस होने के बावजूद सुरक्षा पर उठे सवाल, भीषण विस्फोट में ढही फैक्ट्री, युवक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के देवती गांव में सोमवार सुबह लाइसेंसधारी पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। धमाका इतना जोरदार था कि कई किलोमीटर दूर तक आवाज सुनाई दी। विस्फोट के बाद फैक्ट्री की छत और दीवारें भरभराकर गिर गईं और चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया।

हादसे में फैक्ट्री में काम कर रही 17 वर्षीय मारिया गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं फैक्ट्री में मौजूद युवक मोहित भी घायल हो गया, जिसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री परिसर में खड़ी दो बाइकें भी विस्फोट और आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गईं। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही नगराम पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जेसीबी से मलबा हटाकर जांच की गई और विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फैक्ट्री संचालक के पास आतिशबाजी निर्माण का वैध लाइसेंस था, लेकिन प्रारंभिक जांच में सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सवाल सामने आए हैं। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सांसद संजय सेठ ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

❐ जन-कल्याण शिविर में उमड़ी भीड़, बीकेटी व चिनहट के तीन दिवसीय शिविर में विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। विकास खंड बीकेटी सभागार में सोमवार को बीकेटी और चिनहट विकास खंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संजय सेठ, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह 'मोनू' ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सांसद संजय सेठ ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पात्र लाभार्थियों को सुविधा मिल रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह 'मोनू' ने लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। शिविर में आए लोगों को योजनाओं से संबंधित ब्रोशर और लीफलेट भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया।जन-कल्याण शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि एवं अन्य विभागों की ओर से सेवाएं प्रदान की गईं। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जोन-8 में मंगलवार को लगेगी जन चौपाल

❐ हिंद नगर वार्ड एवं विद्यावती द्वितीय वार्ड के नागरिकों की सुनी जाएंगी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत मंगलवार, 16 जून 2026 को जोन-8 के हिंद नगर वार्ड एवं विद्यावती द्वितीय वार्ड में जन चौपाल का आयोजन महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में किया जाएगा। जन चौपाल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं क्षेत्रीय विकास को गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि जन चौपाल नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच है। चौपाल में गृहकर, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सीवर, मार्ग प्रकाश, अतिक्रमण, सड़क निर्माण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम 04:00 बजे हिंद नगर वार्ड की जन चौपाल नेबरहुड पार्क में आयोजित की जाएगी, जबकि शाम 06:00 बजे विद्यावती द्वितीय वार्ड की जन चौपाल पुष्पांजलि पार्क में आयोजित होगी। दोनों जन चौपालों में संबंधित जनप्रतिनिधि, नगर निगम एवं जलकल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जन चौपाल में सहभागिता कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखें तथा अपने क्षेत्र के विकास में सहभागी बनें।

# लोहिया संस्थान के तृतीय दीक्षांत समारोह में मेधावियों का सम्मान

❐ हरमन चीमा को डायरेक्टर मेडल और आकांक्षा कपूर को चांसलर पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में एमबीबीएस, विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों, एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन एवं बीएससी नर्सिंग सहित विभिन्न कोर्सों के लगभग 330 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं संस्थान की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ीं और विद्यार्थियों तथा संस्थान परिवार को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता, शोध एवं समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मानवता की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान द्वारा जारी मेधावी सूची के अनुसार एमबीबीएस 2020 बैच के छात्र हरमन चीमा को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित डायरेक्टर मेडल से सम्मानित किया गया, जबकि आकांक्षा कपूर को चांसलर पदक प्रदान किया गया। इसके अलावा विभिन्न संकायों के कुल 26 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं अन्य विशिष्ट सम्मान प्रदान किए गए। दीक्षांत समारोह में संस्थान के निदेशक, वरिष्ठ चिकित्सक, संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मानित विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर पूरे संस्थान में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। हरमन चीमा को डायरेक्टर मेडल मिलने पर एमबीबीएस 2020 बैच के छात्रों और शिक्षकों ने खुशी जताते हुए इसे पूरे बैच के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उनकी सफलता चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। आंगनवाड़ी से आये बच्चों द्वारा पर्यवारण से सम्बंधित स्मृतियो को प्रस्तुत किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गन के साथ समाप्त किया गया।

## चिनहट तिराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, घंटों जाम में फंसे रहे लोग



**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट क्षेत्र में इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। सोमवार को चिनहट तिराहे पर भीषण जाम लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि तिराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और लोगों को घंटों जाम में फंसकर इंतजार करना पड़ा। चिनहट तिराहा, कमता, देवा रोड, अयोध्या रोड की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात का दबाव बना रहा। जाम के कारण कई गाड़िया घंटो फसी रही और आम नागरिक प्रभावित हुए। कई वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेने को मजबूर दिखे, लेकिन छोटी गलियों में भी वाहनों का दबाव बढ़ने से वहां भी स्थिति बिगड़ गई। चिनहट क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे यातायात के मुकाबले ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। चिनहट-सतरिख रोड के चौड़ीकरण की योजनाएं लंबे समय से कागजों में सिमटी हुई हैं, जबकि धरातल पर लोगों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पीक ऑवर में पर्याप्त ट्रैफिक ने ट्रैफिक की पोल खोल कर रख दी चिनहट तिराहे पर बड़े वाहनों का गुजरना और ट्रैफिक पुलिस की अव्यवस्थित वाहन संचालन के कारण हालात और बिगड़ जाते हैं। जाम के चलते लोगों का समय बर्बाद हो रहा है।

## पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, चिनहट में मुकदमा दर्ज

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के निजामपुर मल्हौर में पड़ोसियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता गीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी रज्जन यादव, महेंद्र यादव, विनोद यादव, प्रदीप यादव और उनके परिजन घर में घुस आए तथा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट और अभद्रता की। आरोप है कि घटना के दौरान उनके पति, बच्चों और बीए तृतीय वर्ष में अध्ययनरत पुत्री के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। शिकायत के अनुसार, बीच-बचाव करने पहुंचे रिश्तेदारों को भी आरोपियों ने पीट दिया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि अगले दिन भी विवाद जारी रहा और उनके भतीजे के साथ मारपीट की गई, जिससे उसे हाथ, कंधे और पीठ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, घायल का चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने की भी प्रक्रिया की जा रही है।

## बीबीडी क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, नकदी और जेवरात लेकर फरार हुए चोर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र के अनम एस्टेट में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब मकान मालिक बाहर से लौटकर घर पहुंचे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, विक्रम मिश्रा अपने पैतृक गांव गए हुए थे। 12 जून की शाम जब वह वापस अपने आवास पहुंचे तो घर की खिड़की और ग्रिल टूटी हुई मिली। घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के लॉक टूटे हुए थे। पीड़ित के मुताबिक, अलमारी में रखे करीब चार लाख रुपये नकद, बच्चों की जमा करीब 20 हजार रुपये की बचत तथा लगभग दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। चोरी की घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में भी चिंता व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही हैद्य

## लखनऊ पुलिस कर्मियों की 30 जून तक छुट्टियां रद्द

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी 30 जून तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट की ओर से पत्र जारी किया गया है। सयुंक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जून माह में प्रस्तावित विभिन्न त्योहारों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसको सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के मद्देनजर सभी पुलिस कर्मियों की 30 जून तक की छुट्टी रद्द कर दी गई है। उन्होंने अपने आदेश में यह भी कहा है कि विषम परिस्थिति में पुलिस कर्मी अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करें और उनके अनुमति के बाद ही छुट्टी स्वीकृति की जाएगी।

# चोरी और लूट के खुलासे में फिसड्डी साबित हो रही पुलिस, बदमाश अब भी गिरफ्त से बाहर

❐ दरियापुर में लाखों की चोरी के बाद भी सुराग नहीं, परसऊ लूटकांड का भी एक माह बाद तक नहीं हुआ खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिंगवा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में हुई लाखों रुपये की चोरी और परसऊ गांव में हुई लूट की घटनाओं के खुलासे में पुलिस अब तक पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। दोनों मामलों में बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत और पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

दरियापुर गांव में सोमवार रात बदमाशों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए करीब 40 लाख रुपये के जेवरात और 1.60 लाख रुपये से अधिक नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। घटना के बाद बुधवार को क्राइम टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है।पीड़ित छोटेलाल के अनुसार उनका और भतीजे संजय कुमार का संयुक्त परिवार है तथा दोनों के मकान आपस में जुड़े हुए हैं। सोमवार रात परिवार के सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान चोर मुख्य द्वार से घर में घुस आए और छत व कमरों के दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया। आरोप है कि छत पर सो रहे लोगों पर नशीला पदार्थ छिड़ककर उन्हें बेहोश कर दिया गया, जिसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की रिपोर्ट महिंगवा थाने में दर्ज कराई गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी चोरी के बाद भी क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ती नजर नहीं आ रही है। वहीं पुलिस स्टाफ की कमी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचती दिख रही है। उधर, पहाड़पुर चौकी क्षेत्र के परसऊ गांव में 19 मई को हुई नगदी और मोबाइल लूट की घटना को भी एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपितों तक नहीं पहुंच सकी है। इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता निलंबित भी हो चुके हैं, बावजूद इसके जांच आगे नहीं बढ़ सकी। लूट में छीना गया मोबाइल फोन तक बरामद नहीं हो सका है। थाना प्रभारी राधेश्याम मौर्य ने बताया कि चोरी की घटना की जांच क्राइम टीम द्वारा की गई है और विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल जारी है। लूट मामले में भी मोबाइल की तलाश और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बाथरूम जाने के दौरान छत से गिरे अधेड़ की मौत

बख्शी का तालाब,लखनऊ । बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र के भैंसामऊ गांव निवासी मिश्री लाल (50) की छत से गिरने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह रात में छत पर सो रहे थे। करीब एक बजे बाथरूम जाने के लिए उठे, तभी संतुलन बिगड़ने से छत से नीचे गिर पड़े। गंभीर हालत में परिजन उन्हें राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नारायणपुर क्रिकेट लीग का शुभारंभ भटगांव को हराकर गढ़ी चुनौटी ने जीता मुकाबला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ । बंथरा क्षेत्र के नारायणपुर गांव में सोमवार को नारायणपुर क्रिकेट लीग का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। समाजसेवी नीरज सिंह के तत्वावधान में आयोजित इस क्रिकेट लीग का उद्घाटन भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों और युवाओं को संबोधित करते हुए खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया तथा कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व व शारीरिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उद्घाटन मैच क्षेत्र की गढ़ी चुनौटी और भटगांव की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद गढ़ी चुनौटी की टीम ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच गढ़ी चुनौटी के सनी सिंह रहे जिन्होंने शानदार अर्धशतक लगाने के साथ विकेट भी चटकाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के साथ नरेंद्र सिंह चौहान, बोधराम सिंह, विनय दीक्षित, गंगाराम भारती,सीरज सिंह, सुजीत सिंह,उमेश सिंह आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण, क्रिकेट प्रेमी एवं युवा उपस्थित रहे। आयोजक नीरज सिंह ने सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए सफल आयोजन के लिए सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया।

# शंकरपुरवा प्रथम वार्ड में आयोजित जन चौपाल में सुनी गईं नागरिकों की समस्याएं

❐ महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत सोमवार को जोन-7 के शंकरपुरवा प्रथम वार्ड में श्री राम लॉन, कुर्सी रोड में जन चौपाल का आयोजन महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में किया गया। जन चौपाल में क्षेत्रीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव महापौर के समक्ष रखे।

जन चौपाल के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा सीवर व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई, खाली प्लॉटों में कूड़ा डाले जाने तथा डोर-टू-डोर कूड़ा उठान से संबंधित शिकायतें प्रमुखता से रखी गईं। नागरिकों ने क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव , मंडल अध्यक्ष केपी सिंह , मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय जी, जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद जी सहित नगर निगम एवं जलकल विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सीवर, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु विशेष अभियान चलाया जाए तथा खाली प्लॉटों में कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए गए।

## रोडवेज बस ने डिवाइडर तोड़ बाइक-कार को मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के दखिना शेखपुर स्थित अपना ढाबा के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रायबरेली से लखनऊ जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रही बाइक व कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिंटू पुत्र जवाहर लाल निवासी छोटीखेड़ा, थाना बछरावां (रायबरेली) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार और बस को भी नुकसान पहुंचा। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि बस के अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करने से हादसा हुआ है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# लखनऊ ने जीती उत्तर प्रदेश राज्य आर्म रेस्लिंग चैंपियनशिप

❐ आर्यन यादव बने 'चैंपियंस ऑफ चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । बरेली में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश राज्य आर्म रेस्लिंग चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ टीम ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं कानपुर दूसरे और मुरादाबाद तीसरे स्थान पर रहा। लखनऊ के आर्यन यादव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित ''चैंपियंस ऑफ चैंपियन'' खिताब अपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश आर्म रेस्लिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि बरेली के माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 से अधिक जिलों के करीब 550 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने लेफ्ट और राइट हैंड दोनों वर्गों में अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया।उन्होंने कहा कि लखनऊ के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, जिसका श्रेय युवा कोच सौरभ कुमार को जाता है। कोच सौरभ ने प्रतियोगिता से पहले लगातार दो माह तक खिलाड़ियों को कड़ा प्रशिक्षण दिया, जिसका परिणाम मैदान में देखने को मिला।एसोसिएशन के महासचिव शावेज़ अली ने बताया कि प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर 2026 में कश्मीर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आर्म रेस्लिंग चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अकमल खान, बरेली एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ कुमार अग्रवाल, उपनियंत्रक राकेश कुमार मिश्रा, कोच सौरभ कुमार, आकाश तोमर समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।लखनऊ टीम की ओर से राजा शर्मा, केतन कुमार, अरशे आज़म, गगन चौहान, रुद्र देव, नीरज मौर्य, अभिषेक प्रजापति, मोहम्मद शाहरुख, सुजल साहू, विष्णु प्रताप सिंह, आर्यन साहू, रुद्राक्ष मिश्रा, अयान खान, आयुष कुमार, आलोक, समद आलम, नितिश यादव, आर्यन यादव, देवांश मिश्रा, जय सिंह, हिमांशु ठाकुर, प्रिंस, अजीत, अली ज़ैदी, ध्रुव देव, अमृत महारा, देव सिंह, विश्व विक्रम, अली इमाम, अनमोल गौतम, आदर्श प्रताप सिंह, हिमांशु पांडेय, श्रेष्ठ केसरवानी, फहद वारसी और आदि शर्मा सहित कई खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में संलिप्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निरस्त

❒ बैठक में परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों को प्रशमन शुल्क लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने आज जनपद शाहजहांपुर में भ्रमण किया। भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्होंने सर्वप्रथम कांठ स्थित आटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेन्टर का निरीक्षण किया। साथ ही डम्पिंग/डिटेन्शन यार्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय नियामतपुर में एक-एक पटल पर जाकर पटल सहायकों से उनके कार्य प्रणाली की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों को प्रशमन शुल्क लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि बकाये के सापेक्ष कम वसूली के दृष्टिगत 30 जून 2026 तक रुपए 20,000/- से अधिक के समस्त बकायेदारों को मांग पत्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में रुपए 20,000/- से अधिक के बकाये के 1601 वाहन स्वामियों को पूर्व में मांगपत्र प्रेषित किये जा चुके हैं तथा शेष 2696 वाहन स्वामियों को शीघ्र ही मांग पत्र भेजे जाएंगे। उन्होंने कार्यालय के अभिलेखागार में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में संलिप्त उत्तरदायी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के विरुद्ध निलंबन / निरस्तीकरण की कार्यवाही शत-प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए। जिससे सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में उन्होंने सड़क सुरक्षा, प्रवर्तन कार्यवाही एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हरिओम, नव प्रोनन्नत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विकास कुमार यादव, यात्री/माल कर अधिकारी रामाश्रय प्रसाद गौतम आदि मौजूद रहे।

# किसानों के लिए नई उर्वरक वितरण प्रणाली लागू, पहले करनी होगी ऑनलाइन बुकिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के समस्त किसान भाइयों को अवगत किया जाता है कि 15 जून 2026 से उर्वरक बिक्री के लिए फ्रेमवर्क फार फर्टिलाइजर ऐप के माध्यम से बुकिंग के पश्चात उर्वरक (यूरिया, डीएपी एवं एनपीके) प्राप्त किया जायेगा। यदि किसी किसान भाई को निजी दुकान से उर्वरक बुकिंग करने अथवा उर्वरक प्राप्त करने में समस्या होती है तो अपने विकास खण्ड के निम्न विवरणानुसार सहायक विकास अधिकारी (कृषि) तथा सहकारी समिति से उर्वरक क्रय करने में समस्या आती है तो अपने विकासखण्ड के सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) से सम्पर्क कर सकते है।

जिनके विवरण के अनुसार खैराबाद के श्री हरिशंकर 8303883638, प्रियंका तिवारी 7518618401, ऐलिया के सच्येन्द्र कुमार 7007544147, उमाकान्त त्रिवेदी 7007038961, हरगांव के संदीप कुमार 7905329199, उमाकान्त त्रिवेदी 7007038961, लहरपुर के राजकुमार वर्मा 8546002312, सिद्धार्थ कुमार आर्य 9415093886, बेहटा के संदीप कुमार 8953505077, सिद्धार्थ कुमार आर्य 9415093886, परसेण्डी के शिवरतन 9696378792, सुशील कुमार शुक्ला 6393201329, बिसवां के रविन्द्र कुमार 9454450423, सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी 9415532926, सकरन के रबी प्रकाश8318876488, सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी 9415532926, रेउसा के सुनील कुमार मौर्य 9919223911, सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी 9415532926, महमूदाबादके विनोद कुमार यादव 9598152978, आलोक सक्सेना 7905659172, पहला के सुरेश कुमार 7398852688, आलोक सक्सेना 7905659172, रामपुरमथुरा के पंकज कुमार 9415364812, आलोक सक्सेना 7905659172, सिधौली के संतोश कुमार यादव 9140787789, अनिल कुमार शुक्ला 7518618401, कसमण्डा के कमरूद्दीन 7007187740, राजेश कुमार गुप्ता 7985350990, गोंदलामऊ के प्रमोद कुमार सोलंकी 9839228609, अनिल कुमार शुक्ला 7518618401, मिश्रिख के जयप्रकाश 9170536967, अमित कुमार अवस्थी 9450859299, मछरेहटा के संजीव कुमार 8410598364, मयंक बाजपेई 9453356523, महोली के हरिओम शुक्ला 9816905209, मंजेश कुमार 9565663597, पिसावां के जावेद अख्तर 8009896921, शशिकान्त द्विवेदी 9919832107 शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त सभी किसान भाईयों से यह भी अनुरोध किया है कि पूर्व में खरीफ 2026 में उर्वरकों का क्रय कर चुके है, वह मात्रा बुकिंग करते समय घटाकर ही बुक करें, अन्यथा की स्थिति में दुकान/समिति पर जाने पर सम्बन्धित दुकानदार अथवा सचिव द्वारा कम कर दिया जायेगा साथ ही यह भी अनुरोध करना है कि पूरे सीजन की आवश्यकता की उर्वरक एक साथ बुक न करें, क्योंकि उर्वरकों की आपूर्ति माहवार ही होती है। इसलिये कम से कम दो या तीन बार में अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरकों की बुकिंग करें।

# मत्स्य पालन के पट्टे की आंड़ में बांध रहे विनाशकारी बंधा

❒ पत्र में बंधा बनने से दर्जनों गांवों के बाढ़ में डूबने की जतायी गई आशंका

❒ एडीएम ने एसडीएम को सौंपी मामले की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। बिसवां विकास खण्ड की मरसण्डा ग्राम पंचायत में गांव के दक्षिणी छोर पर एक झील स्थित है। बरसात के समय इस झील में आसपास के कई दर्जन गांवों का पानी एकत्र होता है। इसे बजेहरा झील के नाम से जाना जाता है।

गत दिनों तहसील प्रशासन ने इस झील में मत्स्य पालन के लिए एक पट्टा कर दिया। पट्टेदारों ने झील के आसपास जेसीबी मशीन की मदद से भारी भरकम चैंड़ा व ऊंचा बंधा निर्माण कराना आरम्भ कर दिया। जैसे ही यह सूचना ग्रामीणों को मिली, ग्रामीण एकजुट हो कर मौके पर पहुंचे और बंधा बना रहे लोगों को ऐसा करने से रोकने की कोशिश की। इसके बाद भी जब बंधा निर्माण का कार्य न रूका तो मामले की सूचना मानपुर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार्य रूकवाया। अगले दिन ग्रामीणों की भीड़ एसडीएम बिसवां की अनुपस्थिति में तहसीलदार से मिली। तहसीलदार के रूख से असंतुष्ट ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे और डीएम की गैर मौजूदगी में एडीएम से मिले व उन्हें शिकायती पत्र दिया। प्रकरण पर एडीएम ने एसडीएम को मामले की जांच कर बंधा निर्माण रूकवाने व उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि इसके बाद भी उन्हें न्याय न मिला तो वह अब सीधे जिलाधिकारी से मिल कर उनसे न्याय की गुहार लगायेंगे। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण व पीड़ित मौजूद थे।

## खनन से उड़ रही धूल, ग्रामीण बेहाल, मानकों की अनदेखी पर उठे सवाल

मछरेहटा, सीतापुर। जनपद में अवैध खनन और खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दावों के बीच मछरेहटा क्षेत्र में खनन कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि खनन सामग्री ढोने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर तिरपाल नहीं लगाया जा रहा है और कई वाहनों की नंबर प्लेट भी स्पष्ट नहीं दिखाई देती। इससे सड़कों पर लगातार धूल उड़ रही है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि उड़ती धूल के कारण दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क से गुजरते समय धूल आंखों में चली जाती है और कपड़े तक खराब हो जाते हैं। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर खनन कार्य में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने तथा धूल की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासियों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

❒ ज्ञापन में कहा गया कि तहसील क्षेत्र में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां , सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बिसवां को ज्ञापन सौंपा। संगठन के तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में किसानों से जुड़ी कई प्रमुख समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि तहसील क्षेत्र में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। साथ ही भूमिहीन मजदूरों को दुकानदारों द्वारा यूरिया न दिए जाने की समस्या भी उठाई गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत बोहरा मजरा डिगिहा में विद्युत संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ है तथा कर्मचारियों द्वारा अवैध धन उगाही किए जाने का भी आरोप लगाया गया। भारतीय किसान यूनियन ने पशु चिकित्सालयों की अव्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पशु चिकित्सक अस्पताल में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते, जिससे बीमार पशुओं का समय पर इलाज नहीं हो पा रहा है और पशुपालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर मेवा लाल वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा सुशील राज राम मिलन यादव ,जिला सचिव अहमद खां ग्राम सभा सेमरा कला, अफसर अंसारी,शिव कुमार वर्मा, हरिनाम वर्मा ,ललित पटेल , शंकर, इंद्र शेखर वर्मा सोनू वर्मा शिवम् वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दीप प्रज्वलन के साथ योग सप्ताह का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । आज पुलिस लाइन स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल ओपेन हाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह का शुभारम्भ मा0 नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी सहित उपस्थित सभी जनों द्वारा योगा किया गया।

इस अवसर पर मा0 नगर विकास राज्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून 2026 से 21 जून 2026 के मध्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें आज योग दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया है। योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक शांति का अनुभव होता है। हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिये। मा0 प्रधानमंत्री जी ने इस योग कार्यक्रम को बढ़ावा दिया है और सभी को योग करने हेतु प्रेरित भी किया है। 21 जून को भव्य योग दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी लोगों बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये।

जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं निरोगी जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

# डीएम ने किया योग सप्ताह का शुभारंभ, डॉ. अवधेश मणि ने कराया योगासन

❒ भागमभाग, तनाव, बढ़ती महत्वाकांक्षा के दौर में हम जीवन की लय को खोते चले जा रहे है: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कैंट क्षेत्र में शहीद संग्रहालय में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने भगवान धन्वन्तरि व महर्षि पतंजलि के चित्रों पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भागमभाग, तनाव, बढ़ती महत्वाकांक्षा के दौर में हम जीवन की लय को खोते चले जा रहे हैं। ऐसे समय में हम भारतीय संस्कृति की अमूल्य विद्या, जिसके वैज्ञानिक गुणों, सिद्धांतों के कारण योग एक शीतल छांव की तरह है, जो हमारे मन प्राण और शरीर के सन्तुलन को बनाए रखकर हमारे जीवन पथ को निष्कण्टक करता है। योग विज्ञान संस्थान के जिला प्रधान डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी ने योगासनों का अभ्यास कराया। मंच पर ज्योति गुप्ता, अखण्ड प्रताप, चिवनाथ पाल ने योगासनों का प्रदर्शन किया। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सिराज अहमद अंसारी व जिला होम्योपैथ अधिकारी डॉ. शबीना नाज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। संचालन कवि डॉ इन्दु अजनबी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, अपर ज़िलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश कुमार दीक्षित, ज़िला कार्यक्रम अधिकारी अविरल सिंह चन्देल, डॉ. मनु यादव, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. शिवपूजन सिंह, विनीत मिश्रा, दपिन्दर कौर, मो. इमरान, अनुराग पाल, ऊषा कश्यप आदि कई लोगों ने योगाभ्यास किया।

## महिलाओं की समस्याएं सुनने खीरी आएंगी राज्य महिला आयोग सदस्य

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 17 एवं 18 जून को जिले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा करने के साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 17 जून को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी। इसमें जिले भर की महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। जनसुनवाई में पुलिस, स्वास्थ्य, बाल विकास, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को अद्यतन रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के बाद आयोग सदस्य जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करेंगी। इसके उपरांत जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेंगी। दौरे के दूसरे दिन 18 जून को वह ब्लॉक पसगवां में आयोजित नारी चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यहां महिलाओं को जागरूक करने के साथ उनकी समस्याओं को सुना जाएगा।

## सोमवती अमावस्या पर नैमिषारण्य जाने वाले श्रद्धालुओं से रामकोट में लगा भीषण जाम एंबुलेंस भी फंसी

**रामकोट, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर नैमिषारण्य धाम में स्नान के लिए आते जाते समय दोपहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सोमवार को रामकोट कस्बे में भीषण जाम लग गया। कच्छप गति से सड़क निर्माण कार्य व नाला निर्माण कार्य के चलते रामकोट में घंटों लग रहा जाम, कस्बे में धीमी गति से निर्माण कार्य चल रहा है। जाम इतना भयानक था कि सभी मार्गों तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं कस्बे की गलियों में भी जाम लगी रही। श्रद्धालु अपने-अपने वाहन कस्बे की गलियों से निकालने को मजबूर हुए , एंबुलेंस भी जाम में फंस गई जाम के दौरान मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से किसी तरह एंबुलेंस को निकाला गया। गनीमत रही कि मरीज की हालत ज्यादा गंभीर नहीं थी। रामकोट कस्बे से नैमिषारण्य जाने वाला मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य 10 माह से धीमी गति से चल रहा है। जबकि कस्बे में सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण को 1 जनवरी 2026 को तहसील प्रशासन के द्वारा हटवाया गया था। जो अभी भी आधा अधूरा पड़ा हुआ है। बरसात में ग्रामीणों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है सुबह के जाम वाले पॉइंट पर पुलिस कर्मियों की तैनाती नाम मात्र थी, बाद में रामकोट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

# नवोन्मेषी तकनीक से होगी फसल लागत मे कमी

❒ खेत बचाओ अभियान बना कृषि तकनीक आंदोलन

❒ वैज्ञानिकों ने किसानों को दिया प्राकृतिक संसाधन संरक्षण का मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 तथा ''खेत बचाओ अभियान'' के अंतर्गत जनपद सीतापुर के मिस्रिख, रामपुर मथुरा एवं खैराबाद विकास खंडों के विभिन्न गांवों में व्यापक कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मिस्रिख विकास खंड के ग्राम लकड़िया मऊ एवं इस्लामनगर मे आयोजित कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डा दयाशकर श्रीवास्तव ने कहा कि खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य मृदा, जल एवं जैव विविधता का संरक्षण करते हुए कृषि को टिकाऊ बनाना है। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तथा फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन को अपनाना चाहिए। स्वस्थ मिट्टी और सुरक्षित पर्यावरण ही समृद्ध किसान एवं विकसित कृषि का आधार हैं।''।कार्यक्रम में उपस्थित ए डी ओ कृषि श्री जय प्रकाश ने कहा कि लगातार रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल चक्र अपनाने तथा वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार खेती करने की सलाह दी। पीपीएस ( कृषि रक्षा ) श्री रोवित कुमार ने किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की जानकारी देते हुए कहा कि रसायनों का अनावश्यक प्रयोग न केवल फसलों बल्कि मिट्टी एवं पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने जैविक एवं यांत्रिक नियंत्रण विधियों को अपनाने पर बल दिया। वरिष्ठ तकनीकी सहायक श्री विपुल प्रताप सिंह एवं श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। प्राविधिक सहायक चन्द्रशेखर व यशवंत कुमार तथा कृषि सखी सुधा देवी एवं ग्राम प्रधान श्री मोनू कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे. रामपुर मथुरा विकास खंड के ग्राम हैथी एवं जयरामपुर में आयोजित कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मिट्टी केवल उत्पादन का माध्यम नहीं बल्कि कृषि की आत्मा है। यदि मिट्टी की उर्वरता समाप्त हो गई तो उत्पादन बढ़ाने के सभी प्रयास निष्फल हो जाएंगे। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन, हरी खाद, जैव उर्वरकों तथा फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेत बचाओ अभियान का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाकर उसे पुनः जीवंत बनाना है।एसएमएस श्री कौशल सिंह ने किसानों को खरीफ फसलों की तैयारी, धान की नर्सरी प्रबंधन एवं संतुलित पोषण प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम की जा सकती है।

# डीएम ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2026 की परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाले यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के टॉपर छात्रों को कमला विशुन नारायण अवार्ड 2026 से सम्मानित किया। यूपी बोर्ड के महेन्द्रपाल सिंह शान्ति देवी इण्टर कालेज जैतीपुर से जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सत्यदेव, व सीबीएसई बोर्ड विद्यालय फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल कृभको नगर पिपरौला से हाईस्कूल में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले अक्षत को नगद धनराशि रूपये 5000 प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा इण्टरमीडिएट में यूपी बोर्ड विद्यालय माता रमा देवी इण्टर कालेज चिलौआ जलालाबाद से जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विशाल व सीबीएसई बोर्ड विद्यालय तक्षशिला पब्लिक स्कूल से इण्टरमीडिएट में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले नवांश अग्निहोत्री को नकद धनराशि रूपये 5500/- प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमला विशुन नरायन अवार्ड 2026 के आयोजक अवनेश अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार व छात्रों के माता- पिता आदि उपस्थित रहे।

## काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत का भव्य विमोचन व कवि सम्मेलन

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तत्सत सेवा संस्थान सीतापुर के द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम व कवि सम्मेलन मुशायरा में सीतापुर के युवा शायर, कवि, पत्रकार व समाजसेवी यासीन इब्ने उमर के हिंदी काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत का भव्य विमोचन किया गया। साईं गेस्ट हाउस तरीनपुर में आयोजित कार्यक्रम श्री कृष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस और आई इंडिया न्यूज़ चैनल के सहयोग से संपन्न हुआ। अभय श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में आई इंडिया न्यूज़ चैनल के डायरेक्टर डॉ पंकज सिंह गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, तथा नगर पालिका अध्यक्ष हरगांव गफ्फार खान, मानस मेला समिति अध्यक्ष विशंभर दयाल तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्राम सागर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक व शायर मस्त हफीज रहमानी, बार एसोसिएशन सीतापुर के पूर्व अध्यक्ष विजय अवस्थी, बार एसोसिएशन सीतापुर कोषाध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा, जूही जयसवाल भाजपा महिला मोर्चा आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पंकज सिंह गौड़ ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि अनिल द्विवेदी ने बरसों पहले जिस पौधे को लगाया था वह आज यासीन इब्ने उमर और अभय श्रीवास्तव आदि के रूप में पल्लवित हो रहा है। जो समाज, शिक्षा, संस्कृति, भाषा और साहित्य की सेवा कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यासीन इब्ने उमर के काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत के द्वारा एक अच्छा संदेश लोगों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर अब्दुल गफ्फार खान, मस्त हफीज रहमानी, विशंभर दयाल तिवारी, विजय अवस्थी, विश्राम सागर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय प्रकाश पांडे कंठ ने वाणी वंदना से किया और मुजीब सीतापुरी ने नाते पाक पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मुजीब सीतापुरी ने की और संचालन तुषार मिश्रा व अभय श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मस्त हफीज रहमानी, डॉक्टर तनवीर इकबाल बिस्वानी, मंजर यासीन, नदीम सीतापुरी, एपी गौतम, मुजीब सीतापुरी, कार्तिकेय शुक्ला, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, तुषार मिश्रा, खुश्तर रहमानी, अमित कैथवर, अफजल युसूफ, सुमन मिश्रा, कमर खैराबादी, अख्तर मुजीबी, रामकिशोर श्रीवास्तव, अनामिका वैश्य आईना, विजय प्रकाश पांडे कंठ, रियाजुद्दीन रियाज, रौनक सीतापुरी, गीता किशोर श्रीवास्तव, रईस रहमानी, वसी खैराबादी, आलोक आदर्श, आयुष आयु आदि ने काव्य पाठ किया।

# दरोगा और पुलिसकर्मियों पर वसूली का आरोप, कार्यवाही की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। किसानों ने सोमवार को भाकियू पदाधिकारियों के साथ नवादा चौकी परिसर में धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने एक दरोगा और पुलिसकर्मियों पर वसूली और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। बरेली रोड स्थित नवादा पुलिस चौकी के एक दरोगा व पुलिसकर्मियों पर वसूली करने एवं फरियादियों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा है। इससे आक्रोशित किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली के पदाधिकारियों के साथ चौकी परिसर में धरना प्रदर्शन किया। भाकियू पदाधिकारियों के साथ विकास पटेल, सूरजपाल, कमल गुप्ता, अशोक पटेल, प्रताप सिंह, अवनेश शर्मा, हरवंश पटेल ,अनूप, द्वारिका सिंह, कमला देवी, गंगा सिंह, हरीश पटेल, विपिन कुमार, राजपाल आदि चौकी परिसर में धरने पर बैठ गए। भाकियू नेताओं ने लगाया है कि दोनों पक्षों को चौकी बुलाकर सेटिंग की जाती है। बाद में डरा धमकाकर पीड़ित से ही वसूली की जाती है। क्षेत्र में अवैध खनन को बढ़ावा दिया जा रहा है। आरोप लगाया कि कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें दोनों पक्षों की बात सुने बिना एकतरफा कार्रवाई कर दी गई। किसानों ने आठ बिंदुओं को उठाते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की। फरियादियों से गलत व्यवहार व वसूली करने वाले दरोगा व पुलिसकर्मियों को चौकी से हटाने की मांग की।

## मायके गई पत्नी से फोन पर की बात, फिर युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

बदायूं। इस्लामनगर इलाके में एक युवक का शव सोमवार सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने बताया कि युवक की पत्नी मायके गई हुई है। सुबह फोन पर उससे बात हुई। इसके बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। बदायूं के इस्लामनगर इलाके में दजरामपुर गांव निवासी सोन सिंह (26 वर्ष) ने आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन ने बताया कि पत्नी से फोन पर बात करने के बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। परिजन के मुताबिक सोन सिंह सोमवार सुबह घर पर था। उसकी पत्नी गुंजन अलीगढ़ जिले के हिन्नोत गांव की निवासी है और वह मायके गई हुई थी। घटना से कुछ समय पहले ही सोन सिंह की पत्नी से फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद उसने कमरे के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पत्नी भी मायके से वापस आ गई। सोन सिंह पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

## सरसों के खुले तेल से बनी सब्जी खाने से लोगों की हालत बिगड़ी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। खुले सरसों के तेल से बनी सब्जी खाने के बाद एक परिवार के 13 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। भोजन करने के कुछ देर बाद ही परिवार के सदस्यों को उल्टी, घबराहट और बेचैनी की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सक्रिय हो गई। अधिकारियों ने संबंधित किराना दुकान से तेल का नमूना लेकर जांच के लिए भिजवाया है। बिसौली क्षेत्र के गांव सर्वा निवासी दानवीर ने 12 जून को चंदौसी रोड स्थित एक किराना स्टोर से खुला सरसों का तेल खरीदा था। शनिवार की शाम परिवार में पारंपरिक रूप से अधिमास के तहत सब्जी-पूड़ी तैयार की गई थी, जिनमें उसी तेल का प्रयोग किया गया। भोजन करने के कुछ समय बाद ही परिवार के सदस्यों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। देखते ही देखते घर में अफरातफरी मच गई। एक के बाद एक लोग बीमार पड़ने लगे। परिजनों ने पहले गांव में ही उपचार कराने का प्रयास किया। राहत न मिलने पर सभी को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, सभी मरीज अब खतरे से बाहर हैं। उनकी हालत में सुधार हो रहा है। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग ने संबंधित दुकान पर पहुंचकर सरसों के तेल का नमूना सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बीमारी का कारण तेल में मिलावट थी या कोई अन्य खाद्य पदार्थ। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – माता शंकर, फूड इंस्पेक्टर

## कछला घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। कछला घाट पर सोमवती अमावस्या पर सोमवार सुबह हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य कमाया। इस मौके पर कुछ संस्थाओं की ओर से लोगों के लिए गर्मी में शरबत का वितरण किया गया। कोई अनहोनी न हो, इसके लिए पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किये गए हैं, स्टीमर से पुलिस लगातार लोगों को हिदायत देती नजर आई।

## अवैध शस्त्र, शांति भंग में आरोपियों पर कार्रवाई

बदायू कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु व अन्य चलाये जा रहे विभिन्न अभियान के अन्तर्गत अवैध शस्त्र में कुल 01 अभियुक्त तथा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कुल 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। थाना कादरचौक पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को मय अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया गया। थाना कादरचौक पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त दीपक पुत्र सुखलाल नि0 ग्राम असरासी थाना कादरचौक जनपद बदायूं को मय एक अदद तमचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया। बता दे कि थाना बिसौली पुलिस द्वारा 04 नफर अभियुक्त कार्रवाई की गई है।

## जनपद संभल में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया

संभल/बहजोई कैनविज टाइम्स संवाददाता । योग सप्ताह का शुभारंभ जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार व मुख्य विकास अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में भगवंत पुर देवी पार्क में किया गया। योग सप्ताह 15 जून से 21 जून 2026 तक रहेगा। जिसमें लगभग 250 लोगों ने प्रतिभाग किया तथा बीमारी से बचने के लिए योग के गुण सीखे। भगवंत पुर देवी पार्क बड़ा मैदान बहजोई में आयुष विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ,योग सप्ताह का शुभारंभ सुबह 6:00 से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बहजोई नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू रहे। आयुर्वेद के नोडल अधिकारी डॉक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि यह योग दिवस पूरे भारत में में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है और जनपद संभल में हमारी तैयारी पूर्ण रूप से हो गई है, इस मौके पर होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमरीश कुमार शर्मा अपने पूरे स्टाफ के साथ उपस्थित रहे, तथा आयुर्वेद विभाग की तरफ से डॉ अभय शर्मा, डॉ प्रदीप त्यागी, डॉ अनुज सिंह ,आयुष डी.पी.एम.मोहित कुमार , आयुष डीईओ मौ.इल्यास तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

## डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

बागपत । जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील चिकित्सा सेवा मिलनी चाहिए। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके भुगतान समय से कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में भेजने की प्रवृत्ति पर रोक लगे और सरकारी सुविधाओं का लाभ ही प्राथमिकता से दिलाया जाए। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते समय से खुलवाने, अस्पतालों में आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदर्शित करने तथा नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करने पर जोर दिया।

## मेला गणेश चौथ महोत्सव हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकको मेला समिति द्वारा दिया गया सादर निमंत्रण

सम्भल/चन्दौसी। श्री गणेश मेला परिषद, चन्दौसी के पदाधिकारियों द्वारा आगामी श्री गणेश चौथ महोत्सव एवं मेला गणेश चौथ के आयोजन हेतु जनपद सम्भल के जिलाधिकारी महोदय अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक महोदय कृष्ण कुमार विशनोई को सादर आमंत्रण पत्र भेंट कर मेले में पधारने हेतु विनम्र निवेदन किया गया। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने महोत्सव की रूपरेखा, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए आयोजन की गरिमा एवं परंपरा से अवगत कराया। परिषद की ओर से विश्वास व्यक्त किया गया कि माननीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा, उत्साह एवं श्रद्धालुओं का मनोबल और अधिक बढ़ेगा। श्री गणेश मेला परिषद ने भगवान श्री गणेश जी से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद समस्त जनमानस पर बना रहे। गणेश मेले का आयोजन 12 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक तथा मुख्य आकर्षण भगवान गजानन की भव्य विशाल रथयात्रा 14 सितम्बर को सफल, शांतिपूर्ण एवं मंगलमय संपन्न हो।

# योग जीवन को संतुलित एवं स्वस्थ्य बनाने की सम्पूर्ण पद्धति है : धर्मेन्द्र वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद अमेठी में सोमवार को मुख्यालय सहित सभी तहसीलों, विकास खंडों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्टेडियम अमेठी, वृद्धाश्रम पार्क गौरीगंज, टीकर माफी आश्रम तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।पन्द्रह जून से इक्कीस जून तक चलने वाले योग सप्ताह के शुभारम्भ पर बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिये योग) निर्धारित की गई है। इस थीम का मुख्य उददेश्य बढ़ती आयु में लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक रूप से भी संतुलित और सकारात्मक बना रहता है। मुख्यालय स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात योगा मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार वर्मा एवं प्रेम सुधा सिंह द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये योगा मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने की एक सम्पूर्ण पद्धति है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने में सक्षम बनता है।

उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग की उपयोगिता और भी बढ़ गई है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर न केवल वर्तमान को स्वस्थ बनाया जा सकता है, बल्कि वृद्धावस्था को भी अधिक सक्रिय, ऊर्जावान एवं सम्मानजनक बनाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी, जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, क्षेत्रीय वन अधिकारी रणवीर मिश्रा, आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, होम्योपैथी विभाग के डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, आयुष विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक माधवेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं योग साधक उपस्थित रहे। जनपद के सभी तहसील एवं विकास खण्ड मुख्यालयों पर भी योग सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये गये जहां लोगों को योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई।आयोजकों ने बताया कि इक्कीस जून तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, योग शिविर एवं सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जाएंगे। योग सप्ताह के प्रथम दिन आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जनपदवासियों को योग को दैनिक जीवन में अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

# नगर पालिका सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नानपारा चेयरमैन अब्दुल वहीद का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद का जन्मदिन नगर पालिका सभागार में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समर्थकों की मौजूदगी में उत्साह और आत्मीय माहौल के बीच मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने चेयरमैन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिवार की ओर से अध्यक्ष अब्दुल वहीद का स्वागत किया गया। सभागार में मौजूद लोगों ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नानपारा रंग बहादुर, शिव नंदन तिवारी, गंगा प्रताप सिंह , राम नरेश यादव, उस्मान गनी, सईद अहमद, विद्या प्रसाद, मनीष जायसवाल, विशाल, आलोक, अजय, सहित नगर पालिका के सभासदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि नगर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों में नगर पालिका की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी ने चेयरमैन अब्दुल वहीद को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने की कामना की। नगर पालिका परिषद नानपारा में आयोजित यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द और जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के बीच बेहतर संवाद का संदेश देता नजर आया।

# मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना बनी किसानों की समृद्धि का आधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद के किसानों के लिए मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। इस योजना के माध्यम से किसानों को उथले एवं गहरे नलकूपों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनकी खेती अधिक लाभकारी होकर किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। योजना के लाभार्थियों ने मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

तहसील दातागंज के ग्राम रम्पुरा खुर्द के किसान राजपाल पुत्र भूपराम, माखन पुत्र हरीश चन्द्र, नन्हे राम पुत्र रामचरन ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत उथला नलकूप तथा ग्राम पापड़ हमजापुर के किसान धीरपाल पुत्र दुर्विजय सिंह व ग्राम घिलौर के किसान मोहन लाल पुत्र अँगने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत गहरे नलकूप योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत उथला नलकूप योजना में वर्ष 2025-26 में किसान राजपाल, माखन, नन्हे राम की अलग-अलग नलकूप की प्रत्येक की लागत 22 हजार रुपए थी, जिनमें से उन्हें 15400 अनुदान प्राप्त हुआ। वहीं मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत गहरे नलकूप योजना में वर्ष 2025-26 में किसान धीरपाल व मोहन लाल की अलग-अलग नलकूप की प्रत्येक की लागत 5 लाख 30 हजार रुपए थी, जिनमें से उन्हें 03 लाख 47 हजार रुपए अनुदान प्राप्त हुआ। योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन महसूस कर रहे हैं। योजना से पूर्व इन किसानों को सिंचाई के लिए वर्षा अथवा किराये के साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। समय पर सिंचाई न होने से फसलों की उत्पादकता प्रभावित होती थी तथा किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अधिकांश किसान केवल गेहूं और बाजरा जैसी पारंपरिक फसलों की खेती तक ही सीमित थे। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत उथले नलकूपों पर अनुदान उपलब्ध कराए जाने से किसानों को स्वयं का सिंचाई साधन प्राप्त हुआ। वहीं गहरे नलकूपों की स्थापना से बड़े क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा विकसित हुई। अब किसान समय पर सिंचाई कर पा रहे हैं तथा किसी अन्य व्यक्ति या साधन पर निर्भर नहीं हैं। इससे खेती की लागत और समय दोनों में कमी आई है। सिंचाई की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होने के बाद किसान अब गेहूं, धान, गन्ना, मटर, सरसों सहित विभिन्न लाभकारी फसलों की खेती कर रहे हैं। इससे उनकी कृषि उत्पादकता एवं फसलों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। किसानों अपने नलकूपों से आसपास के किसानों को भी सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। लाभार्थी किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना ने उनकी खेती को नई दिशा दी है। आज वे पहले की अपेक्षा अधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं तथा उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही है।

# बोधि पथ कार्यशाला में गूंजा करुणा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश से संबद्ध अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में मांटेसरी इंटर कॉलेज (मेवातीपुरा नगर) में बौद्ध संस्कृति आधारित बोधि पथ कार्यशाला एवं पर्यावरण जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, शिक्षकों, समाजसेवियों, पर्यावरण विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने सहभागिता कर भगवान बुद्ध के विचारों तथा पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बहराइच सांसद डॉ. आनंद गौड़ ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को करुणा, सामाजिक समरसता, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया है। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और उनके संरक्षण का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर उनकी देखरेख की जानी चाहिए। नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद ने सघन वृक्षारोपण अभियान में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, जबकि क्षेत्राधिकारी नगर श्रीनारायण मिश्र ने जलाशयों, झीलों और जलीय क्षेत्रों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

आयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट अध्यक्ष महामना मालवीय (अवध) ने बताया कि संस्कृत विभाग के तत्वावधान में जनपदभर में पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पंचवटी प्रजाति के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बौद्ध धर्म प्रचारक भंते विमल तिस्त ने की। उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन को विश्व के लिए प्रेरणादायी बताते हुए शांति, एकता और पर्यावरण संरक्षण में सभी की सहभागिता का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिवक्ता, समाजसेवी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महामना मालवीय मिशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा करने की शपथ दिलाई गई। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पंचवटी प्रजाति के पौधे देकर सम्मानित किया गया।

# सोमवती अमावस्या पर डीएम-एसएसपी ने कछला घाट का लिया जायज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। सोमवती अमावस्या पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कछला गंगा घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नाव में बैठकर गंगा नदी के घाट क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा जल क्षेत्र में सुरक्षा एवं बचाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। साथ ही पुलिस, गोताखोरों एवं आपदा प्रबंधन टीमों को पूरी सतर्कता के साथ तैनात रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने घाट क्षेत्र में तैनात सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बुकिंग के बाद भी नहीं हो रही होम डिलीवरी न मिल रहा कैश एंड कैरी का लाभ



### उपभोक्ताओं की पीड़ा

मनकापुर में एजेंसी के कर्मचारी कुछ कम नहीं करते हैं।उल्टे निर्धारित दाम से अधिक ही ले लिया जाता है।एजेंसी के कर्मियों द्वारा होम डिलवरी चार्ज के रूप में अधिक पैसे लिए जाते हैं। अमित करनैलगंज में संचालक और उनके कर्मियों द्वारा ग्राहकों से मनमानी तरीके से वसूली की जाती है। होम डिलवरी का चार्ज भी अलग से लिया जाता है।इसके साथ ही सिलेंडर का वजन भी कम रहता है।अनीता देवी,अधिकारियों को चाहिए कि कैश एंड कैरी की जानकारी नहीं देने वाली एजेंसियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें।ताकि उनमें सुधार हो और उपभोक्ताओं को इस व्यवस्था का उचित लाभ मिल सके।संजय सिंह,एजेंसी संचालक कैश एंड कैरी की जानकारी नहीं देते हैं। होम डिलवरी चार्ज के नाम पर भी मनमानी तरीके से अधिक दा म लिए जाते हैं।गोंडा शहर में में तो जैसे विभाग की ओर से छूट दे दी गई हो।ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । हम नहीं सुधरेंगे की एजेंसी संचालक कसम खा चुके हैं।अधिकारियों की छापेमारी और चेतावनी के बाद भी ग्राहकों को कैश एंड कैरी का लाभ नहीं दे रहे हैं।बुकिग के बाद भी होम डिली वरी नहीं हो रही है। एजेंसी संचालकों ने सिलेंडर डिलीवरी करने का नया ठिकाना आईटीआई मैदान,चेतना पार्क, सड़क किनारे पटरियों पर बना लिया है। ग्राहकों को वहां पर भी कैश एंड कैरी के देने के बजाए बीस से तीस रुपये अधिक की वसूली कर रहे हैं।जिला स्तरीय अधिकारियों के भी कान पर जूं नहीं रेंग रहा है।उनकी चुप्पी से इस बात पर भी बल मिल रहा है कि उनके ही संरक्षण में यह सब गोरखधंधा चल रहा है।वही तेल कंपनी के अधिकारियों की ओर से सख्त हिदायत जारी किया गया है कि ग्राहकों को कैश एंड कैरी का लाभ दिया जाए लेकिन एजेंसी संचालक होम डिलीवरी करने के बहाने उनके जेब पर डाका डाल रहे हैं।अधिसंख्य एजेंसी संचालक यह कहने लगे हैं कि अब सिलेंडर की डिलीवरी गोदाम से नहीं किया जाता लेकिन हकीकत यह है कि बुकिग के बाद भी होम डिलवरी नहीं किया जा रहा है।एजेंसी संचालक गोदामों के बजाए अब नया ठिकाना खोज निकाला हैं। ऑफिस और गोदामों पर तैनात उनके कर्मचारी उस ठिकाने की ओर इशारा कर दे रहे हैं। ग्राहक भी मजबूर होकर उस ठिकाने पर पहुंच कर डिलीवरी ले रहा है। इतने के बाद भी ग्राहकों को पर्ची नहीं दिया जा रहा है।तेल कंपनी के सेल्स मैनेजर ने पर्ची देने का सख्त हिदायत दिया है लेकिन किसी भी एजेंसी पर पर्ची नहीं दिया जा रहा है।

# मानसून आ रहा, शहर का हर नाला डरा रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मानसून की आहट के बीच शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है।गोंडा नगर पालिका परिषद भले ही नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा कर रहा हो,लेकिन शहर के बड़े नालों की स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है।हाल की बारिश के बाद नालों में जमा गाद, प्लास्टिक,झाड़ियां,जलकुम्भी और कूड़े के ढेर सा फ तौर पर बता रहे हैं कि जल निकासी तंत्र अब भी पूरी तरह तैयार नहीं है। गोंडा नगर पालिका क्षेत्र के 27 वार्डों को मिलाकर शहर में कुल 21 नाले हैं।प्रकाश टेंट हाउस पंतनगर,नगर के पटेल नगर,महराजगंज,राजा मोहल्ला,कटहरिया, रकाब गंज, बसस्टाप अंबेडकर चौराहे के पास मंडे नाला आदि मोहल्लों में नाले चोक पड़े हैं।नगर पालिका क्षेत्रों में नालों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नालों की स फाई नहीं हुई तो जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है और नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बने शहर भी डूब सकता है अंबेडकर चौराहा मंडे नाला अब नाली में तब्दील हो गया है और नाले में पानी का प्रवाह थम गया है।नाले में गाद,प्लास्टिक और घरेलू कूड़े के कारण नाला कई जगह संकरा हो ग या है। नाले के आसपास से गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है,क्षेत्रवासियों का आरोप है कि वर्षों से नाले की गहराई तक सफाई नहीं कराई गई।प्रकाश टेंट हाउस पंत नगर के पा स स्थित नाले में आसपास की कॉलोनियों का पा नी आता है, लेकिन कूड़ा और गाद और झाड़िया उगे होने से निकासी प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नाले की नियमित स फाई नहीं होने से बरसात के दौरान जलभराव की आशंका बनी रहती है।रघुकुल स्कूल के पास नाला जलकुम्भी, प्लास्टिक, झाड़ियां और कचरे से पटा पड़ा है।लोगों का कहना है कि तेज बारिश होने पर पानी सड़क और घरो में फैल सकता है वर्षो से ना ले की सफाई नहीं हुई है।इसके कारण आसपास की गलियों में नालियां चोक हो गई हैं।वही शहरी क्षेत्र से प्रवाहित होने वाले मंडे नाला की भूमि में लोगों द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा लिए गए हैं।जानकार बताते हैं कि मंडे नाले का एक ब ड़ा क्षेत्र था,लेकिन पिछले पांच वर्षों में नाले की भू मि पर सैकड़ो निर्माण कार्य कर लिए गए हैं। यही गुरु नानक चौराहे के पास एक शॉपिंग काम्प्लेक्स के बगल नाले पर मिठाई की दुकान बना ली गई है और अभी भी अतिक्रमण का खेल निर्वाध गति से जारी है।इतनी बड़ी संख्या में निर्माण कार्य होने से मंडे नाले का क्षेत्र काफी सिमट गया है।बारिश से पहले नालों की साफ-सफाई का दावा कागजों त क सीमित रह गया है।ऐसे में शहर की लाखो से अधिक कि आबादी को जलभराव से इस बार राहत मिलना आसान नहीं दिख रहा है।वही नाले के सफाई के बारे में जानकारी नगर पालिका ईओ से लेने लेना चाहा तो उनका मोबाइल फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया निरीक्षण लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सोमवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण कर विभि न्न न्यायालयों एवं कार्यालयों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील दार सदर के न्यायालय का निरीक्षण किया तथा न्यायिक कार्यों के संचालन संबंधी अभिलेखों एवं फाइलों की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान जिला धिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि सभी वादों एवं प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण पार दर्शिता एवं नियमानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्हों ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों का समय बद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शास न की प्राथमिकता है। इसलिए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करते हुए न्यायालय की कार्य क्षमता को और बेहतर बनाया जाए,जिससे आम जन को त्वरित न्याय प्राप्त हो सके तथा वादका रियों को किसी प्रकार की असुविधा या शिकायत का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को पूरा अवसर प्रदान किया जाए तथा उनकी बातों को निष्पक्षता के साथ सुना जाए।उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में पार दर्शिता,निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है, जिससे जनता का विश्वास प्रशासन एवं न्यायिक व्यवस्था में और अधिक सुदृढ़ हो सके।निरीक्षण के दौरान न्यायालय की कार्य प्रणाली,अभिलेखों के रख-रखाव तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल, तहसीलदार सदर मनीष कुमार,नायब तहसीलदार सदर चंदन जायसवाल उपस्थित रहे।

# महंगाई,भ्रष्टाचार के विरोध में सपाइयों ने तहसील में जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । महंगाई और भ्रष्टाचार के विरोध में सोमवार की दोपहर सपाइयों ने करनैल गंज ब्लॉक परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने जोश दिखाया वहीं मांगों को लेकर गोंडा जनपद में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सोमवार को करनै

गंज तहसील का घेराव कर 22 सूत्रीय मांगों को ले कर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान हजारों की सं ख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधि त एक ज्ञापन एसडीएम कर्नलगंज नेहा मिश्रा को सौंपा है।विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व सपा विधाय क योगेश प्रताप सिंह,पूर्व सपा विधायक बैजनाथ दुबे और सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने किया। प्रदर्शनकारी बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, बिजली दरों में वृद्धि, तथा डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध जता रहे थे।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर ''महंगाई ने तोड़ी कमर जवाब दो भाजपा सरकार'', ''रसोई हुई बिहाल भाजपा जिम्मेदार'' और ''महंगे सिलेंडर महंगा तेल भाजपा सरकार पूरी तरह फ़ेल'' जैसे नारे लगाए।यह प्रदर्शन करनैलगंज डाक बंगले से शुरू होकर तहसील तक पहुंचा।पूर्व राज्य मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आ म आदमी,किसान और व्यापारी पूरी तरह त्रस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डीजल,पेट्रोल और रसो ई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर सरकार जनता की जेब पर खुलेआम डाका डाल रही है।पूर्व सपा वि धायक बैजनाथ दुबे ने कहा कि किसान,युवा, मा ताएं और बहनें सभी परेशान हैं,और सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है।उन्होंने उत्तर प्रदेश में का नून व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठाए।सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने घोषणा की कि जब त क जनता को आर्थिक शोषण से राहत नहीं मिल ती,तब तक पूरे जिले में इसी तरह के विरोध प्रदर्श न जारी रहेंगे।सपा नेता विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि लगातार उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ युवाओं के साथ धोखा करने का काम किया जा रहा है।किसी के साथ ठीक नहीं हो रहा है तत्काल सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए महंगाई कम करना चाहिए डीजल पेट्रोल के दाम में कमी लानी चाहिए गैस सिलेंडर का भी दाम कम होना चाहिए।

# गोंडा जंक्शन का खाना, बीमारी का खजाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । आइए आपको गोंडा जंक्शन पर खानपान की व्यवस्था से वाकिफ कराते हैं।जंक्शन के प्लेट फार्मों पर यात्रियों को दी जा रही खाद्य सामग्री का कोई मानक नहीं है,खुले में खाद्य सामग्री बिक रही हैं। उस पर मक्खियां भिनभिना रही हैं। बावजूद इसके यात्री यहां से खाद्य सामग्री लेकर खाने को विवश हैं।और तो और गंदगी के बीच ही खाद्य सा मग्री भी तैयार की जा रही है,जिससे खाकर यात्री बीमार भी पड़ रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।गोंडा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो व तीन पर करीब दो दर्जन से अधिक खानपान के स्टाल चल रहे हैं। इन स्टालों पर नियमतः खानपान की सामग्री को ढककर रखना चाहिए लेकिन यहां पर इसका कोई ध्यान नहीं रख रहा है।खुले में खान पान की सामग्री बिक रही है।उस पर मक्खियां बैठ रही हैं।ट्रैक के बीच में फैली गंदगी व गंदे पानी पर बैठकर इधर-उधर बैठने वाली मक्खियां बीमारी को बढ़ावा दे रही हैं।यही नहीं,खान पान की गुण वत्ता को लेकर भी यात्री सवाल खड़े कर रहे हैं। किसी भी स्टाल पर जनता खाना नहीं मिल रहा है।जिससे यात्री बीमारी की चपेट में आते जा रहे हैं।चर्चा है कि आए दिन यात्री उल्टी दस्त से बीमार हो रहे हैं,इसमें से सबसे ज्यादा बच्चे शिकार हो रहे है भले ही यात्री बीमार पड़ रहे हों लेकिन उनकी से हत को लेकर कोई गंभीर नहीं नजर आ रहा है प्ले टफार्म दो नंबर पर कई स्टालों पर खुलेआम खान-पान सामग्री बिक रही है एक बार यात्रियों ने,काफी हल्ला मचाया था,बावजूद इसके सूरतेहाल जस के तस हैं।न तो नियमित तौर पर जांच हो रही है न ही कार्रवाई। यहां तक कि अवैध वेंडछरग भी एक ब ड़ी वजह है।जिससे काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। गोरखधाम एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे अनुराग का कहना था कि रेलवे का खाना कौन खाना चाह रहा है लेकिन क्या करें मजबूरी है।पेट भरने के लिए कुछ तो खाना ही पड़ेगा।

अमित का कहना था कि छोला तो बिल्कुल पानी जैसा मिलता है। खाकर उल्टी हो जाए।लेकिन मुसीबत है,अब क्या करें।वही रेल अधिकारियों से इस बारे में जानकारी की जा रही है।अगर जंक्शन के प्लेटफार्म पर खुले में खाद्य सामग्री बेची जा रही है तो यह गलत बात है।उसे ढककर साफ सफाई का ध्यान रखना चाहि ए, जिससे बीमारी न फैले।इसको लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की बैठक में छात्र सम्मान कार्यक्रम व कवि सम्मेलन की तैयारियों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार को समर्पित हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की मासिक बैठक कुमार कृषि फार्म, नानपारा के प्रांगण में वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदेमातरम के सामूहिक गायन के साथ किया गया। बैठक में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाले छात्र-छात्रा सम्मान समारोह को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर क्षेत्र के सभी विद्यालयों से हिंदी विषय में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजने तथा 15 जुलाई तक सूची प्राप्त करने का निर्णय लिया गया, जिससे जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा सके। सितंबर माह में प्रस्तावित कवि सम्मेलन के आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। कवियों के चयन की जिम्मेदारी डॉ. असीम शुक्ला, डॉ. अशोक गुप्ता एवं डॉ. दिनेश चंद्रा को सौंपी गई। वहीं संस्था के पंजीकरण रिन्यूवल की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने की जिम्मेदारी मनोज गुप्ता को दी गई। संस्था की सदस्य संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से अध्यक्ष डी.के. श्रीवास्तव ने सभी सक्रिय सदस्यों से एक-एक नए सदस्य को संस्था से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की नई सदस्य वंशिका श्रीवास्तव का तालियों के साथ स्वागत किया गया। बैठक के अंत में काव्य पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. अशोक गुप्ता, आदेश अग्रवाल एवं प्रकाश वीर गुप्ता ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर नरेश अग्रवाल, मुक्तेश्वर पोद्दार, कोषाध्यक्ष प्रेमनाथ मिश्रा, अजय अग्रवाल, सचिव उमेश चंद्र शाह, डॉ. वीरांगना कान्त सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर जुटे देश-नेपाल के पत्रकार और साहित्यकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह ने बहराइच की धरती पर पत्रकारिता, साहित्य और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन, बहराइच के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में भारत और नेपाल से आए पत्रकारों, साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने सहभागिता कर हिंदी पत्रकारिता की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस काउंसिल ऑफ नेपाल के पूर्व सदस्य पूर्ण लाल चुके ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने कहा कि पत्रकारिता समाज को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित आधारित पत्रकारिता आवश्यक है। मीडिया केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और परिवर्तन का आधार भी है। अति विशिष्ट अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होना देश की उस परंपरा का सम्मान है, जिसने सत्य, साहस और जनसेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम के उद्घाटक एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य रज़ा हुसैन रिज़वी, अंतरराष्ट्रीय अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सिराज खान, डॉ. डक्ट प्रसाद धिताल, सविता चंद ठकुरी सहित अन्य वक्ताओं ने पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान पत्रकारिता, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं हाथ घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल, वरिष्ठ सर्जन डॉ. एम.एम. अर्शी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, पूर्व डीआईजी जुगुल किशोर तिवारी, हाजी रेहान खां आढ़ती, योगेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ. राधेश्याम वर्मा, जमील अहमद फारूकी एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में एसोसिएशन के मंडलाध्यक्ष शादाब हुसैन, जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, अनवार खां 'मोनू', संयोजक के.के. सक्सेना, सीताराम गुप्ता, रियाज अहमद, सचिन श्रीवास्तव एवं अवांकित श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में साहित्यिक प्रस्तुतियों ने भी अपनी अलग छाप छोड़ी। दिलीप गोंडवी, डॉ. दिनेश त्रिपाठी 'शम्स', पी.के. प्रचंड, रईस सिद्दीकी, सैय्यद सगीर आबिद रिज़वी, अमर सिंह विसेन एवं डॉ. मुमताज शीरीन ने कविता और शायरी के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को आवाज दी। सम्मेलन में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष पर आयोजित यह कार्यक्रम पत्रकारिता की विरासत, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बनकर सामने आया।

# नानपारा में जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन, योजनाओं की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा (बहराइच)। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 283 नानपारा के ब्लॉक परिसर बलहा में आयोजित ्लसमेकित जन-कल्याण एवं जन जागरूकता अभियानङ्क के अंतर्गत जन कल्याण एवं स्वास्थ्य मेले के द्वितीय दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लाभ के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर संचालित योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। सरकार की 12 वर्षों की यात्रा विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रही है।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कृपाराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा, अरविंद चौधरी, इंद्रसेन वर्मा, दिनेश वर्मा, पंकज सिंह, अवध राम शुक्ला, अमित पांडेय, अशोक वर्मा, संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के नेतृत्व में लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। समेकित जन-कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य आमजन तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करना है।

# नारी शक्ति क्लब द्वारा ग्यारहवें स्थापना दिवस का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कहते हैं जो दूसरों की राह में उजाला फैलाते हैं, उनकी राहें स्वतः प्रकाशमान हो उठती हैं। 'नारी शक्ति क्लब' पूरनपुर ने इसी वाक्य को चरितार्थ किया है। क्लब द्वारा ग्यारहवां स्थापना दिवस शुक्रवार दिनांक 12/06/2026 को राम होटल में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। जिसका उद्देश्य हमेशा ही नारी शक्ति को बढ़ावा देना रहा है।यह क्लब वास्तव में मुक्ता जैन जी, सविता खण्डेलवाल जी, मिंटी मंडेर जी, मीरा गुप्ता जी एवं मोनिका गुप्ता जी का स्वप्न था, जिससे नारियों में स्वयं में छिपे नैसर्गिक गुण को पहचानने एवं आत्मविश्वास को निखारकर समाज के लिए कुछ करने का जज्बा जीवंत हो सके। आज उनके इसी स्वप्न को पूर्ण हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और 'नारी शक्ति क्लब' ने एक विशाल रूप ले लिया है।



आयोजन के प्रारंभ में सर्वप्रथम सोनल खण्डेलवाल एवं रुचि मल्होत्रा ने स्वनिर्मित मोम का स्मृति चिन्ह देकर सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात सबने मिलकर राष्ट्रगान एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण किया। अर्चना सिंघल के कुशल संचालन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी सदस्यों ने रिबन पर नारी शक्ति को प्रेरित करने हेतु कुछ पंक्तियां लिखी थीं। जिसे सबने पढ़कर सुनाया।सविता खण्डेलवाल ने क्लब के उत्थान एवं पथ प्रशस्त हेतु संदेश प्रेषित किया एवं क्लब के नवल सत्र का उद्घाटन करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रभा गुप्ता, सचिव डॉ. नीता सुशील अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मोनिका होड़ा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष अंजली गुप्ता एवं पूर्व सचिव स्मिता गुप्ता ने उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया। सभी सदस्यों ने उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। नव-निर्वाचित सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात अंजली गुप्ता ने सभी के समक्ष वर्ष 2025-26 के मध्य किये गये कार्यों का उल्लेख किया। वास्तव में इस वर्ष भी नारियों के उत्थान हेतु कई बड़े आयोजनों के साथ कक्षाएं संचालित की गईं। डॉ नीता सुशील अग्रवाल जी ने नारी शक्ति को समर्पित गीत सुनाया। मंजरी गुप्ता एवं मोनिका होड़ा ने पंक्चुअलिटी गेम कराया, जिसकी अर्चना सिंघल एवं दीपिका गुप्ता विनर रहीं। सुधा गुप्ता ने फन गेम्स करायें, जिसकी विनर मिंटी मंडेर एवं रानी चंदी रहीं। बाद में रानी चंदी ने हाउजी खिलवाई। आयोजन में डेकोरेशन की सुंदर व्यवस्था मोनिका होड़ा की एवं फूड मैनेजमेंट की समुचित व्यवस्था संगीता एवं दीपिका गुप्ता की रही।अंजली गुप्ता एवं स्मिता गुप्ता ने मिंटी मंडेर , डॉ नीता सुशील अग्रवाल एवं डॉ सुगंध अग्रवाल को उनके लेखन के लिए खूबसूरत स्मृति चिन्ह देकर एवं पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिसके लिए उन्होंने हृदय से सभी का आभार प्रकट किया। अंत में केक काटकर सभी ने इस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया।कार्यक्रम में 'नारी शक्ति क्लब' के सभी सदस्य मिंटी मंडेर , सविता खण्डेलवाल, अंजली गुप्ता, स्मिता गुप्ता ,मोनिका होड़ा, मीरा गुप्ता प्रभा गुप्ता, अर्चना सिंघल सुधा गुप्ता, डॉ. नीता सुशील अग्रवाल, संगीता गुप्ता, दीपिका गुप्ता, रानी चंदी, अनुराधा गुप्ता, मंजरी गुप्ता, रुचि मल्होत्र, सोनल खण्डेलवाल आदि उपस्थित रही हैं।

## आईजीआरएस शिकायतों के कथित फर्जी निस्तारण पर ग्रामीणों का हल्ला, उपमुख्यमंत्री से की कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जनपद में आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों के कथित फर्जी निस्तारण को लेकर ग्राम अमरैया कलां के ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र सौंपकर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों का आरोप है कि आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराती है और उसे निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की उम्मीद रहती है, लेकिन कई मामलों में बिना वास्तविक जांच के शिकायतों का निस्तारण दर्शा दिया जाता है शिकायतकर्ताओं ने कहा कि इससे शासन की मंशा और जनता का भरोसा दोनों प्रभावित हो रहे हैं पत्र में उल्लेख किया गया है कि पड़ोसी जनपद बरेली में मई माह के दौरान शिकायतों का फीडबैक लेने पर बड़ी संख्या में निस्तारण फर्जी पाए गए थे, जिसके बाद संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई ग्रामीणों का कहना है कि पीलीभीत में भी कई बार पूर्ति निरीक्षक, लेखपाल एवं अन्य अधिकारियों की शिकायतें की गईं, लेकिन शिकायतों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा नहीं की गई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हुई शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रभावी समाधान में असफल साबित हो रहा है इसी कारण ग्रामीण अपनी शिकायत लेकर लखनऊ पहुंचे और उपमुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की उन्होंने कहा कि फर्जी निस्तारण की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि जनपद में आईजीआरएस शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, शिकायतों का फीडबैक लिया जाए तथा फर्जी निस्तारण के दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए यह मामला अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग शासन के स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर सख्त कार्रवाई की मांग बेटियों पर अभद्र टिप्पणी अस्वीकार्य : अनुप्रिया पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी और राजनीतिक परिवारों की बेटियों पर सोशल मीडिया पर की जा रही अभद्र टिप्पणियों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। सुल्तानपुर में आयोजित एक कार्यकर्ता समागम में उन्होंने इन मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की।




राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी की घटना पर केंद्रीय मंत्री ने इसे बेहद गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि आस्था के केंद्र से जुड़ी ऐसी घटनाएं करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मामले का संज्ञान लेते हुए विशेष जांच दल का गठन किया है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे पवित्र स्थलों पर किसी भी तरह की अनियमितता या चोरी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। वहीं, अखिलेश यादव की बेटी को लेकर सोशल मीडिया पर हुई अशोभनीय टिप्पणियों के सवाल पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि राजनीति की मर्यादा बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन परिवार और बच्चों को राजनीतिक विवादों से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिवार की बेटी के खिलाफ अभद्र या अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनका कहना था कि समाज की हर बेटी सम्मान और सुरक्षा की हकदार है। जातीय जनगणना के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लंबे समय बाद देश में विभिन्न जातीय समुदायों के अधिकृत आंकड़े सामने आएंगे, जिससे सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए नीतियां अधिक प्रभावी ढंग से बनाई जा सकेंगी। सपा-कांग्रेस गठबंधन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई नया राजनीतिक प्रयोग नहीं है और जनता पहले भी इसके परिणाम देख चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता फिर अपना फैसला सुनाएगी।

# सपा नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन महंगाई-बेरोजगारी समेत जनहित के मुद्दे उठाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू के नेतृत्व में कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उपजिलाधिकारी पूरनपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया ज्ञापन में कहा गया कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वहीं किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग भी की गई समाजवादी युवजन सभा ने युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई तथा रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की संगठन का कहना है कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है





ज्ञापन में पूरनपुर क्षेत्र के विकास के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने, खेल स्टेडियम और आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना, जर्जर सड़कों के निर्माण, बेहतर पेयजल व्यवस्था तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग रखी गई इसके अलावा आवारा पशुओं से किसानों की फसलों की सुरक्षा, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान समयबद्ध तरीके से कराने तथा युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

# हर घर शुद्ध जल योजना इसौली में चार साल से अधूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर शुद्ध जल' योजना बल्दीराय तहसील के इसौली गांव में बीते चार साल से अधूरी पड़ी है। योजना के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाने व पानी की टंकी निर्माण का कार्य 2022 में शुरू हुआ था,लेकिन आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सका।

गांव में जगह-जगह पाइप डालने के लिए खोदी गई सड़कें अब तक वैसे ही पड़ी हैं। कई स्थानों पर पाइप जोड़े ही नहीं गए। पानी की टंकी का ढांचा तो खड़ा कर दिया गया, लेकिन टंकी का निर्माण पूर्ण रूप से आज तक नहीं हो सका। बोरिंग हुई है परन्तु मोटर,विद्युत कनेक्शन व सप्लाई लाइन का काम अधूरा है। ग्रामीण रामभवन, माताफ़ेर, दिलदार, गुलरेज़, अशफ़ाक़ ज़ुल्फ़ेकार हुसैन, मुख़्तार हुसैन, इन्तिज़ार हुसैन, खालिद महमूद, कमाल अहमद, क़दीर, इमरान बीडीसी,




हरिराम, हौसला सुमित्रा देवी व इरशाद ने बताया कि गर्मी में हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चला गया है। महिलाओं व बच्चों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए दूर जाना पड़ता है। बरसात में खुले गड्ढों से हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था ने आधा-अधूरा काम कर साइट छोड़ दी। शिकायतों के बाद भी न ठेकेदार आया,न विभागीय इंजीनियर। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने बताया कि कई बार जल निगम व ब्लॉक के अधिकारियों को पत्र लिखा गया,लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, पर कोई जवाब नहीं मिला। ग्रामीणों

**ग्रामीणों को शुद्ध जल का कई वर्षों से इंतज़ार**

**कार्यदायी संस्था की लापरवाही, पाइपलाइन-टंकी का काम ठप,जिम्मेदार मौनं**

ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर से मामले की जांच कराकर दोषी संस्था पर कार्रवाई व कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है

कि करोड़ों की योजना विगत चार सालों से कछुआ चाल में चल रही है,आधे अधूरे पाइप लाइन को डालकर कार्य रोक दिया गया है। घरों में पानी सप्लाई हेतु बनने वाली टंकी आज भी बनकर तैयार नहीं हो पाई है, कार्यदाई संस्था के द्वारा की जा रही लापरवाही पूर्वक कार्य की गति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि अभी कई वर्ष हर घर पानी की सप्लाई मिल पाना असम्भव है।

## बाबा नीम करोली महाराज के स्थापना दिवस पर सेवा का संगम, नई बाजार में हुआ भव्य प्रसाद वितरण

पूरनपुर।बाबा नीम करोली महाराज के पावन आश्रम कैंची धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर कुरैया नई बाजार स्थित धनवती मार्केट में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव का अनूठा संगम देखने को मिला हरीदेव दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित सरबत एवं चना प्रसाद वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने बाबा नीम करोली महाराज के जयकारों के साथ स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया उपस्थित लोगों ने बाबा के मानव सेवा, प्रेम और परोपकार के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया कार्यक्रम में आने-जाने वाले लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए सरबत तथा चना प्रसाद वितरित किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की इस अवसर पर अनुज दीक्षित, अचलेन्द्र मिश्र 'अचल', राहुल देवल, संतोष देवल, प्रसून दीक्षित, अनमोल दीक्षित, शशांक दीक्षित, हिमांशु मिश्रा, गौरव पाण्डेय राहुल बुक स्टोर।सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे आयोजन ने क्षेत्र में सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश प्रसारित किया है।

## बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन तैयारियों का सेना ने लिया जायजा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद में संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिये जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का आकलन करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के उददेश्य से अयोध्या स्थित पांच मराठा लाइट इन्फेंट्री के सुबेदार बालकृष्ण मोहित एवं उनकी टीम ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की नोडल अधिकारी ज्योति सिंह से मुलाकात की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने सेना के अधिकारियों को जनपद में बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिये की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बाढ़ राहत चौकियों, शरण स्थलों, नावों की उपलब्धता, गोताखोरों की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति तथा आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना के बारे में जानकारी साझा की। वहीं सेना के अधिकारियों ने भी बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के दौरान किये जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों, उपलब्ध संसाधनों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सेना की भूमिका से जिला प्रशासन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में लाइफ जैकेट सहित चालीस प्रशिक्षित जवानों का दल अयोध्या में हर समय तैयार रहता है जो आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग प्रदान करेगा। इसके लिये सेना और जिला प्रशासन के नियंत्रण कक्ष के बीच निरंतर संपर्क बनाये रखा जायेगा। सेना के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि बाढ़ ही नही बल्कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा अन्य आपदा की स्थिति में सेना जिला प्रशासन को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिये तत्पर रहेगी। बैठक के दौरान जिला प्रशासन एवं सेना के अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के लिए आपसी समन्वय को मजबूत करने पर भी बल दिया।

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के तहत अस्सी हजार रुपये तक मिलेगा अनुदान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों के लिए मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों के पालन हेतु अनुदान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने बताया कि योजना के तहत दो स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की इकाई स्थापित करने पर लाभार्थियों को लागत का चालीस प्रतिशत अथवा अधिकतम अस्सी हजार रुपये तक अनुदान प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना प्रदेश के सभी पचहत्तर जनपदों में संचालित की जा रही है। योजना का उददेश्य स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के अंतर्गत बाह्य प्रदेशों से गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा प्रजाति की उन्नत स्वदेशी गायों के क्रय पर अनुदान दिया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि योजना में महिलाओं को विशेष प्राथमिकता प्रदान की गई है तथा निर्धारित लक्ष्य का पचास प्रतिशत चयन महिला दुग्ध उत्पादकों एवं गौपालकों से किया जाएगा। योजना के अंतर्गत क्रय की जाने वाली गाय प्रथम अथवा द्वितीय ब्यांत की होना अनिवार्य है जिससे लाभार्थियों को बेहतर दुग्ध उत्पादन प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि इच्छुक पशुपालक नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया ग्यारह जून से प्रारम्भ हो चुकी है तथा आवेदन की अंतिम तिथि दस जुलाई निर्धारित की गई है। योजना से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश, पात्रता एवं अन्य आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर उपलब्ध हैं। डॉ. शुक्ला ने बताया कि योजना के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये इच्छुक व्यक्ति मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी कार्यालय अथवा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गौपालन न केवल आर्थिक समृद्धि का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को मजबूत बनाने का भी प्रभावी साधन है।

## प्रशासन की अनदेखी से फिर कब्जे में गया तालाब, उपमुख्यमंत्री से लगाई गुहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकारी अभिलेखों में दर्ज तालाब की खुदाई न होने और दोबारा अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है इससे नाराज ग्रामीण ने सीधे उपमुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरैया कलां निवासी मोहनलाल ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि ग्राम कटैया की गाटा संख्या 174 में तालाब दर्ज है उन्होंने पूर्व में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर तालाब से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक और अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया था तथा तालाब की खुदाई कराने के निर्देश भी दिए गए थे ।

# 15 घंटे बाद नदी में उतराता मिला युवक शव, नहाने गए युवक के गोमती नदी में डूबने का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। रविवार को रिश्तेदारी आया युवक नदी में साथियों के साथ नहाते समय गहरे पानी में जाकर डूब गया था। तत्काल सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की थी लेकिन सफलता नहीं मिली थी।करीब 15 घंटे बाद युवक का शव गोमती नदी ने उतराता मिला।मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी है। रविवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़हा गांव में बड़ी बहन केश कुमारी के घर आया राहुल कोरी(22) पुत्र भीरू कोरी निवासी पूरे बासू जरई कला थाना हलियापुर अपने पांच साथियों के साथ गोमती नदी के खादर घाट पर नहाने के लिए गया था। नहाते समय राहुल गहरे पानी में जाकर डूब गया। मौके पर मौजूद साथियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में खोजबीन शुरू की लेकिन सफलता नहीं



मिल सकी। स्थानीय पुलिस ने नदी में डूबे युवक को खोजने के लिए प्रयागराज से एसडीआरएफ को बुलवाया लेकिन सोमवार को भोर में ही युवक शव नदी के मझौवा घाट के पास उतराता मिल गया। मृतक के बहन के परिवार वाले शव को निकलवाकर अपने घर मढ़हा लेकर चले गए।मृतक के बहनोई की लिखित सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक दिनेश यादव ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ। मृतक की मां रेखा कोरी सहित अन्य लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था जिसकी अभी शादी नहीं हुई थी। अहमदाबाद में रहकर नौकरी करता था। करीब 15 दिन पहले ही गांव आया था। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव को मर्चरी भेज दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने की पति के दीर्घायु की कामना

तिलोई अमेठी,सनातन धर्म में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व माना जाता है जो अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है उसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाना जाता है।सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की परिक्रमा कर पति के दीर्घायु की कामना की है।सोमवती अमावस्या के दिन पति की लम्बी आयु महिलाओं ने व्रत भी रखा।सोमवती अमावस्या की प्रचलित कथाओं के अनुसार महाभारत में भीष्म ने युधिष्ठिर को इस दिन का महत्व बताते हुये कहा था कि जो भी मनुष्य इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करेगा उसे हर तरह से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।उसे सभी प्रकार के रोग और दुखों से मुक्ति प्राप्त होती है।ऐसा माना जाता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और उसके पश्चात दान करने से पितरों की आत्मा को शांति प्राप्त होती है।सोमवती अमावस्या पर मौन व्रत रखने का भी विधान है।माना जाता है कि जो मनुष्य इस दिन मौन व्रत करता है उसे सहस्त्र गोदान के समान फल की प्राप्ति होती है।मान्यताओं के अनुसार इस दिन जो सुहागन महिलाएं व्रत करती हैं उनके पति की आयु लम्बी होती है इसलिये महिलाएं अपने पति की दीर्घायु होने की कामना करते हुये सोमवती अमावस्या पर व्रत रखती हैं। पीपल के वृक्ष के मूल भाग में विष्णु जी और अग्रभाग में ब्रह्मा जी और तने में शिव जी का वास माना जाता है इसलिये सोमवती अमावस्या के दिन पीपल के वृक्ष की पूजा की जाती है।इस दिन विवाहित स्त्रियां पीपल के वृक्ष में दूध,जल, पुष्प,अक्षत और चंदन से पूजा करती है।सोमवती अमावस्या पर महिलाएं पीपल के वृक्ष में 108 बार धागा लपेटकर परिक्रमा करते हुये पति की दीर्घायु होने की कामना की है।

## सम्पादकीय

# घरेलू महिलाओं को भी आर्थिक मदद की दरकार

देश में घरेलू महिलाओं को भी आर्थिक सबलता का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। वह महिलाएं जो नौकरीपेशा नहीं हैं और घर पर रहकर ही अपने बच्चों और परिवार के पोषण के लिए अपना सारा समय लगा देती हैं। उनकी व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके पति द्वारा कुछ धनराशि प्रति माह प्राप्त होनी ही चाहिए। इससे न केवल महिलाओं को सबलता मिलेगी बल्कि घरेलू हिंसा के मामलों में भी कमी आएगी। भारत में लगभग घरेलू दायरे में हिंसा को घरेलू हिंसा कहा जाता है। किसी महिला का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक, मनोवैज्ञानिक या यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाना, जिसके साथ महिला के पारिवारिक सम्बन्ध हैं, घरेलू हिंसा में शामिल है। घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिला संरक्षण अधिनियम की धारा-2005 में घरेलू हिंसा को परिभाषित किया गया है। एक गैर सरकारी संस्था के मुताबिक, भारत में लगभग पांच करोड़ महिलाओं को अपने घर में ही हिंसा का सामना करना पड़ता है। इनमें से मात्र 0.1 प्रतिशत ही हिंसा के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने आगे आती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत 31 प्रतिशत से 32 प्रतिशत के बीच है। 12 मई 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 92 फीसद महिलाएं बिना मेहनताना लिए घरेलू काम करती हैं। कुछ महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं मगर नौकरीपेशा नहीं हैं उन्हें हर वक्त ये बात कचोटती तो अवश्य होगी की काश वो भी औरों की तरह अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए ही सही कुछ रुपये कमा सकतीं। चूंकि शिक्षा का व्यक्ति के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। और मानसिक विकास हो जाने के बाद व्यक्ति अपना अच्छा-बुरा स्वयं समझ पाता है। ऐसे में किसी मानसिक रूप से विकसित महिला का घर पर रहना कई बार उसकी मजबूरी होती है। कई बार बच्चों के पालन हेतु तो कई बार ससुराल वालों की सहमति से। और मन में चल रहे द्वंद्व का सामना जब महिलाएं नहीं कर पातीं तो डिप्रेशन, हाई बीपी, मधुमेह जैसे रोगों का शिकार हो जाती हैं। इसलिए अगर महिलाओं को सबल बनाना है तो जरूरी नहीं परिवार के दायित्व के साथ उन्हें नौकरीपेशा होने को मजबूर किया जाए। इस समस्या का समाधान है-घरेलू महिलाओं को प्रति माह उनके पति द्वारा कुछ धनराशि का प्रदान किया जाना। भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत से प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में जब हम भारत की महिलाओं को देखते हैं तब उनमें सशक्तिकरण केवल स्वयं रोजगार से जुड़ने पर नहीं आता अपितु उनके पास अगर कुछ मात्रा में धन रहे तो खुद ब खुद उस धन को किस तरह से अपने रोजमर्रा की आवश्यकताओं में खर्च करना है यह समझ महिलाओं में आ जाती है। देश में अधिकांश जगहों पर महिलाएं ग्रहणी है और अपना घर संभालती हैं। पर यह हमारी विडंबना है कि हमने अपने घर की महिलाओं को वित्त का अधिकार नहीं दिया ना ही वित्त संबंधी मामलों में हम घर की महिलाओं की सलाह लेते हैं। जबकि हमारी वित्तमंत्री जी स्वयं एक महिला हैं और वो भारत का बजट बनाती हैं। दूसरी तरफ एक वह महिला है जो अपना घर चला रही है पर वह घर के बजट को सही तरीके से चला सकने में सक्षम नहीं है। हम बेटियों को पढ़ाते हैं। सब उन्हें सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। फिर हम ये भूल जाते हैं की हमारी बेटी ही तो कल किसी और के घर की बहू बनेगी। अतः अपनी बेटी को हमेशा धन देते रहना और बहू को उससे वंचित रखना क्या ये सही है? इसलिए देश में यह प्रावधान अवश्य ही होना चाहिए की विवाह के पश्चात यदि कोई महिला नौकरीपेशा नहीं है तो उसे उसके उसके पति से हर महीना कुछ धनराशि अवश्य प्रदान की जाए। इससे न केवल घरेलू महिलाएं अपनी जरूरत की चीजें खुद ले पाएंगी साथ ही घर की छोटी-छोटी चीजों के लिए उन्हें किसी और पर निर्भर नहीं होना होगा। यह उनके मानसिक स्वास्थ के साथ-साथ पारिवारिक शांति के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

# अमेरिका व ईरान के बीच बने समझौते मसौदे के वैश्विक मायने

**ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा। पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। भारत के लिए यह समझौता कई कारणों से सकारात्मक हो सकता है:- एक, तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा। लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैं: चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है। चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती।**

अमेरिका और ईरान के बीच हाल में उभरे समझौता-ढांचे (Framework Agreement) को यदि अंतिम रूप मिल जाता है, तो इसके प्रभाव केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया, वैश्विक ऊर्जा बाजार और विश्व राजनीति पर पड़ेंगे। समझौते में युद्धविराम, परमाणु कार्यक्रम पर नियंत्रण, तेल प्रतिबंधों में राहत, ईरान की जमी हुई संपत्तियों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं। यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। आइए इसके वैश्विक मायने को क्रमशः समझते हैं:- पहला, वैश्विक ऊर्जा बाजार को मिलेगी बड़ी राहतः होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल और LNG व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर रणनीति पूर्वक ईरान ने अपना मजबूत कब्जा जमा लिया है। लिहाजा, इसके खुलने और तनाव घटने से कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकती है, जिससे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा। समझौते की खबर आते ही वैश्विक बाजारों में तेल कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। दूसरा, पश्चिम एशिया में घटेगा युद्ध का खतराः यदि अमेरिका-ईरान टकराव कम होता है, तो लेबनान, इराक, सीरिया और खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव कम होने की संभावना बढ़ेगी। समझौते के तहत क्षेत्रीय संघर्षों को शांत करने की बात भी सामने आई है। इससे भारत को लाभ यह होगा कि यूरोप, अरब देशों, मध्य एशिया के देशों और रूस के साथ विकसित होने वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक परिवहन कॉरिडोर के काम में गति आएगी। तीसरा, परमाणु प्रसार पर नियंत्रणः ईरान द्वारा परमाणु हथियार न बनाने, यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने तथा परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में सहमति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे मध्य पूर्व में परमाणु हथियारों की दौड़ पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। साथ ही, पाकिस्तान पर भी परमाणु हथियार हटाने का दबाव बढ़ेगा। चौथा, चीन और रूस की रणनीति पर असरः पिछले वर्षों में ईरान, चीन और रूस के बीच रणनीतिक निकटता बढ़ी थी। इससे भारत की भी परेशानी बढ़ रही थी, क्योंकि ईरान-पाकिस्तान-अफगानिस्तान के आतंकवादी कॉरिडोर को नियंत्रित करने में अमेरिका-चीन के षड्यंत्रकारी बाधक बन रहे थे। रूस भी मजबूरी में ईरान को साथ दे रहा है। ऐसे में यदि अमेरिका-ईरान संबंध सुधरते हैं, तो तेहरान को पश्चिमी निवेश और बाजारों तक पहुंच मिल सकती है, जिससे उसकी चीन और रूस के अलावा पाकिस्तान पर रणनीतिक निर्भरता कुछ कम हो सकती है। यह वैश्विक शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। पांचवां, भारत के लिए क्या मायने?: भारत के लिए यह समझौता कई कारणों से सकारात्मक हो सकता है:- एक, तेल आयात व अन्य सामान के सस्ता होने की संभावना बढ़ेगी। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा बेहतर होगी। चाबहार बंदरगाह और भारत-ईरान व्यापार को नई गति मिल सकती है। पश्चिम एशिया में स्थिरता भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यहां चीनी हस्तक्षेप कम होने से भारत पश्चिमी मोर्चे पर मजबूत होगा। छठा, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी हैंः चूंकि समझौते पर अभी भी पूर्ण सहमति नहीं बनी है, क्योंकि चीन-रूस दिल से ऐसा नहीं चाहते। लिहाजा, ईरान के कट्टरपंथी गुट इसका विरोध कर रहे हैं और इजराइल-हिज्बुल्लाह मोर्चे पर तनाव भी बना हुआ है। चूंकि कट्टरपंथियों ने बलिदान देकर ईरान को इतना मजबूत बनाया है। इसलिए उनके खिलाफ कोई भी ईरानी सरकार नहीं जा सकती। यही वजह है कि कई रिपोर्टों में कहा गया है कि अंतिम हस्ताक्षर और कार्यान्वयन अभी अनिश्चित हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि यदि यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो इसे 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में गिना जा सकता है। इससे तेल बाजार स्थिर होंगे, परमाणु संकट टलेगा, पश्चिम एशिया में शांति की संभावना बढ़ेगी और भारत सहित अनेक देशों को आर्थिक लाभ मिलेगा। लेकिन इसकी स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका, ईरान, इजराइल और क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने वादों का कितना पालन करती हैं। मेरी राय में यह समझौता जितनी जल्दी हो जाए, भारतीय हित उतनी जल्दी ही सधने शुरू जाएंगे। - कमलेश पांडेय





# अनियंत्रित भीड़ ने बदली तीर्थ पर्यटन की मूल अवधारणा

**प्रयाग पाण्डे**

**प्राचीनकाल में पर्यटन की शुरुआत तीर्थाटन, व्यावसायिक एवं साहसिक यात्राओं से ही हुई थी। उस दौर में तीर्थयात्रा की भावना मन और विचारों की पवित्रता से जुड़ी थी।**

यूं तो विश्व में तीर्थाटन का इतिहास बहुत पुराना है। भारत में तीर्थ और पर्यटन का घनिष्ठ संबंध रहा है। यहां तीर्थाटन एवं धार्मिक पर्यटन की प्राचीन परंपरा है। प्राचीनकाल में पर्यटन की शुरुआत तीर्थाटन, व्यावसायिक एवं साहसिक यात्राओं से ही हुई थी। उस दौर में तीर्थयात्रा की भावना मन और विचारों की पवित्रता से जुड़ी थी। श्रद्धालु शांति की खोज, पापों के प्रायश्चित और निर्वाण के निमित्त तीर्थयात्रा करते थे। लोगों को तीर्थस्थलों में मानसिक शांति और आध्यात्मिक सुख की अनुभूति होती थी। तीर्थाटन को सांसारिक परेशानियों एवं चिंताओं से मुक्ति पाने का उपक्रम माना जाता था। तब तीर्थयात्राओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं की आवश्यकता होती थी। तीर्थयात्रा साधना के समतुल्य मानी जाती थी। श्रद्धालु कठिनतम तीर्थ यात्रा करते थे। तब तीर्थयात्रा के संबंध में कहा जाता था- ''जितनी कठिन यात्रा, उतना ही उत्तम फल। आज के दौर में मानव जीवन में व्यापारीकरण और भौतिकवाद बढ़ता चला जा रहा है। विलासप्रियता के चलते अब तीर्थ एवं धार्मिक पर्यटन में भी आनंद एवं आराम की चाहत होने लगी है। जिसके कारण तीर्थाटन एवं धार्मिक पर्यटन का मूल आधार तेजी से बदल रहा है। आधुनिक युग में तीर्थ भी ''सर्वसुविधायुक्त आनंददायक यात्रा'' हो गई है। धर्मस्थलों की यात्रा का प्रेरक तत्व धर्म से अधिक देखादेखी, मौजमस्ती और सैर-सपाटा हो गया है। धर्म स्थलों में आस्था के नाम पर उमड़ने वाली अनियंत्रित भीड़ के कारण पारिस्थितिकी संतुलन गड़बड़ाने लगा है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। भीड़भाड़ और कोलाहलपूर्ण वातावरण से नाजुक पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। स्थानीय संसाधनों में अत्यधिक दबाव पड़ने लगा है। आए दिन लगने वाले वाहनों के लंबे जाम के कारण स्थानीय निवासियों की दैनंदिन की गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित होने लगी हैं। आवागमन पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा है। धर्म स्थलों की वहन क्षमता से कई गुना अधिक लोगों के आने से धर्म स्थलों की पचाने की क्षमता क्षीण होने लगी है। यही हाल अनियंत्रित पर्यटन का है। इसने नैनीताल को हिलाकर रख दिया है।नैनीताल में इंसानों से अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहनों का रेला उमड़ने लगा है। वाहनों की अनियंत्रित बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बोझ ढो रही नगर की सभी सड़कें - गलियां दोपहिया और चौपहिया वाहनों से पट सी गईं हैं। वाहनों की भीड़ के चलते सामान्य आवागमन बाधित हो गया है। पैदल चलने को रास्ते नहीं बचे हैं। नगर का हरेक कोना और पैदल रास्ते गाड़ियों से पट गए हैं। नगर का कोई भी कोना यांत्रिक यातायात से निरापद नहीं है। दोपहिया- चौपहिया वाहनों की रेलमपेल में आम इंसान का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि आम आदमी के लिए पैदल चलने की जगह ही नहीं बची है। चकाचौंध कर देने वाले अल्पवधि के इस अनियंत्रित पर्यटन के कारण संवेदनशील एवं चैतन्य पर्यटकों का आगमन कम होने लगा है, जिससे टिकाऊ और लाभकारी पर्यटन प्रभावित हो रहा है। यह स्थापित सत्य है कि अनियंत्रित एवं अनियोजित पर्यटन से लाभ के बजाय हानि अधिक होती है। अल्पकालिक सैर-सपाटा पर्यटन से लाभ नहीं, बल्कि विशुद्ध हानि ही होती है। ऐसे पर्यटन से भौतिक, पर्यावरणीय, सामाजिक एवं कानून- व्यवस्था की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यदि उत्तराखंड में पर्यटन उद्योग को टिकाऊ, दीर्घजीवी और लाभकारी बनाना है तो पर्यटकों की संख्या पर अंकुश लगाना आवश्यक है, भले ही वह धार्मिक या तीर्थ पर्यटन ही क्यों न हो।

## सेहत मंत्र

# बवासीर से ना हों परेशान, इलाज के लिए करें एलोवेरा का उपयोग

बवासीर को यूं तो एक स्वास्थ्य समस्या माना जाता है, लेकिन वास्तव में यह काफी कष्टकारी होती है। इस समस्या में आपकी गुदा व मलाशय की नसों में सूजन आ जाती है। जिसके कारण व्यक्ति को दर्द, खुजली या कभी?कभी गुदा से खून भी निकलता है। बवासीर का एक मुख्य कारण कब्ज है। यह समस्या आमतौर पर उन लोगों में अधिक देखने को मिलती है, जिन्हें लंबे समय तक बैठकर काम करना पड़ता है। हालांकि इस समस्या से निजात पाने के लिए आप डॉक्टर को दिखा सकते हैं, लेकिन कुछ घरेलू उपायों की मदद से भी इसका इलाज किया जा सकता है। बवासीर के इलाज के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल सालों से किया जाता रहा है। दरअसल, इसमें एंटी इंफलेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो जलन को कम करने में मदद करते हैं। बवासीर के इलाज के लिए आपको एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसका ही उपयोग करना चाहिए। हालांकि इस नुस्खे को आजमाने वाले कहते हैं कि कुछ लोगों को एलोवेरा से एलर्जी होती है। इसलिए पहले आप इसे अपने बाजू पर रगड़कर पहले चेक कर लेना चाहिए। अगर आपको कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है तो आप इसका इस्तेमाल आसानी से कर सकते हैं। बवासीर की समस्या में अक्सर गुदा मार्ग में सूजन आ जाती है। ऐसे में सूजन से राहत पाने के लिए आईस पैक या कोल्ड कंप्रेस का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार है। बड़े बुजुर्गों के अनुसार, जलन या सूजन होने पर कोल्ड कंप्रेस एक बेहद ही प्रभावी उपचार साबित हो सकता है। इसलिए बवासीर के इलाज के लिए भी कपड़े या पेपर टॉवल के अंदर बर्फ लपेंटे और प्रभावित स्थान पर कुछ देर के लिए रखें। हालांकि इस नुस्खे को आजमाते समय कभी भी बर्फ को सीधे ही इस्तेमाल ना करें। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डाइजेस्टिव एंड किडनी डिजीज के अनुसार, स्टूल सॉफ्टनर या फाइबर सप्लीमेंट जैसे साइलियम कब्ज से राहत दिलाने और स्टूल को नरम बनाने में मदद कर सकते हैं और इससे तेज, दर्द रहित मल त्याग करने में आसानी होती है।

## धर्म मंत्र

# यज्ञोपवीत का समझिये महत्व

यज्ञोपवीत जिसे हमें सामान्यतः जनेऊ के नाम से जानते हैं, यह कोई महज साधारण धागा नहीं है बल्कि हिन्दू धर्म में इसके साथ कई विशेष मान्यताएँ जुड़ी हुई हैं। पौरागिण ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि तपस्वियों, सप्त ऋषि तथा देवगणों ने कहा है कि यज्ञोपवीत ब्राह्मण की शक्ति है। ब्राह्मणों का यह आभूषण स्वर्ण या मोतियों का बना हुआ नहीं है, ना ही यह मोतियों से बना हुआ है। साधारण धागे से बना हुए इस पवित्र यज्ञोपवीत के माध्यम से ही देवता, ऋषियों और पितृ का ऋण चुकाया जाता है। हिन्दू धर्म में विभिन्न संस्कारों में से एक संस्कार यज्ञोपवीत धारण करना भी है। यज्ञोपवीत संस्कार का कार्यक्रम बेहद वृहद स्तर पर आयोजित किये जाते हैं क्योंकि इसे धारण करने के बाद व्यक्ति को शक्ति के साथ ही शुद्ध चरित्र मिलता है और वह कर्तव्य परायणता के बोध से विभोर हो जाता है। यज्ञोपवीत संस्कार के आयोजन के लिए भी शुभ मुहूर्त देखा जाता है, यज्ञोपवीत परम पवित्र है, प्रजापति ईश्वर ने इसे सबके लिए सहज ही बनाया है। यह आयुवर्धक, स्फूर्तिदायक, बंधन से छुड़ाने वाला और पवित्रता देने वाला है। यह बल और तेज भी देता है। इस यज्ञोपवीत के परम श्रेष्ठ तीन लक्ष्य हैं- सत्य व्यवहार की आकांक्षा, अग्नि के समान तेजस्विता और दिव्य गुणों की पवित्रता इसके द्वारा भली प्रकार प्राप्त होती है। आज के युग में अकसर यह देखने को मिलता है कि माता-पिता के कहने पर युवा यज्ञोपवीत संस्कार तो करवा लेते हैं लेकिन उसे पहनते नहीं हैं या पहनते हैं तो इसे धारण करने संबंधी नियमों का पालन नहीं करते। यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि आपका यज्ञोपवीत संस्कार हो गया है तो सदा इसे धारण करें और शिखा में गांठ लगाएं, बिना शिखा और बिना यज्ञोपवीत वाला जो धार्मिक कर्म करता है, वह निष्फल हो जाते हैं।

## पर्यटन



# विश्व धरोहर में शामिल है ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक जल दुर्ग गागरोन

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से देश के जल दुर्गों में दक्षिणी राजस्थान में मध्यप्रदेश राज्य की सीमा से लगते जिले झालवाड़ में स्थित गागरोन का दुर्ग जल दुर्ग का बेहतरीन उदहारण है। इतिहास की कई गाथाएं अपने में समेटे इस दुर्ग को यूनेस्को ने अपनी प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक साइट की श्रेणी में विश्व धरोहर में शामिल कर इसके महत्व को प्रतिपादित किया है। आइये! आप भी जानिए इस दुर्ग के बारे में, क्यों वर्षो से यह दुर्ग सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गागरोन दुर्ग झालावाड से मात्र तीन किलोमीटर दूरी पर कालीसिंध, परवन एवं आयड़ नदियों के संगम पर स्थित है। दुर्ग तीन ओर से पानी से धिरा है। सड़क मार्ग से जाने पर यह 14 किलोमीटर दूरी पर पड़ता है। इसका निर्माण समय-समय पर 8 वी से 18 वीं शताब्दी के मध्य किया गया। दुर्ग के चारों तरफ विशाल खाई, नदियां एवं सुदृढ़ प्राचीर इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। दुर्ग तक पहुँचने के लिए नदी में एक पुल बनाया गया है। दुर्ग पर शुंग, मालवों, गुप्तों, राष्ट्रकूटों, खींचियों का शासन रहा। अल्लाउद्दीन खिलजी इसे कई वर्षो तक घेरे रखने के बाद भी जीत नहीं सका। अकबर ने यह दुर्ग बीकानरे के पृथ्वीराज राठौड़ को दे दिया। भक्त शिरोमणी रामानंद के शिष्य संता पीपा भी इस दुर्ग के शासक रहें, जिन्होंने अपना राजपाठ त्याग कर दुर्ग अपने भाई अचलदास खींची को सौंप दिया। वर्ष 1436 ई. में राजा की रानी उमादेवी की सुंदरता के कारण उसे पाने के लिए सुल्तान महमूद खिलजी (मालवा) ने काफी समय दुर्ग को घेरे रखा। शत्रु को हराने का उपाय न सूझा तो स्त्रियों ने जौहर कर लिया एवं पुरूष रण में मारे गये। अचलदास खिचीं की वचनिका नामक काव्य रचना से पता चलता है कि उमा रानी ने चालीस हजार महिलाओं के साथ जौहर किया। अगले वर्ष अचलदास के पुत्र पाल्हणसी ने अपने मामा कुंभा की सहायता से दुर्ग पर आक्रमण कर अधिकार कर लिया। राठौड़ों के पतन के बाद दुर्ग बूंदी के शासकों हाड़ाओं के अधीन आ गया एवं यहीं से कोटा रियासत के अधीन हो गया।

# हादसों को आमंत्रण वनभूमि पर अतिक्रमण कर बने होटल, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता







रामनगर बाराबंकी। बौद्ध परिपथ बहराइच-बाराबंकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौली और रामनगर थाना क्षेत्र के मध्य स्थित बिंदोरा चौराहे पर वनभूमि पर कथित अतिक्रमण कर संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट अब राहगीरों की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित इन प्रतिष्ठानों के कारण आए दिन यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार होटलों पर ग्राहकों की भारी भीड़ जुटती है। कई बार चार पहिया वाहन, ट्रक और अन्य वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा तक खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और तेज रफ्तार वाहनों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम जैसे हालात उत्पन्न हो जाते हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वन विभाग की भूमि पर वर्षों से अतिक्रमण कर कारोबार संचालित किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों का भी इन होटलों पर आना-जाना लगा रहता है, जिसके चलते कार्रवाई की उम्मीदें धूमिल पड़ जाती हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बिना निर्धारित पार्किंग व्यवस्था के वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। इसके बावजूद प्रशासन और वन विभाग की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है।

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि वनभूमि पर हुए कथित अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात बाधित करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं चेता तो बिंदोरा चौराहा किसी बड़े हादसे का गवाह बन सकता है।

## अधिक मास के अवसान सोमवार को उमड़ा श्रद्धालुओं का समूह, जयकारों की गूंज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। पुरुषोत्तम मास के अंतिम सोमवार को श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर लोधेश्वर का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।मंदिर परिसर दिनभर जयकारों से गूंजता रहा।श्रद्धालु गंगाजल बेलपत्र भांग धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक करते रहे।विशेष मुहूर्त पर बाराबंकी सहित लखनऊ कानपुर उन्नाव गोंडा बहराइच सुल्तानपुर और सीतापुर समेत अन्य जिलों से भक्त दर्शन के लिए पहुंचे।सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर की लेटकर परिक्रमा की।मुख्य पुजारी वीरेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि अंतिम सोमवार के कारण देर रात तक दर्शन पूजन का क्रम जारी रहेगा।वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से धाम के विकास और कॉरिडोर निर्माण का कार्य को देखकर शिव भक्त प्रसन्न दिखे।

## गोमती में मिली घनश्याम की लाश: जान बचाने को नदी में कूदा था युवक, 12 घंटे बाद मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले के कोठी थाना क्षेत्र में पुलिस की जुआ विरोधी कार्रवाई के दौरान गोमती नदी में कूदकर लापता हुए युवक का शव सोमवार सुबह बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान घनश्याम साहू (33) पुत्र राम अभिलाख साहू, निवासी सराय रावत, हैदरगढ़ के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब सात बजे कोठी थाना क्षेत्र के पहला गांव में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी थी। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर छह लोगों को पकड़ लिया, जबकि कुछ लोग अंधेरे और अफरा-तफरी का फायदा उठाकर फरार हो गए। इसी दौरान घनश्याम साहू जान बचाने के प्रयास में गोमती नदी की ओर भागा और नदी में कूद गया। इसके बाद वह लापता हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। पुलिस, स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने पूरी रात गोमती नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

सोमवार सुबह घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर दांदूपुर गांव के पास नदी में घनश्याम का शव उतराता मिला। शव बरामद होते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है और लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद पुलिस कार्रवाई, सुरक्षा व्यवस्था और दबिश के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

एक सामान्य जुआ विरोधी कार्रवाई के दौरान हुई यह दर्दनाक घटना अब कई सवाल खड़े कर रही है। घनश्याम की मौत ने उसके परिवार से एक सहारा छीन लिया है, जबकि पूरे क्षेत्र में इस हादसे की चर्चा बनी हुई है।

### अवैध खनन पर प्रशासन मौन, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा: उप मुख्यमंत्री से गुहार

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम कोढ़वा में कथित अवैध मिट्टी खनन और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने सीधे उप मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचकर मामले की उच्चस्तरीय जांच और अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम कोढ़वा और आसपास के इलाकों में जेसीबी मशीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रतिदिन सुबह से देर रात तक दर्जनों डंपर क्षेत्रीय मार्गों पर दौड़ते रहते हैं, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है और स्कूली बच्चों व राहगीरों की सुरक्षा भी संकट में पड़ गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार उप जिलाधिकारी फतेहपुर, जिलाधिकारी बाराबंकी समेत संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि शिकायतों को नजरअंदाज किए जाने से अवैध खनन करने वालों के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि भारी डंपरों के लगातार संचालन से क्षेत्र की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं। तीन माह पूर्व अगासंड पावर हाउस से ग्राम बनौगा को जोड़ने के लिए बनाई गई डामर सड़क कई स्थानों पर उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन से बने विकास कार्यों को कुछ लोगों के आर्थिक लाभ के लिए बर्बाद किया जा रहा है और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। खनन और डंपरों से उड़ने वाली धूल के कारण बनौगा, मीरनगर, रसूलपुर, पड़री, बैना टीकरहार, पिलेहटी हैदराबाद और ताला समेत कई गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि धूल और प्रदूषण के कारण लोगों को सांस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि प्रशासन इस समस्या की अनदेखी कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले भी धरना-प्रदर्शन किया, डंपरों का संचालन रोकने का प्रयास किया और कई बार लिखित शिकायतें दीं, लेकिन जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो उन्हें उप मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगानी पड़ी। क्षेत्र में बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए अब लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### छत के रास्ते घर में घुसे चोर, 60 हजार नकदी व दस्तावेज ले उड़े

निंदूरा बाराबंकी। थाना कुर्सी क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत बसारा का है, जहां राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा के निकट स्थित एक मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब 60 हजार रुपये नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर गढ़ी मार्ग निवासी गया प्रसाद (60) रविवार रात भोजन करने के बाद घर का मुख्य दरवाजा और कमरों के दरवाजे बंद कर छत पर सोने चले गए। उनका एक हाथ फ्रैक्चर होने के कारण वह दवा लेकर आराम कर रहे थे। सोमवार तड़के करीब चार बजे उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि जीने का दरवाजा और घर के अंदर के कमरों के दरवाजे खुले हुए हैं। आशंका होने पर जब उन्होंने घर की जांच की तो एक बक्सा गायब मिला। पीड़ित के अनुसार चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और मुख्य दरवाजा खोलकर बक्सा लेकर फरार हो गए। बक्से में करीब 60 हजार रुपये नकद तथा कुछ आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। ''गौरतलब है कि बाराबंकी जिले में पिछले कुछ समय से चोरी की वारदातों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है''। पुलिस कई मामलों के खुलासे का दावा करती है, लेकिन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### तालाब में डूबे युवक की मौत मामले में हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

निंदूरा, बाराबंकी। घुंघटेर थाना क्षेत्र स्थित दांडे तुला धाम के अमृत सरोवर में रविवार को डूबने से युवक की मौत के मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। मृतक रोहित (20) निवासी मुशपरी, थाना महिगवां, लखनऊ के परिजनों ने उसके एक साथी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को रोहित अपने साथियों के साथ घूमने गया था और नहाते समय गहरे पानी में डूब गया था। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसका शव बाहर निकाला था।

### जिलान्यायाधीश, डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

बाराबंकी। जिलान्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सोमवार को जिला कारागार का संयुक्त औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, भोजन, प्रकाश व्यवस्था तथा महिला-पुरुष बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। गर्मी के मद्देनजर बंदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और जेल प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए।

### जमीन विवाद को लेकर तहसील में गरजे किसान, भाकियू भानु ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव मुड़िया में लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने सोमवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जल्द पैमाइश और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की सुबह करीब 11 बजे भाकियू भानु के पदाधिकारियों और किसानों ने तहसील परिसर में धरना शुरू किया किसानों का कहना है कि विवादित भूमि की पैमाइश और मामले के निस्तारण के लिए कई बार तहसील प्रशासन व संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई लगातार मिल रहे आश्वासनों से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण भूमि विवाद लगातार बढ़ रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मौके पर पैमाइश कराकर विवाद का स्थायी समाधान नहीं कराया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा धरना स्थल पर किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है फिलहाल किसानों का धरना जारी है ।

## योग सप्ताह का भव्य आगाज, योग आइकॉन नंदिता वर्मा सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में आयोजित ''योग सप्ताह'' का शुभारंभ सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) ऑडिटोरियम में उत्साह और गरिमामय माहौल के बीच हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह एवं अंगद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और आमजन ने सहभागिता की। इस अवसर पर जनपद की योग आइकॉन सुश्री नंदिता वर्मा को योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी प्रतिभा और समर्पण से प्रभावित होकर एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने उनकी उच्च शिक्षा का संपूर्ण खर्च वहन करने की घोषणा की।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की राह दिखा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योग गुरुओं के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास भी कराया गया। इसके बाद योग जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे अतिथियों ने गुब्बारे छोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से नागरिकों को नियमित योग अपनाने तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशी कुमार अवस्थी ने किया तथा अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शिविर में 225 आवेदन, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए एक भी दावेदार नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। विकास खंड सिरौलीगौसपुर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों को कुल 225 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए एक भी आवेदन न आना चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में आवास की जरूरतों को देखते हुए योजना के प्रति यह उदासीनता कई सवाल खड़े कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 14 से 16 जून तक आयोजित शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, बाल विकास, पशुपालन, पूर्ति और पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए।

स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर सबसे अधिक भीड़ रही, जहां 55 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। 29 लोगों की पैथोलॉजी जांच, 6 टीबी टेस्ट तथा 26 लोगों को परिवार कल्याण संबंधी परामर्श दिया गया। 11 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई और 17 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए गए।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के 2, राशन कार्ड के 2, उज्ज्वला योजना का 1, मनरेगा जॉब कार्ड के 6 तथा पेंशन योजना के 4 आवेदन प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन न मिलने से यह सवाल उठ रहा है कि क्या क्षेत्र के पात्र लोगों तक योजना की जानकारी नहीं पहुंच पा रही है या फिर पहले से ही अधिकांश पात्र लाभार्थी योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

कृषि विभाग में 25 किसानों ने योजनाओं की जानकारी ली तथा लघु सिंचाई योजना के तहत 6 किसानों ने बोरिंग के लिए आवेदन किया। पशुपालन विभाग में 29 पशुपालकों ने विभिन्न योजनाओं और टीकाकरण के लिए संपर्क किया। राजस्व विभाग को मात्र एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ।

खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। हालांकि प्रधानमंत्री आवास योजना में एक भी आवेदन न मिलना प्रशासन के लिए समीक्षा का विषय माना जा रहा है।

## मोहर्रम से पहले ताजिया मार्गों की जांच के निर्देश, आंधी से क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों की तुरंत होगी मरम्मत

### डीएम बोले- उपभोक्ताओं की शिकायतों का करें त्वरित और प्रभावी निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आंधी और खराब मौसम से क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों की तत्काल मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए। साथ ही आगामी मोहर्रम को देखते हुए सभी ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर ढीले एवं झूलते तारों को समय रहते दुरुस्त किया जाए। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयोजित विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ शिष्ट एवं सकारात्मक व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक पखवाड़े कर्मचारियों की बैठक कर शिकायतों और उनके निस्तारण की समीक्षा करें।

डीएम ने घर-घर जाकर मीटर रीडिंग लेने, त्रुटिरहित बिलिंग सुनिश्चित करने तथा जर्जर और ढीले विद्युत तारों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम को देखते हुए विभागीय टीमें पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें और लाइन फाल्ट सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अधीक्षण अभियंता विद्युत भविष्य कुमार, अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों को डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होगी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनपद के किसानों को खेती-किसानी के कार्यों के लिए डीजल की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप डीजल की सुचारु एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसानों को डीजल उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक किसानों को डीजल देने से अनावश्यक रूप से इंकार करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

किसानों की सुविधा के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। डीजल उपलब्धता से संबंधित किसी भी समस्या अथवा शिकायत के लिए किसान कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05248-297489 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए, जिससे कृषि कार्य प्रभावित न हों।





# महिला हॉकी नेशंस कप 2026 : भारत की जीत के साथ शुरुआत, अमेरिका को 3-2 से हराया

एजेंसी




ऑकलैंड। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में दमदार वापसी करते हुए सोमवार को अमेरिका को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज़ किया। ऑकलैंड के नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए पूल-ए मुकाबले में भारत ने शुरुआती झटकों के बाद शानदार खेल दिखाया। मैच की शुरुआत भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही। अमेरिका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए चौथे मिनट में एशले सेसा के फील्ड गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद सातवें मिनट में मैडलिन जिमर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अमेरिका को 2-0 की बढ़त दिला दी। दो गोल से पीछे होने के बाद भारतीय टीम ने धीरे-धीरे मैच पर पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में वापसी कर रही ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अंतर कम किया। इसके बाद भारतीय टीम का दबाव लगातार बढ़ता गया। 24वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक बार फिर शानदार कन्वर्जन करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। बराबरी के बाद भारत ने अपनी लय बरकरार रखी और हाफ टाइम से पहले ही बढ़त हासिल कर ली। 28वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 3-2 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन दोनों ओर की रक्षापंक्ति मजबूत रही। पूरे मैच में दोनों टीमों को छह-छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि कोई भी टीम आगे गोल नहीं कर सकी। भारत ने अंतिम क्षणों तक बढ़त बनाए रखी और महत्वपूर्ण तीन अंक अपने नाम किए। दो गोल करने वाली दीपिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल-ए में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जापान भी तीन अंकों पर है, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर बना हुआ है। अब भारतीय महिला टीम अपना अगला मुकाबला 16 जून को जापान के खिलाफ खेलेगी।

# मुझे दबाव वाली परिस्थितियां और आईसीसी टूर्नामेंट में खेलना पसंद हैं: दीप्ति शर्मा

एजेंसी



बर्मिंघम। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप के मैच में भारत की आसान जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद कहा कि उन्हें आईसीसी के टूर्नामेंट और दबाव में खेलने में आनंद आता है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली दीप्ति ने पाकिस्तान के खिलाफ 10 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे भारत ने यह मैच 64 रन से जीता। दीप्ति का प्रदर्शन महिला टी20 विश्व कप में किसी भारतीय खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यही नहीं यह टूर्नामेंट में कुल मिलाकर तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। दीप्ति ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को खिताब दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मुझे दबाव वाली परिस्थितियां और आईसीसी टूर्नामेंट में खेलना पसंद हैं। मुझे ऐसा लगता है कि मैंने वहीं से फिर से शुरुआत की है जहां मैंने खत्म किया था, इसलिए अच्छा लग रहा है। मैं अपनी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, ''इससे मुझे काफी मदद मिलती रही है। बस मुझे आगे बढ़ते रहना है, रुकना नहीं है और दिन-प्रतिदिन अपने खेल में सुधार करते रहना है। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थी जो 2017 में यहां वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी। तब से लेकर अब तक के अपने सफर के बारे में दीप्ति ने कहा, ''जब आप युवा दीप्ति और अब की अनुभवी दीप्ति पर गौर करते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। पुराने मैचों विशेषकर 2017 विश्व कप से मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं हर मैच से सीखती हूं। मैं हमेशा अपनी गलतियों का आकलन करती हूं और इस पर ध्यान देती हूं कि मैं कहां बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं। उन्होंने कहा, ''मैं नियमित रूप से आविष्कार (साल्वी) सर से इस बारे में बात करती हूं, जिससे मुझे काफी मदद मिलती है। प्रत्येक मैच से कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप जीत रहे हैं या नहीं। पाकिस्तान के खिलाफ, दीप्ति ने सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा, आयशा जफर, आलिया रियाज, नशरा संधू और तस्मिया रुबाब को आउट किया। बल्लेबाजी करते समय उन्होंने नौ गेंदों में नाबाद 12 रन बनाए। दीप्ति ने कहा, ''मैं अपनी रणनीति को सरल बनाए रखती हूं। मुझे खुद पर भरोसा था कि जब भी मुझे मौका मिले तो मुझे आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेनी होगी। विकेट थोड़ा टर्न ले रहा था और मैंने सही जगह पर गेंद पिच कराई।

# दाउद अहमदजई : अफगानिस्तान टीम में नहीं मिली जगह, फ्रांस में पूरा हुआ सपना

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक वह भी दौर था जब हशमतुल्लाह शाहिदी को बल्लेबाजी या मोहम्मद नबी को स्पिन गेंदबाजी करते देख दाउद अहमदजई मन मसोसकर रह जाते थे कि आखिर वह अफगानिस्तान क्रिकेट टीम में क्यो नहीं हैं। अंडर 19 स्तर पर शाहिदी, नबी, गुलबदिन नायब या नजीबुल्लाह जदरान के साथ खेल चुके दाउद अक्सर खुद से पूछते थे कि क्या उनके भीतर क्रिकेट बची भी है या नहीं। बत्तीस वर्ष के इस क्रिकेटर ने पीटीआई से कहा ,'' कई बार टीवी पर उन्हें देखकर मैं रोता था। मैं उनके साथ खेल चुका था। कई बार लगता था कि मेरे सफर को क्या हो गया है और मैं क्या अलग कर सकता था। उन्होंने कहा ,'' मैं अफगानिस्तान की जर्सी पहनना चाहता था। ये खिलाड़ी मेरे दोस्त और साथी थे जिनके साथ मैने काफी क्रिकेट खेली है लेकिन जिंदगी मुझे कहीं और ले गई। लेग स्पिनर दाउद ने फ्रांस में शरण ली लेकिन यह सफर उतना आसान भी नहीं था। अफगानिस्तान छोड़ने के बाद उन्हें यूरोप में शून्य से शुरूआत करनी पड़ी। वह क्लब क्रिकेट खेलने के लिये 11 घंटे बस में सफर करके पेरिस से एम्सटर्डम आते थे क्योंकि ट्रेन टिकट महंगे थे। पौष्टिक और भरपेट खाना मिलना तो कई बार दूभर हो जाता था। उन्होंने कहा ,'' मैच खेलने के लिये 11 घंटे जाना और 11 घंटे लौटने का सफर तय करता था। लेकिन मुझे हमेशा लगता था कि कठिन समय निकल जायेगा। मैने कभी क्रिकेट छोड़ने के बारे में नहीं सोचा। हाल ही में वह फ्रांस के लिये 50 से ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने। उन्होंने कहा ,'' मैं फ्रांस को विश्व कप में देखना चाहता हूं। इटली ने साबित कर दिया कि यूरोपीय टीमें भी कर सकती है।

# वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया, सीरीज़ 2-1 से जीती

एजेंसी




जमैका। तेज गेंदबाज़ शमार जोसेफ की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी और शेरफ़ेन रदरफोर्ड की संयमित अर्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रही। कमिल मिशारा और पथुम निसांका ने तेज रन बनाए और टीम ने शुरुआती ओवरों में मजबूत स्थिति बना ली। पांचवें ओवर तक स्कोर 48/1 पहुंच गया था और बड़ा स्कोर बनने की उम्मीद दिख रही थी। हालांकि इसके बाद मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। तेज गेंदबाज़ शमार जोसेफ ने अपने पहले ही ओवर में दो बड़े विकेट लेकर श्रीलंका की लय तोड़ दी। मिशारा 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए और इसके बाद श्रीलंका लगातार विकेट गंवाता चला गया। मध्यक्रम में दासुन शनाका और दुनिथ वेलालागे ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन शनाका के आउट होने के बाद दबाव और बढ़ गया। वेलालागे ने कुछ आक्रामक शॉट लगाकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम ओवर में फिर शमार जोसेफ ने तीन विकेट लेकर श्रीलंका को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 169 रन पर सिमट गई। जोसेफ ने 5 विकेट लेकर 33 रन दिए और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला पांच विकेट हॉल दर्ज किया। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत धीमी रही। शुरुआती तीन ओवरों में सिर्फ 10 रन बने और कप्तान शाई होप जल्दी आउट हो गए। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर ने तेज बल्लेबाज़ी करते हुए टीम को संभाला। मध्य ओवरों में श्रीलंका के स्पिनरों, खासकर वानिंदु हसरंगा, ने मैच में वापसी कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर 10 ओवर में 64/4 हो गया। ऐसे समय में शेरफ़ेन रदरफोर्ड ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने दबाव में बल्लेबाज़ी करते हुए नाबाद 54 रन (40 गेंद) बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में जेसन होल्डर ने तेज़ी से रन बनाते हुए मैच खत्म कर दिया।

## स्टोक्स और एटकिंसन के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रॉबिन्सन भी टीम से बाहर

लंदन। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन के बाद एक अन्य तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन भी घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से बाहर हो गए हैं। रॉबिन्सन ने पहले टेस्ट मैच में 77 रन देकर सात विकेट लिए थे। इंग्लैंड ने यह मैच 115 रन से जीता था। स्टोक्स और एटकिंसन को बुधवार को टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि एक नाइट क्लब में हुई घटना के बाद उनकी जांच चल रही है। रॉबिन्सन टीम के साथ ही रहेंगे और 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट से पहले अपने घुटने की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन करवाएंगे। उनकी जगह पर अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले हेनरी क्रोकोम्बे को टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स की अनुपस्थिति में जो रूट टीम की कप्तानी करेंगे।

# एयरटेल अफ्रीका में हिस्सेदारी बढ़ाकर 79 प्रतिशत करेगी भारती एयरटेल

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारती एयरटेल को शेयर अदला-बदली समझौते के जरिये एयरटेल अफ्रीका में 28,220 करोड़ रुपये में 16.31 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी लगभग 100 प्रतिशत शेयरधारकों से मिल गई है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इस लेनदेन के बाद भारती एयरटेल की हिस्सेदारी एयरटेल अफ्रीका में मौजूदा 62.73 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 79 प्रतिशत हो जाएगी। इसमें कहा गया, '' (भारती एयरटेल के) लगभग 100 प्रतिशत शेयरधारकों ने इस लेनदेन को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य प्रमुख रणनीतिक अनुषंगी कंपनी एयरटेल अफ्रीका पीएलसी में हिस्सेदारी को बढ़ाना है। इस लेनदेन में भारती एयरटेल के प्रवर्तक समूह की इकाई इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड को तरजीही आधार पर शेयर जारी किए जाएंगे, जिसके बदले में एयरटेल अफ्रीका में उसकी 16.31 प्रतिशत हिस्सेदारी ली जाएगी। बयान के अनुसार, यह लेनदेन एक नकद-रहित शेयर अदला-बदली है जो कंपनी को बिना किसी अतिरिक्त उधारी या नकद निकासी का एक बड़ा हिस्सा अधिग्रहित करने और एक उच्च-विकास वाली परिसंपत्ति में अपना आर्थिक हित बढ़ाने का अवसर देता है। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा, '' एयरटेल अफ्रीका हमारी विकास रणनीति के केंद्र में है और यह मजबूत प्रदर्शन देने के लिए अच्छी स्थिति में है। इससे हमारे एकीकृत राजस्व में इसका योगदान बढ़ेगा। शेयर अदला-बदली के रूप में संरचित, भारत का सबसे बड़ा यह लेनदेन एयरटेल की मुख्य गतिविधियों और भविष्य की विकास महत्वाकांक्षाओं के लिए पूंजी की मजबूती को बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि शेयरधारकों का भारी समर्थन संगठन में निवेशकों के विश्वास को मजबूत करता है। मित्तल ने कहा, '' भविष्य में हमें अफ्रीका में दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य सृजन की महत्वपूर्ण संभावना दिखाई देती है।

# मार्च के बाद सबसे निचले स्तर पर आया कच्चा तेल डब्ल्यूटीआई क्रूड 79.76 डॉलर के स्तर तक फिसला

एजेंसी




नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए बनी सहमति के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत मार्च के बाद के अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। पश्चिम एशिया में तनाव खत्म होने की संभावना की वजह से कच्चे तेल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले डेढ़ महीने के दौरान 37 डॉलर प्रति बैरल तक गिर चुकी है। इस गिरावट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में 120 डॉलर प्रति बैरल तक की छलांग लगाने वाला ब्रेंट क्रूड आज 82.70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ऑयल टैंकर्स और मालवाहक जहाजों की आवा-जाही फिर से शुरू करने और ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शुरुआती समझौते पर काफी हद तक सहमति बन गई है। जल्दी ही दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता हो सकता है। ट्रंप की इस घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की तरह ही वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमत मार्च के बाद पहली बार गिर कर 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे गिर गई। आज के कारोबार की बात करें तो ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 4.20 डॉलर प्रति बैरल यानी पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 83.07 डॉलर के स्तर पर आ गई। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 4.7 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.6 प्रतिशत लुढ़क कर 80.12 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। फिजिकल मार्केट में ब्रेंट क्रूड आज 3.52 डॉलर प्रति बैरल टूट कर 83.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के कुछ देर बाद ब्रेंट क्रूड फिसल कर मार्च महीने के बाद के सबसे निचले स्तर 82.70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 2:30 बजे ब्रेंट क्रूड 4.35 डॉलर प्रति बैरल यानी 4.98 प्रतिशत टूट कर 82.98 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज 3.95 डॉलर प्रति बैरल लुढ़क कर 80.93 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही यह फिसल कर 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे फिसल कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2:30 बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 4.59 डॉलर प्रति बैरल यानी 5.41 प्रतिशत टूट कर 80.29 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# मई में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में 27.3 फीसदी का इजाफा : सियाम

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री में इजाफा हुआ है। मई में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 27.3 फीसदी बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई। मई 2025 में थोक बिक्री 3,44,656 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। सियाम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री भी मई महीने में 14.8 फीसदी बढ़कर 19,02,209 इकाई हो गई, जो मई 2025 में 16,57,116 इकाई थी। उद्योग संगठन सियाम के मुताबिक तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री मई में 31.1 फीसदी बढ़कर 70,720 इकाई हो गई, जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 53,942 इकाई रही थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने जारी बयान में कहा, ''यात्री वाहनों, तिपहिया और दोपहिया वाहनों ने मई 2026 में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जिसमें हर सेगमेंट में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ''पिछले वर्ष मई के निम्न आधार प्रभाव और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी से उत्पन्न मांग, साथ ही आसान वित्तपोषण के कारण मई महीना फिर से खपत में वृद्धि के रूप में दिख रही है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, फीकी पड़ी सोना और चांदी की चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,070 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,51,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,36,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,49,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,51,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,36,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,49,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,36,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,36,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,36,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,49,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,36,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर देश की अनिवार्य आवश्यकता : डॉ जितेंद्र सिंह

## शांति विधेयक परमाणु ऊर्ज़ा के शांतिपूर्ण प्रयोग के डॉ भाभा के वचन की सिद्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि देश में बिजली तैयार करने के लिए छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर अब कोई विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बनने जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि परमाणु ऊर्ज़ा क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलने के प्रावधानों वाला शांति ( भारत के कायाकल्प के लिए उन्नत परमणु ऊर्ज़ा का स्वस्थ उपयोग) विधेयक 2025 के बाद छोटे माड्यूलर रिएक्टर देश में स्वच्छ ऊर्ज़ा, अवसंरचना क्षेत्र की ऊर्ज़ा की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने का माध्यम और रोजगार और आजीविका का सहारा बनेंगे। डॉ सिंह मोदी सरकार के नेतृत्व में 12 वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रगति पर प्रस्तुति देने के लिए यहां विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शांति अधिनियम से संबंधित नियमों को सभी हितधारकों के साथ मिल कर अंतिम रूप दिया जा रहा है और इन्हें जल्द ही अधिसूचित करने की योजना है। उन्होंने परमाणु ऊर्ज़ा क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति देने के मोदी सरकार के निर्णय को 'क्रांतिकारी' बताते हुए कहा कि इस मुद्दे पर इससे पहले 'राजनीतिक नेतृत्व का दृष्टिकोण यथास्थितिवादी था पर सौभाग्य से आज हमारे पास ऐसे प्रधानमंत्री है जिनमें साहसिक निर्णय करने की क्षमता है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिकी अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संवाददाताओं के सवालों को जवाब देते हुए शांति विधेयक और छोटी मॉड्यूलर परमाणु ऊर्ज़ा भट्टियों से जुड़े सवालों पर डॉ सिंह ने कहा, ' छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर अब कोई चयन या विकल्प का विषय नहीं बल्कि जरूरत बन गये हैं, इन्हें करना ही करना है।' इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे छोटे परमाणु रिऐक्टर तंग बस्तियों, घने क्षेत्रों, आवासीय समितियों, बड़े कारखानों और अवसंरचना परियोजनाओं तथा ऐसे दूर दराज के इलाकों में बिजली की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे जहां बिजली-ग्रिड की तार नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि 200 मेगावाट से कम की क्षमता वाले रिएक्टरों को स्माल (छोटे) रिएक्टर के रूप में परिभाषित किया गया है। सरकार छोटे निवेशकों को 100 मेगावाट के छोटे रिएक्टर लागाने की भी अनुमति देगी।

अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्ज़ा विभागों के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी निभा रहे डॉ सिंह ने शांति विधेयक को 'अडानी, अंबानी' के फायदे के लिए बनाया गया कानून बताने वालों की आलोचना को खारिज करते हुए कहा, ' मैं इस मौके पर शांति विधेयक को दो औद्योगिक घरानों के फायदे के लिए की जा रही व्यवस्था बताने वालों से कहना चाहूंगा कि, ऐसा नहीं है। हमने इसमें कैपिंग की है। इसमे 100 मेगा वाट तक के छोटे रिएक्टर भी लगाये जा सकते हैं। यह काम युवाओं का समूह बाहर से पूंजी जुटा कर कर सकता है। इसमें सरकार के अनुसंधान विकास एवं नवाचार के लिए बने कोष से 50 प्रतिशत तक की सहायता मिल सकती है। डॉ सिंह ने कहा कि पिछले साल पारित शांति विधेयक के तहत परमाणु (दुर्घटना) देनदारी कोष की शर्त भी कम कर दी गयी है। छोटे रिएक्टरों के लिए इसे 1000 करोड़ रुपये तक सीमित कर दिया गया है जो परमाणु दुर्घटना की स्थिति में उठे सिविल नुकसान के दावों के लिए होती है। इसे देने की जरूरत नहीं पड़ती,अभी तक कोई दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शांति अधिनियम के तहत हमारी परमणु कार्यक्रम वास्तव में स्वच्छ ऊर्ज़ा का कार्यक्रम है।

यह भारत के परमणु कार्यक्रम के जनक डॉ होमी भाभा के उस वचन को साकार करता है,जिसमें उन्होंने दुनिया को आश्वत किया था कि भारत का पूरमाणु कार्यक्रम ऊर्ज़ा के शांतिपूर्ण उपयोग का कार्यक्रम है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि छोटे रिएक्टर भारत की खनिज ईंधन पर निर्भरता को कम करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2027 तक 100 गीगा वाट (एक लाख मेगावाट) परमाणु बिजली उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। यह प्रधानमंत्री की 20270 तक कार्बन उत्सर्जन गहनता को घटा कर शुद्ध रूप से शून्य करने के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ सिंह ने कहा आज के अनुमानों के अनुसार 2027 तक इस लक्षित क्षमता के साथ हम अपनी ऊर्ज़ा की 10 प्रतिशत या उससे अधिक जरूरत परमाणु ऊर्ज़ा से, 60-70 प्रतिशत से अधिक की जरूरत नवीकरणीय स्रोतों की ऊर्ज़ा से प्राप्त करेंगे। इस तरह हम फॉसिल फ्यूल (कोयला आदि खनिज ईंधन) की जरूरत से 100 प्रतिशत मुक्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के परमणु ऊर्ज़ा कार्यक्रम को लेकर विदेशी निवेशकों में रुचि दिखी है।

अमेरिका से पिछले दिनों एक बड़ा दल दिल्ली और मुंबई की यात्रा पर आया था। उन्होंने भी भारत में निवेश की संभावनाओं और अवसरों की जानकारी लेने के साथ साथ कुछ सुझाव भी दिये हैं। '' भारत की सेवा में विज्ञान के 12 वर्ष'' विषय पर इस विशेष संवाददता सम्मेलन को सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश सुधीर गोखले में पिछले 12 वर्ष में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की जानकारी दी और इस दौरान हुई उपलब्धियों को अभूतपूर्व बताया।

# धन शोधन में गिरफ्तार अधिकारी अब रिलायंस से जुड़े नहीं हैं: प्रवक्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस समूह ने सोमवार को स्पष्ट किया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किये गये समूह के पूर्व प्रबंध निदेशक सतीश सेठ और गौतम दोशी अब कंपनी से जुड़े नहीं हैं।

रिलायंस समूह के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 70 वर्षीय सतीश सेठ समूह के प्रबंध निदेशक रहने के साथ-साथ कई कंपनियों के निदेशक मंडल में भी शामिल रहे थे, लेकिन वर्ष 2025 में उन्होंने समूह छोड़ दिया था। प्रवक्ता ने बताया कि 73 वर्षीय गौतम दोशी भी समूह के प्रबंध निदेशक रह चुके हैं और उन्होंने समूह की कई कंपनियों तथा अन्य संस्थाओं में निदेशक के रूप में काम किया था। उन्होंने वर्ष 2020 में रिलायंस समूह से अलग हो गये थे। इससे पहले सोमवार को ईडी ने कहा था कि दोनों पूर्व अधिकारियों को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत चल रही जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। ईडी के अनुसार, सतीश सेठ को रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) में गिरफ्तार किया गया है, जबकि गौतम दोशी को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अन्य से जुड़े एक अलग ईसीआईआर मामले में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी का आरोप है कि सतीश सेठ ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा संचालित सड़क निर्माण परियोजनाओं से सार्वजनिक धन की कथित हेराफ़ेरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। गौतम दोशी पर आरोप है कि उन्होंने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड से कथित अपराध की आय को इधर-उधर करने के लिए एक कॉरपोरेट ढांचा तैयार करने में भूमिका निभायी। ईडी ने कहा कि सेठ लंबे समय तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) से जुड़े रहे और समूह की कई कंपनियों में महत्वपूर्ण वाणिज्यिक तथा वित्तीय निर्णयों पर उनका प्रभाव था।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में 210 मिशनों के माध्यम से 2500 से अधिक होंगे योग के कार्यक्रम

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयोजित किया जायेगा और इसके साथ ही दुनिया भर के 210 से अधिक मिशनों के माध्यम से 2500 से ज्यादा स्थानों पर योगासन किये जायेंगे।

केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की जानकारी देने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2014 के बाद से योग को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। इस बार 21 जून को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के सहयोग से दुनिया भर के 210 से अधिक मिशनों के माध्यम से 2500 योग से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 190 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहले से ही मनाया जा रहा है। योग दुनिया में जन आंदोलन बनता जा रहा है। श्री जाधव ने कहा कि वाम दलों और तृणमूल कंग्रेस सरकार के कार्यकाल में योग के प्रचार-प्रसार के लिए पश्चिम बंगाल में खास प्रयास नहीं किये गये। इसलिए अब राज्य में योग को बढ़ावा देने की कोशिश के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया जायेगा। स्वामी विवेकानंद ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने में पहली बार योगदान दिया था। इस बात को भी ध्यान में रखते हुए कोलकाता में 21 जून को योग का मुख्य कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित होने वाले योग के मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। इस मौके पर वहां के लोगों से घरों से बाहर निकल कर योग करने की अपील की गयी। मुख्य कार्यक्रम के बाद हुगली नदी में 500 नौकाओं पर योगासन किये जायेंगे। आयुष मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय 100 स्थानों पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसके अलावा संस्कृति मंत्रालय योग के प्रचार-प्रसार के लिए कई अन्य कार्यक्रम भी चला रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में योग को स्कूली शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया गया है।

केंद्र सरकार के निर्देशों और नयी शिक्षा नीति के तहत इसे विभिन्न रूपों जैसे पाठ्यक्रम, प्रार्थना सभा और शारीरिक शिक्षा के रूप में स्कूलों में शामिल किया गया है। श्री जाधव ने कहा कि स्कूलों में योग को शिक्षा का अंग बनाये जाने से बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षकों की आवश्यकता होगी और इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आयुष मंत्रालय के अधीन योग सर्टिफिकेशन बोर्ड गठित किया गया है, जहां से छह लाख प्रमाणपत्र निर्गत किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि योग को ओलंपिक खेलों में शामिल करने के भी प्रयास किये जा रहे हैं। योग को एशियाई खेलों में शामिल कर लिया गया है।

# जमीन से हमला करने वाली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से ज़मीन पर हमला करने वाली लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत परीक्षण रेंज , चांदीपुर में विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों से मिले डेटा के अनुसार, परीक्षण के सभी लक्ष्य पूरी तरह से हासिल कर लिए गए। यह देश में ही विकसित मिसाइल है, जिसके सभी सब-सिस्टम डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित किए गए हैं। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु इसकी नोडल प्रयोगशाला है। इस लॉन्च के दौरान डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारी और भारतीय नौसेना तथा भारतीय वायु सेना के प्रतिनिधि मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण पर डीआरडीओ टीम और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है।

# भारतीय नाविकों की मौत पर मोदी चुप्पी तोड़ें, कराएं कड़ा विरोध दर्ज : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी हमले में भारतीय जहाज के चालक दल के तीन सदस्यों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने और इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि भारतीय नागरिकों की हत्या पर प्रधानमंत्री को शोक व्यक्त करने के साथ ही समुद्री सुरक्षा की व्यापक समीक्षा करानी चाहिए।

कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स विभाग प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज करने के साथ ही विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बयान की भी निंदा करनी चाहिए। श्रीमती श्रीनेत ने हमले में मारे गए हिमाचल प्रदेश के आदित्य शर्मा, उत्तर प्रदेश के शिवानंद चौरसिया और आंध्र प्रदेश के पटनाला सुरेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कंग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नाविकों के परिवार गहरे सदमे में हैं और पूरे देश में शोक का माहौल है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 11 जून को ओमान की खाड़ी में एमटी सेट्टेबेल्लो जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई। उनका कहना था कि जहाज पर हमला करते समय यह जानकारी थी कि उसमें भारतीय नागरिक सवार हैं, इसके बावजूद हमला किया गया। उन्होंने कहा कि भारत का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बावजूद भारतीय नागरिकों की जान गई, जिससे पूरा देश गमगीन है। श्रीमती श्रीनेत ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने न तो शोक व्यक्त किया और न ही सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की ओर से आपत्ति जताए जाने के बावजूद विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बयान में भारतीय नागरिकों की मौत को उचित ठहराने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय त्रासदी और राष्ट्रीय शोक का विषय है। उनका आरोप था कि भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को पर्याप्त मजबूती से नहीं उठाया। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होती है तो उन्हें यह मुद्दा उनके समक्ष प्रमुखता से उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इस मुद्दे पर वह नरम रुख क्यों अपना रही है। उनका कहना था कि मारे गए लोग छोटे शहरों के सामान्य परिवारों से थे, लेकिन उनकी मौत पर भी प्रधानमंत्री की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उन्होंने कहा कि सरकार को भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाना चाहिए।

# पेज एक का शेष

## अब 'कुबेर' भी...

के पांच बड़े प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय यहां कैंपस स्थापित करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसानों ने पहली रजिस्ट्री की तो वे विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ मेरे पास आए थे। मैंने ग्रेनो में भी किसानों से कहा था कि आप रजिस्ट्री कराइए, पैसा वह मिलेगा, जो आपने सोचा भी नहीं होगा। हम सौदेबाजी नहीं कर रहे हैं। आपका हक देंगे। सिर्फ आप रहेंगे और हम रहेंगे, बीच में कोई नहीं रहेगा। किसानों के कारण वह क्षेत्र और भावी पीढ़ी का भविष्य, दोनों बदलने जा रहे हैं। योगी ने किसानों से कहा कि आपकी पीढ़ियां हजारों वर्षों से वहां रह रही हैं। आपके पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़ी, विपरीत परिस्थितियों को झेला और अपनी जमीन को बचाकर रखा। आपने जब सही समय पर सही निर्णय किया तो भारत का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया। एयरपोर्ट पर कार्गो व एमआरओ की भी होगी सुविधामुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। अब तक भारत में एयरक्रॉफ्ट मेंटिनेंस, रिपेयरिंग व ओवरहॉलिंग की सुविधा नहीं थी, इसके लिए सिंगापुर व दुबई जाना पड़ता था। अब इसके लिए भी लोग यहां आएंगे। युवाओं को घर पर ही मिलेगी नौकरी मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को इंजीनियर के रूप में ट्रेंड करना है, जिससे घर में ही नौकरी मिल सके। जेवर में जितना निवेश आएगा, उसके लिए ट्रेंड मैनपावर की आवश्यकता है। यमुना अथॉरिटी ने टाटा के साथ वहां सवा दो सौ करोड़ रुपये से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की कार्यवाही को बढ़ाया है। वहां युवाओं को आधुनिक तकनीक पर ट्रेनिंग, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री कोर्स, कौशल विकास की सुविधा मिलेगी। स्थानीय नौजवानों को स्थानीय विकास से जुड़ने का भी अवसर मिलेगा। वहां आने वाला निवेश नौकरी प्राप्त करने का आधार भी बनेगा। क्षेत्र में शिक्षा और चिकित्सा की हो रही व्यवस्थामुख्यमंत्री ने जेवर के विधायक की मांग पर कहा कि हमारा प्रयास है कि इस सत्र में डिग्री कॉलेज को प्रारंभ कर दें, जिससे बच्चों को उच्च शिक्षा मिले। मेडिकल व खेल सुविधा की मांग को भी मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप में लिया। वहां ट्रामा सेंटर बना रहे हैं। सीईओ यीडा से भी कहा गया है कि वहां मेडिकल व मेडिकल एजूकेशन की अच्छी संभावनाओं को बढ़ाएं। इसमें सरकार सहयोग करेगी। वहां इनडोर स्टेडियम बने। स्थानीय संभावनाओं का लाभ युवाओं को लाभ मिले, जिससे वे देश के विकास में योगदान दें। जैसे वहां के पैरा ओलंपिक खिलाड़ी ने देश के लिए पदक जीतकर इतिहास रचा है, वैसे ही हमारी भी तैयारी जेवर को जेवर की तरह ही प्रस्तुत करने की है। इस दौरान वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, अपर मुख्य सचिव (वित्त/नागरिक उड्ड्यन) दीपक कुमार, इंडिगो के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, यीडा के सीईओ आरके सिंह आदि मौजूद रहे।

## महंगे ईंधन और...

प्राइस इंडेक्स (आईपीपीआई) और सात सेवा क्षेत्रों के सर्विस प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) भी जारी किए गए हैं। डब्ल्यूपीआई का उपयोग अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगा, जिससे उद्योग और अन्य उपयोगकर्ता धीरे-धीरे पीपीआई प्रणाली को अपना सकें। इसके बाद डब्ल्यूपीआई को बंद कर दिया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक 100.9 और बीमा सेवा मूल्य सूचकांक 102.8 रहा। वहीं, दूरसंचार सेवा सूचकांक 112.2 पर स्थिर रहा। नई डब्ल्यूपीआई शृंखला में कुल वस्तुओं की संख्या 697 से बढ़ाकर 957 कर दी है।

## ट्रम्प का समझौता...

की परमाणु गतिविधियों से जुड़े पुराने विवादों को हल करने के उद्देश्य से बातचीत शुरू करने की परिकल्पना की गयी है। इस सहमति पत्र पर 19 जून को जिनेवा में आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्ज़ा बाजारों में होर्मुज जलडमरूमध्य की केंद्रीय भूमिका के कारण इस ऐतिहासिक समझौते को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। फारस की खाड़ी को अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों से जोड़ने वाले इस संकीर्ण जलमार्ग से होकर दुनिया के तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। इस संघर्ष के कारण पैदा हुई बाधाओं ने ऊर्ज़ा की कमी, ईंधन की कीमतों में उछाल और व्यापक आर्थिक अस्थिरता की आशंकाओं को बढ़ा दिया था। फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और इटली के नेताओं ने संयुक्त बयान में इस समझौते को क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को सहारा देने का महत्वपूर्ण अवसर बताया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब पूरा ध्यान इसके क्रियान्वयन पर होना चाहिए। इन नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा, अब यह बेहद जरूरी है कि विस्तृत बातचीत पूरी हो और इस समझौते को तेजी से तथा पूरी तरह से लागू किया जाये। चारों यूरोपीय शक्तियों ने खाड़ी क्षेत्र में मैरीटाइम सुरक्षा बहाल करने के महत्व का भी जिक्र किया। इन देशों के नेताओं ने कहा, ल्लयह बेहद जरूरी है कि बिना किसी शर्त या रोक-टोक के जहाजों की आवाजाही के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत खोला जाये। हम अपने संवैधानिक प्रावधानों के दायरे में रहकर इसमें अपनी भूमिका निभाने को तैयार हैं। व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा देने और समुद्र से बारूदी सुरंगें हटाने के लिए हम पूरी तरह से रक्षात्मक और स्वतंत्र मिशन चलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही, उन्होंने अपनी पुरानी बात फिर दोहरायी कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाने देना चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे को बातचीत से सुलझाने के समर्थन के भी संकेत दिये। बयान में कहा गया है, हम इस दिशा में अमेरिका, ईरान और आईएईए के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर साफ और जांचे जा सकने वाले कदम उठाता है, तो हम भी उसके बदले लगे प्रतिबंध हटाने को तैयार हैं। इस समझौते को मिला समर्थन यूरोप से बाहर भी देखने को मिला। जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची ने शत्रुता की समाप्ति से जुड़े इस सहमति पत्र को संकट के समाधान की दिशा में बड़ा कदम बताया और उम्मीद जतायी कि इससे व्यापक समझौते का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, भविष्य में, हम दृढ़ता से उम्मीद करते हैं कि इस सहमति पत्र को निरंतरता के साथ लागू किया जायेगा, होर्मुज जलडमरूमध्य में मुक्त और सुरक्षित जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित होगी और ईरान के परमाणु मुद्दे व अन्य मामलों पर जल्द से जल्द अंतिम समझौता साकार होगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी इस समझौते का स्वागत किया है और सभी पक्षों से निरंतर राजनयिक प्रयासों के इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया।श्री अल्बनीज ने कहा, ल्लहमें इस बात की खुशी है कि अमेरिका-ईरान के बीच हुए समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता की बहाली की दिशा में कदम शामिल हैं। स्थिति को पूरी तरह सामान्य होने में हालांकि समय लगेगा, लेकिन हमारे क्षेत्र सहित ऊर्ज़ा की कीमतों और अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव को कम करने के लिए इस महत्वपूर्ण गलियारे को बहाल करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा, ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी पुरानी चिंताओं और इससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को पैदा होने वाले खतरे का समाधान करना चाहिए। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सम ने पश्चिम एशिया से बहुत दूर स्थित देशों पर पड़ने वाले इसके आर्थिक प्रभावों का उल्लेख किया और कहा कि इस संघर्ष ने प्रशांत क्षेत्र में व्यापार प्रवाह और ईंधन की लागत को प्रभावित किया था। श्री लक्सम ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने से स्थिर व्यापार मार्गों को बहाल करने, ईंधन की आपूर्ति सुचारू करने और हमारी अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाये रखने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रहा यह समर्थन इन बढ़ती उम्मीदों को दर्शाता है कि यह समझौता व्यापक ढांचे का रूप ले सकता है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रॉक्सी वार और समुद्री सुरक्षा सहित क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं का समाधान करेगा। वित्तीय बाजारों और ऊर्ज़ा विश्लेषकों ने इन घटनाक्रमों पर पैनी नजर रखी है और उनका मानना है कि तेल की आपूर्ति को स्थिर करने और दुनिया भर में मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए होर्मुज को स्थायी रूप से फिर से खोलना बेहद महत्वपूर्ण है। ईरान ने अंतिम बातचीत में शामिल होने से पहले अमेरिका की ओर से ठोस कार्रवाइयों पर जोर देते हुए इस प्रक्रिया को सतर्कतापूर्ण समर्थन देनेका संकेत दिया है। ईरान के कानूनी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने पुष्टि की कि ईरान प्रस्तावित 60 दिनों की वार्ता अवधि को तभी आगे बढ़ायेगा, जब वह यह सत्यापित कर लेगा कि अमेरिका ने शत्रुता समाप्त करने, नाकेबंदी हटाने और ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर दिया है। ईरानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सहमति पत्र को हस्ताक्षर समारोह के बाद सार्वजनिक किया जायेगा। दुनिया भर के नेता जिसे एक दुर्लभ राजनयिक शुरुआत बताकर इसका जश्न मना रहे हैं, वहीं इजरायल ने संकेत दिया है कि वह इस समझौते को अपनी सुरक्षा स्थिति के लिए निर्णायक नहीं मानता है। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने इस समझौते पर सरकार की तरफ से पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया देते हुए घोषणा की कि अमेरिका-ईरान बीच तय की गयी कोई भी व्यवस्था इजरायल की सैन्य संचालन स्वतंत्रता को सीमित नहीं करेगी। श्री बेन-ग्विर ने 'एक्स'पर लिखा, ट्रम्प का यह समझौता हमारे लिए बाध्यकारी नहीं है। अमेरिका के अधीन इजरायल नहीं है और हम स्वतंत्र तथा संप्रभु राष्ट्र हैं। अमेरिका और वहां के राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भी उन्होंने तर्क दिया कि हिजबुल्लाह और ईरान समर्थित अन्य समूहों से मिलने वाले खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए इजरायल को पूरी स्वतंत्रता बनाये रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम इस बात पर जोर देते हैं कि हम अमेरिका से प्यार करते हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आभारी हैं। और फिर भी इजरायल कोई कमजोर देश नहीं है। श्री बेन-ग्विर ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के साथ इजरायल के ऐतिहासिक अनुभवों के चश्मे से अपने विरोध को सामने रखा और तर्क दिया कि विदेशी दबाव में दी गयी रियायतों के सुरक्षा पर अक्सर प्रतिकूल परिणाम हुए हैं। ओस्लो समझौते, 2006 के लेबनान समझौते और गाजा में संयम की अवधियों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, ल्ल हर बार जब हम इजरायल की सुरक्षा की कीमत पर अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुके, तो हमने ब्याज सहित खून की कीमत चुकायी है। उनकी यह टिप्पणी ईरान से जुड़ी वार्ताओं को लेकर अमेरिका-इजरायल संबंधों में लंबे समय से चले आ रहे तनाव को बताता है। इजरायली सरकारों ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं और क्षेत्रीय प्रभाव को अपने अस्तित्व के लिए खतरा माना है और वे अक्सर यह रुख अपनाती रही हैं कि सहयोगियों द्वारा की जाने वाली राजनयिक पहलों की परवाह किये बिना सैन्य तैयारी और स्वतंत्र निवारक क्षमता इजरायल की सुरक्षा नीति का मुख्य आधार बना रहना चाहिए।यह मतभेद अमेरिका-ईरान समझौते के क्रियान्वयन के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में से एक को भी दर्शाता है। इस समझौते को हालांकि इसके संभावित आर्थिक और सुरक्षा लाभों के कारण असाधारण रूप से व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है, लेकिन स्थायी सफलता न केवल अमेरिका-ईरान के इसके पालन पर निर्भर करेगी, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करेगी कि संघर्ष से सीधे प्रभावित होने वाले क्षेत्रीय देश इस राजनयिक प्रक्रिया को अपनाने का विकल्प चुनते हैं या नहीं। फिलहाल के लिए, इस समझौते ने महीनों से बढ़ते तनाव के बाद आशावाद का एक दुर्लभ क्षण पैदा किया है, लेकिन इस समझौते का पालन करने की किसी भी बाध्यता को शुरुआत में ही इजरायल का खारिज कर दिया जाना इस बात की याद दिलाता है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम से स्थायी शांति तक का रास्ता अनिश्चित बना हुआ है, जहां गहरा रणनीतिक अविश्वास इस क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली देशों के समीकरणों को प्रभावित कर रहा है।

## एनसीपीआई का...

कुंडू और उनकी पत्नी शेवली की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वे करीब आठ साल पहले नदिया जिले से यहां आकर बसे थे। सोमवार सुबह से ही इस प्रॉपर्टी के बाहर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात देखी गई। इमारत की एक दीवार पर 'जागो विश्व' लिखा हुआ देखा गया। पार्टी का कहना है कि राज्य में यही उसका रजिस्टर्ड पता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जोड़ा उस प्रॉपर्टी से एक एनजीओ चलाता है और सेल्फ-हेल्प ग्रुप के वर्करों को ट्रेनिंग देता है।

## योग दिवस...

अहम भूमिका निभाता है। जाधव ने कहा, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के समन्वय से विदेश में 210 से ज्यादा भारतीय मिशन दुनियाभर में लगभग 2,500 जगहों पर योग कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह दिखाता है कि कैसे योग भारत की सांस्कृतिक विरासत के रूप में अपनी शुरुआत से आगे बढ़कर स्वास्थ्य के लिए एक साझा वैश्विक आंदोलन बन गया है।

## टेक्नोलॉजी हमारी...

प्रधानमंत्री के साथ भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग को 'व्यापक और रणनीतिक सहयोग' का दर्ज़ा देने पर सहमति जताई है। रॉबर्ट फिको ने कहा, स्लोवाकिया इस बात का स्वागत करता है कि मुक्त व्यापार को लेकर ईयू और भारत के बीच समझौता हुआ है। यह अब तक हुए सबसे बड़े और अहम मुक्त व्यापार समझौतों में से एक है और स्लोवाकिया न केवल इस समझौते का स्वागत करता है, बल्कि इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए सभी ज़रूरी और व्यावहारिक कदम भी उठाएगा। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने कहा, जाहिर है, मैं राजनीतिक स्थिरता का जिक्र किए बिना नहीं रह सकता, जिसका प्रतिनिधित्व आप भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर करते हैं और मैं आपको इस बात के लिए बधाई देता हूं कि आप भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री हैं, क्योंकि इतने मुश्किल माहौल में और इतनी सारी राजनीतिक पार्टियों वाले व्यापक परिवेश में लगातार 12 वर्षों तक बने रहना किसी राजनीतिक चमत्कार जैसा है। मैं आपको इसके लिए बधाई देना चाहता हूं। पीएम ने रविवार के कार्यक्रम की एक अद्भुत और सुखद झलकी साझा की। ये 'महादेव कीर्तन प्रोजेक्ट' का अंश था।44 सेकंड की वीडियो क्लिप में प्रोजेक्ट के सदस्य 'शंभू-शंभू' का जाप करते और विभिन्न वाद्ययंत्रों से समां बांधते देखे जा सकते हैं। प्रधानमंत्री भी उनके साथ ताली बजा कर उत्साहवर्धन करते दिख रहे हैं। जैसे ही प्रस्तुति संपन्न होती है, पीएम ''ओम शांति'' कह कर अभिवादन करते हैं। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने एक पोस्ट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने स्लोवाकिया में भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने वाले इस प्रोजेक्ट की सराहना की और कहा, ''यह पहल भारत और स्लोवाकिया के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को प्रदर्शित करती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने ब्रातिस्लावा में इस समूह का प्रस्तुतीकरण देखा और उनकी कला से प्रभावित हुए। यह देखकर प्रसन्नता हुई कि टीम भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं, संस्कृत मंत्रों और भारत की सांस्कृतिक विरासत से गहराई से प्रेरित है। पीएम मोदी ने समूह के संस्थापक मेरेक जिलिनेक और पूरी टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

# सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## कुंभ की तैयारियों को परखने का बना बड़ा अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर हरिद्वार में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हरकी पैड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मेला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। मेलाधिकारी ने मेला नियंत्रण भवन स्थित केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष (सीसीआर) का निरीक्षण किया व टावर से हरकी पैड़ी और आसपास के घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ के दबाव और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी नेटवर्क, भीड़ निगरानी प्रणाली, ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय व्यवस्था की प्रभावशीलता का मूल्यांकन



किया गया। सोनिका ने कहा कि हरिद्वार के प्रमुख स्नान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आगामी कुंभ मेले की तैयारियों को परखने का महत्वपूर्ण अवसर भी हैं। इन आयोजनों के दौरान वास्तविक परिस्थितियों में व्यवस्थाओं की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जा रहा है, जिससे भविष्य की चुनौतियों का बेहतर अनुमान लगाकर प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि मेला प्रशासन स्नान पर्वों के दौरान जुटाए गए आंकड़ों और अनुभवों का विस्तृत विश्लेषण कर रहा है। विशेष रूप से यह अध्ययन किया जा रहा है कि किन स्थानों और समयों पर सबसे अधिक भीड़ का दबाव बनता है, श्रद्धालुओं की आवाजाही के प्रमुख मार्ग कौन से हैं, आपातकालीन परिस्थितियों में प्रतिक्रिया समय कितना है तथा यातायात संचालन को और अधिक सुगम कैसे बनाया जा सकता है। मेलाधिकारी के अनुसार आगामी कुंभ मेले के लिए तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली, रियल-टाइम क्राउड एनालिटिक्स, उन्नत ट्रैफिक मैनेजमेंट, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत किया जा रहा है। प्रत्येक बड़े स्नान पर्व से प्राप्त फीडबैक को योजनाओं में शामिल कर व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा निर्बाध सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मेला प्रशासन लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहा है ताकि आगामी कुंभ मेले में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, अपर पुलिस अधीक्षक (संचार) विपिन कुमार तथा मेला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीवान को देंगे 415 करोड़ की सौगात

## पपौर में सहयोग शिविर से करेंगे विकास योजनाओं का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार 16 जून को सिवान जिले के पचरुखी प्रखंड अंतर्गत पपौर पंचायत पहुंचेंगे। यहां वे सात निश्चय योजना-3 के तहत आयोजित 'सबका सम्मान, जीवन आसान' सहयोग शिविर में भाग लेंगे तथा जिले को 415.18 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित सहयोग शिविर में शामिल होंगे। इस दौरान वे जिले की कुल 44 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री 178.38 करोड़ रुपये की 18 योजनाओं का शिलान्यास तथा 236.80 करोड़ रुपये की 26 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। कुल मिलाकर 415.18 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास



उनके द्वारा किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 20 स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे। इन स्टॉलों में जीविका, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पंचायती राज, समाज कल्याण, ऊर्जा, परिवहन, सहकारिता, उद्योग, खेल, वन सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री पपौर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी लोगों को देंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की गई है।

# बदरीनाथ-केदारनाथ धाम पहुंचे मुकेश अंबानी बीकेटीसी को 10 करोड़ रुपये का दिया दान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदरीनाथ/केदारनाथ। देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने सोमवार को उत्तराखंड स्थित भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को 10 करोड़ रुपये का दान भी दिया। बीकेटीसी के अनुसार अंबानी ने सबसे पहले बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरीविशाल के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने केदारनाथ धाम में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। दोनों धामों में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर प्रसाद भेंट किया। इस दौरान अंबानी ने बीकेटीसी को बदरीनाथ धाम की व्यवस्थाओं के लिए पांच करोड़ रुपये और केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं के लिए पांच करोड़ रुपये के दो चेक सौंपे। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के प्रति गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुकेश अंबानी ने मंदिर समिति को उदार सहयोग दिया है, जिसके लिए समिति उनकी आभारी है। बदरीनाथ धाम में इस अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, सदस्य धीरज मौनू पंचभैया, रजनीश भट्ट,मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़, पूर्व सीईओ बीडी सिंह, प्रभारी अधिकारी गिरीश चौहान, पूर्व सदस्य भास्कर डिमरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, प्रमोद नौटियाल, भूपेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मुकेश अंबानी का स्वागत किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# सुपौल में शुरू हुआ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का कार्य

## 7154 बीपीएल परिवारों के घरों पर लगेंगे मुफ्त सोलर पैनल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। जिले में गरीब परिवारों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सुपौल के 7,154 बीपीएल परिवारों के घरों की छतों पर 1.1 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। इस योजना का शुभारंभ रविवार को किया गया, जिसके साथ जिले में चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू होने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। पटना स्थित विद्युत भवन से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान 1,512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र की 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण भी हुआ। सुपौल समाहरणालय के लहटन



चौधरी सभागार में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, विद्युत विभाग के अभियंताओं और लाभार्थियों ने भाग लिया। योजना के पहले चरण में सुपौल के सभी 11 प्रखंडों की 55 पंचायतों का चयन किया गया है। इन पंचायतों में जीविका दीदियों की मदद से लाभार्थियों का सर्वेक्षण और सहमति पत्र लेने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। अब चयनित परिवारों के घरों पर चरणबद्ध तरीके से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। 1.1 किलोवाट क्षमता वाला प्रत्येक सोलर संयंत्र प्रतिमाह लगभग 125 यूनिट तक बिजली उत्पादन करने में सक्षम होगा। इससे घरेलू बिजली की जरूरतें पूरी होने के साथ बिजली बिल का बोझ भी कम होगा। योजना के तहत सोलर पैनल की स्थापना का पूरा वित्तीय प्रबंधन केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से किया जाएगा, जबकि सुपौल में इसके क्रियान्वयन और 10 वर्षों तक रखरखाव की जिम्मेदारी मेसर्स ओसवाल पम्प्स लिमिटेड को सौंपी गई है। किशनपुर प्रखंड की राजपुर पंचायत से इसकी शुरुआत की जा रही है, जिसके बाद अन्य चयनित पंचायतों में भी काम आगे बढ़ेगा। करीब 60 हजार रुपये की अनुमानित लागत वाले प्रत्येक संयंत्र पर केंद्र सरकार 33 हजार रुपये और राज्य सरकार 10 हजार रुपये का अनुदान देगी, जबकि शेष राशि एजेंसी द्वारा वहन की जाएगी। योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना, बिजली खर्च कम करना और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। जिला प्रशासन और विद्युत विभाग समयबद्ध तरीके से इसके क्रियान्वयन की दिशा में काम कर रहे हैं।

# मौली जागरां में युवक की हत्या, दोस्त गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के विकास नगर, मौली जागरां में रविवार देर रात को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां नाता नाम से पहचाने जाने वाले एक युवक की हत्या कर दी गई, जबकि उसका दोस्त आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में दहशत में हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 10 से 12 हमलावरों ने दोनों युवकों पर अचानक हमला कर दिया। हमले में नाता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल आकाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# होशियारपुर में नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में एक किशोर गिरफ्तार

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में एक किशोर लड़के को नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने, उसका अश्लील वीडियो बनाने और उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पीड़िता के परिवार द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद स्थानीय पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। मॉडल टाउन पुलिस थाना अंतर्गत आरोपी के खिलाफ पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद औद्योगिक केंद्र पुरहीरा पुलिस थाना द्वारा भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण ( पोस्को) अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# बिहार के सभी भूमिहीन परिवारों को मिलेगी तीन डिसमिल जमीन, जल्द शुरू होगा अभियान बसेरा 3 : दिलीप जायसवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के हर गरीब और वास भूमिहीन परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन यापन के लिए मुफ्त भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। इसी कड़ी में 15 जून से 21 जून 2026 तक पूरे राज्य में अभियान बसेरा-2 के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से शेष सभी पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी बिहार में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनके पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है। इस समस्या के स्थायी



समाधान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अगले दस दिनों के भीतर अभियान बसेरा-3 की शुरुआत की जाएगी। डॉ. जायसवाल ने बताया कि अभियान बसेरा-3 के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों को न केवल मुफ्त जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, बल्कि उन्हें आवासीय योजनाओं से जोड़कर मकान निर्माण की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन परिवारों को उनके निकटवर्ती पंचायत क्षेत्रों में जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे स्थायी आवास का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मंत्री ने श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 13 जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेलों की तैयारियों के लिए कुल 5.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि में भागलपुर श्रावणी मेला के लिए 1.30 करोड़ रुपये, बांका और मुंगेर के लिए एक-एक करोड़ रुपये, लखीसराय के लिए 75 लाख रुपये, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ एवं बाबा दूधनाथ मंदिर मेले के लिए 50 लाख रुपये तथा बेगूसराय के विभिन्न घाटों एवं धार्मिक स्थलों के लिए 30 लाख रुपये शामिल हैं। इसके अलावा जमुई, पूर्णिया और मधुबनी को 10-10 लाख रुपये, वैशाली एवं सारण को 2.50-2.50 लाख रुपये, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर को 5 लाख रुपये तथा जहानाबाद के वानावर श्रावणी मेला के लिए 25 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए यह राशि उपलब्ध कराई गई है।

# वायरल वीडियो की जांच में खुलासा: बच्चे पर पानी डालने वाला व्यक्ति निकला पिता, मानसिक तनाव से गुजर रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक बच्चे पर पानी डालने का वीडियो वायरल होने के बाद पश्चिमी जिला पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति बच्चे का पिता है, जो हाल ही में हुए वैवाहिक विवाद और तलाक के बाद मानसिक तनाव से गुजर रहा है। पुलिस ने बताया कि बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और उसे उसकी मां को सौंप दिया गया है। पश्चिमी जिला पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की तत्काल जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति रघुबीर नगर निवासी अरुण (30) है, जो बच्चे का पिता है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि अरुण हाल ही में हुए वैवाहिक विवाद और तलाक के बाद से व्यक्तिगत और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहा है। उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए परिवार के सदस्यों ने उसे उपचार और देखभाल के लिए एक पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय बच्चे को किसी तरह की शारीरिक क्षति नहीं पहुंची। जांच के दौरान बच्चा सुरक्षित मिला और परिजनों ने उसे उसकी मां के सुपुर्द कर दिया है। पश्चिमी जिला पुलिस ने बच्चे की मां से संपर्क किया है। अधिकारियों का कहना है कि थाने में शिकायत मिलने के बाद मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले वीडियो या संदेशों को बिना सत्यापन के साझा न करें।

# बीमा पॉलिसी रिन्यूअल के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिला साइबर थाना पुलिस ने बीमा पॉलिसी रिन्यूअल के नाम पर लोगों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक संगठित साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख रुपये नकद, 10 मोबाइल फोन, फर्जी बीमा दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांधी नगर निवासी सुनील कुमार रावत (38), राहुल (28), सोनू (37) और शिवम उर्फ मोनू (26) के रूप में हुई है। आरोपितों ने एक वरिष्ठ नागरिक को बीमा पॉलिसी रिन्यूअल का झांसा देकर चार लाख रुपये की ठगी की थी। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने सोमवार को बताया कि 18 मई 2026 को साइबर थाना दक्षिण-पश्चिम में भारतीय न्याय संहिता




(बीएनएस) की धारा 308, 318(4), 319 और 340 के तहत ई-एफआईआर संख्या 235/26 दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि उसे व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को एक वित्तीय कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने संपर्क किया। कॉलर ने शिकायतकर्ता से कहा कि उसकी बीमा पॉलिसी की अवधि समाप्त हो चुकी है और पॉलिसी को सक्रिय रखने के लिए चार लाख रुपये का प्रीमियम तुरंत जमा करना होगा। आरोपितों की बातों में आकर पीड़ित ने बताए गए बैंक खातों में चार लाख रुपये स्थानांतरित कर दिए। इसके बाद आरोपितों ने व्हाट्सएप पर फर्जी बीमा पॉलिसी दस्तावेज भेजकर उसे भरोसे में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर कुलवीर सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच टीम ने मोबाइल नंबरों, डिजिटल फुटप्रिंट, बैंक खातों, वित्तीय लेनदेन और धन के प्रवाह का तकनीकी विश्लेषण किया। साथ ही स्थानीय खुफिया तंत्र और लगातार निगरानी के जरिए आरोपितों तक पहुंच बनाई गई। जांच के दौरान गांधी नगर से सुनील कुमार रावत को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, आपत्तिजनक व्हाट्सएप चैट और ठगी की रकम में से दो लाख रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में सुनील ने खुलासा किया कि राहुल फर्जी सिम कार्ड, बैंक खाते और नकली बीमा दस्तावेज उपलब्ध कराने का काम करता था। सुनील की निशानदेही पर राहुल और सोनू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे फर्जी बैंक खातों की व्यवस्था करते थे, ठगी की रकम का बंटवारा करते थे और नकली बीमा पॉलिसी दस्तावेज तैयार कर पीड़ितों को भेजते थे। आगे की पूछताछ में राहुल ने खुलासा किया कि वारदात में इस्तेमाल किए गए फर्जी सिम कार्ड शिवम उर्फ मोनू उपलब्ध कराता था। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देते थे। गिरोह के सदस्य फर्जी या अनजान लोगों के नाम पर हासिल किए गए सिम कार्ड का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप कॉल करते थे और खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताते थे। वे लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को यह कहकर डराते थे कि उनकी बीमा पॉलिसी समाप्त हो गई है और उसे तत्काल रिन्यू नहीं कराया गया तो पॉलिसी के लाभ बंद हो जाएंगे।

# प्रधानमंत्री के 12 वर्ष: विकसित भारत के संकल्प को मिली नई गति : महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में लगातार 12 वर्ष मिले नेतृत्व में सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उनके मार्गदर्शन में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह बात केबिनेट मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण, 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, 60 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा तथा मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत देश के 16 करोड़ से अधिक घरों तक शुद्ध




पेयजल पहुंचाया गया है। वर्ष 2014 तक देश के केवल पांच शहर मेट्रो नेटवर्क से जुड़े थे, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 26 हो चुकी है। डिजिटल इंडिया अभियान के कारण भारत दुनिया के कुल डिजिटल लेन-देन का लगभग 56 प्रतिशत हिस्सा संभाल रहा है। रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सेमीकंडक्टर निर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड भी विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। राज्य में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ हवाई अड्डों का विकास किया गया है। उड़ान योजना के तहत हेलीपैड की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063